किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 065 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 18 दिसम्बर 2022 http://samajjagran.in पेजः12 मूल्य 05 रुपया

काकोरी के शहीदों की याद में जंगे आजादी की गाथा, गोरखपुर में होगा देश का सबसे बड़ा ड्रोन शो

गोरखपुर. इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में दर्ज काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानियों की याद में देश का सबसे बड़ा ड्रोन शो गोरखपुर में होने जा रहा है. 750 ड्रोन की रंग-बिरंगी आभा में जंगे आजादी की गाथा जीवंत होगी. आजादी के अमृत वर्ष के कार्यक्रमों की कड़ी में यह आयोजन 19 दिसंबर की शाम पांच बजे रामगढ़ताल के सामने स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में होगा. इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ केंद्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और प्रदेश सरकार के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहेंगे.

काकोरी ट्रेन एक्शन के नायकों की याद में प्रदेश सरकार 15 से 19 दिसंबर तक काकोरी बलिदान दिवस समारोह मना रही है. 19 दिसंबर को ही अमर सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल का बलिदान दिवस है. 1927 में इसी तिथि को उन्होंने गोरखपुर जेल में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा था. 750 ड्रोन से होने वाले शो में उनकी शौर्य गाथा स्मरित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी. ड्रोन शो में गुरु गोरक्षनाथ की तपोभूमि पर प्रथम स्वातंत्र्य समर 1857 से लेकर आजादी की तारीख 15 अगस्त 1947 तक के विभिन्न घटनाक्रमों तथा इससे जुड़े क्रांतिवीरों का चित्रमय वर्णन किया जाएगा.

इसमें आकाश में एक साथ 750 ड्रोन के माध्यम से संगीत, लेजर लाइट तथा रंग बिरंगी कलाबाजियों को प्रस्तुत किया जाएगा. अमर शहीद बंधू सिंह, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, ठाकुर रोशन सिंह, चौरीचौरा प्रतिशोध के शताब्दी वर्ष समेत देश को स्वतंत्र कराने में बलिदान देने वाले भारत मां के सपूतों की गाथा से पूरा आसमान रोशन हो उठेगा. गोरखपुर में होने वाला ड्रोन शो देश का अब तक का सबसे बड़ा शो होगा. इसके पहले 20 दिसंबर 2021 को लखनऊ के रेजीडेंसी में 500 ड्रोन के शो से अमर बलिदानियों की शौर्य गाथा का प्रदर्शन किया गया था. आजादी के अमृत वर्ष के आयोजनों की श्रृंखला में गोरखपुर में नया इतिहास रचने की तैयारी है.

-अध्यक्ष रहे हर्ष श्रीवास्तव ने अध्यक्ष बने मो. ताहिर के गले में पहनाया बेल्ट

भव्यता से संपन्न हुआ रोटरी क्लब बलिया का 57वां शपथ ग्रहण समारोह

-क्लब के सभी सदस्यों और मीडियाकर्मियों को को भी किया गया सम्मानित

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ

समाज जागरण, बलिया : भारत ही नहीं पूरी दुनिया में सेवा के क्षेत्र प्रसिद्ध रोटरी क्लब बलिया का 57वां शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार की रात नगर के एक प्रसिद्ध होटल में पूरी भव्यता के साथ आयोजित हुआ। मो. ताहिर ने अध्यक्ष और डा. मुकेश वर्मा ने सचिव पद का ताज ग्रहण किया। आयोजन में रोटरी क्लब के सभी सदस्यों और मीडियाकर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

57वें शपथ ग्रहण समारोह होटल आमुख्य अतिथि रोटरी क्लब 31-20 के मंडलाअध्यक्ष चुने गए लखनऊ से रोटेरियन सुनील बंसल रहे। शपथ ग्रहण समारोह में सत्र 2021-22 में संस्था द्वारा किए गए कार्य को विस्तार से रखा गया। अध्यक्ष रहे हर्ष श्रीवास्तव ने अपने गले से अध्यक्ष का बेल्ट उतारकर मो. ताहिर के गले में डाला। अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर अपनी टीम और भविष्य में समाज सेवा के कार्यों को करने के लिए अपने संकल्प को बताया। कार्यक्रम का संचालन रोटी ने डा. जी प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर जी प्रसाद ने किया रोटरी क्लब लिया और रोटरी के बारे बारे में वरिष्ठ रोटेरियन शैलेंद्र स्वरूप श्रीवास्तव ने विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में लखनऊ से पधारे मंडल अध्यक्ष सुनील बंसल ने बलिया के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं निकट भविष्य में रोटरी मंडल द्वारा रोटी क्लब बलिया को सहयोग करने की सहमति प्रदान की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव डॉ मुकेश वर्मा, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष भाजपा नेता सरिता देवी, अजीत सिंह गोलू, अमिताभ शंकर श्रीवास्तव, विनोद सिंह, सुनील सिंह, अजीत कुमार, रोहित पांडेय, राजेश जायसवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार पप्पू ने किया।

माय बर्थ माय अर्थ के तहत शुभम नें किया 15 पौधारोपण

ई होम्स पनोरमा में खुशी का माहौल,लोगों नें कहा आयुष्मान व यशस्वी भवःशुभम

पूर्णियां । पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये पूर्णियां के हस्ती व रियल एस्टेट के क्षेत्र में बिहार के टॉपर पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा के सुपुत्र चिरंजीवी शुभम का बर्थडे धूम धाम से से मनाया गया ।इस मौके पर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये माय "बर्थ माय अर्थ" श्लोगन को ध्यान में रख शुभम नें अपने हाथों ई होम्स पनोरमा ग्राउंड में 15 पौधारोपण किया बाद में समारोह स्थल पर केक काटा ।बड़े उम्र के लोगों नें पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक बड़े भैया संजीव मिश्रा जी के पुत्र हम सबों के लाडले शुभम को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर आपको स्वस्थ, प्रसन्न एवं सुदीर्घ जीवन प्रदान करें की कामना किया ।शुभम कीमाता कविता मिश्रा व डैडी संजीव मिश्रा नें कहा कि आज मेरा पुत्र शुभम का जन्मदिन है 15 साल पूर्व आज के ही दिन ईश्वर ने पिता बनने का सौभाग्य दिया था उन्हौनें शुभम को आशीष देते हुए कहा कि तुम हमेशा खुश रहो, तुम्हारी कामनाएं हमेशा पूर्ण हो आयुष्मान भवः ।

दुर्गा मंदिर बरवाला में पांच दिवसीय संगीतमय आध्यात्मिक सत्संग का समापन

गुरु जी तेरा पल्ला रूप तेरा रंग वरगा पर झूम उठे श्रद्धालुगण

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : अखिल भारतीय सेवा संघ बरवाला और दुर्गा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गा मंदिर बरवाला में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय आध्यात्मिक सत्संग का समापन हुओ इस पांच दिवसीय सत्संग में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक वेद नारंग, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, वाइस चेयरमैन ताराचंद नलवा, प्रधान मदन गिरधर, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुनीश गोयल, पवन शर्मा व भाजपा नेता रणधीर पनिहार ने शिरकत की मंच संचालन पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा ने कियो इस सत्संग में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संत शिरोमणि बाल योगिनी साध्वी करुणागिरी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष प्रवचन करते हुए कहा कि जिंदगी में कुछ बनना होता है तो बाल्यकाल में ही उसका रंग ढंग अलग होता है सुलझा हुआ व्यक्ति ही बता देता है कि वो जीवन में आगे कुछ बनेगो साध्वी करुणागिरी महाराज द्वारा गाए गए भजन गुरु जी तेरा पल्ला रूप तेरा रंग वरगा पर उपस्थित श्रद्धालुगण झूम उठे इन मुख्य अतिथियों ने साध्वी करुणा गिरी महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया और इन मुख्य अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गयो इस दौरान भंडारा चलाया गयो भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कियो इस अवसर पर प्रधान विक्की रहेजा, पूर्व पार्षद कविता रहेजा, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र सेतिया, संरक्षक केवल कृष्ण आर्य, प्रधान ओमप्रकाश रहेजा, ओ.पी. वधवा, डॉक्टर सुंदर चावला, ओमप्रकाश सेतिया, मास्टर मनोहर लाल रहेजा, धर्मबीर बजाज, दीवान सरदाना, प्रेम प्रकाश, हरीश कथूरिया, महेश, प्रधान गोबिंद नारंग व सौरभ चुघ समेत सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुगण मौजूद रहे

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के 4 साल पूरा होने पर ग्राम पंचायत टिकारी सेवा सहकारी समिति प्रांगण में गौरव दिवस मनाया गया....

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के 4 साल का कार्यकाल पूरा होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तुरी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत टिकारी के सेवा सहकारी समिति के प्रांगण में क्षेत्रीय किसानों मजदूर भाईयों के सम्मान करते हुए स्थानीय निवासियों को राज्य सरकार द्वारा विगत चार साल में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलबिधयों की जानकारी दिया गया।

इसी तरह मस्तुरी ब्लॉक में अनेक गांव पर गौरव दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन व आभारब्लॉक उपाध्यक्ष उदय भार्गव द्वारा व कार्यक्रम में सहयोग ब्लॉक मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी ने किया।

इस गौरव दिवस कार्यक्रम में मस्तुरी विधानसभा के पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष डाक्टर प्रेमचंद जायसी, अ.ज.प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल,जिला पंचायत सभापति कृषि उपज मंडी अध्यक्ष राजमहंत राजेश्वर भार्गव, जिला कांग्रेस युवा नेता अशोक राजवाल,जिला कांग्रेस कमेटी महिला उपाध्यक्ष सुकृता खुटे, जिला किसान उपाध्यक्ष परसराम चंद्राकर,ब्लॉक उपाध्यक्ष उदय भार्गव, जोन अध्यक्ष अमृत राठौर,शाखा प्रबंधक जनराम भार्गव, पूर्व समिति अध्यक्ष कुशवाराम जांगड़े,अन्नू करियारे,विशंभर बादल खुटे,परमेश्वर कुर्रे, राजू सोनी,सुभाष टंडन, विक्रम तिवारी, शोभा राम साहू,मोतीलाल टंडन, बरातू यादव,कृष्ण लाल साहू, सहित स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता,पदाधिकारी, व किसान भाई उपस्थित रहे।

"इंद्रधनुष" अंतरविद्यालय कला प्रतियोगिता का सफल आयोजन

दैनिक समाज जागरण

नोएडा लोकमंच सांस्कृतिक प्रकल्प और नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वधान में "इंद्रधनुष" अंतर-विद्यालय कला प्रतियोगिता का आयोजन चिल्ड्रन पार्क सेक्टर-33 में सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया गया है। इस प्रतियोगिता जिले के 80 स्कूलो के 1500 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को कैनवास पर उतारा और उनकी कला को सिद्धहस्त कलाकारों ने परखने के बाद तीन श्रेणियों आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओ के नामों की घोषणा की. हर श्रेणी में 17 बच्चों संत्वाना पुरस्कार और भाग लेने वाले सभी बच्चो को सर्टिफिकेट दिया गया.

गुलाबी ठंड और मखमली धूप के बीच नोएडा के सेक्टर 33 स्थित चिल्ड्रन पार्क में बच्चों का जमावड़ा सुबह से ही लगना शुरू हो गया था. अवसर था इंद्रधनुष अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता का आयोजन. तीन विभिन्न श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों को अलग-अलग विषय दिए गए थे, जिन पर उन्हें चित्र बनाना था. प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सेक्रेट्री जनरल राज्य सभा योगेंद्रनारायण सिंह ने किया. इस अवसर पर पूर्व आईएएस और नोएडा अथॉरिटी की पूर्व सीईओ देवदत्त, नोएडा अथॉरिटी के एसीईओ मानवेंद्र सिंह और नोएडा अथॉरिटी के उप निदेशक उद्यान आनंद मोहन भी उपस्थित थे.

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना ने कहा कि जो बच्चे प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे वे हमारे देश की आर्थिक रूप से कमजोर पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंधित हैं लेकिन निश्चित रूप से प्रतिभा के मामले में वे किसी से पीछे नहीं हैं. इस अवसर पर एसीईओ मानवेंद्र सिंह ने कहा कि यह भी देखा गया है कि आजकल बच्चे घर से बाहर निकलते नहीं है. आज के इस खुशनुमा माहौल में इतने सारे बच्चों को देखकर कहा जा सकता है कि यह अच्छी पहल है. पूर्व आईएएस और नोएडा अथॉरिटी की पूर्व सीईओ देवदत्त ने कहा कि कोविड-19 मुझे यह पहला आयोजन देखने को मिल रहा है, बच्चे जिसमें बच्चे इतने हंसी खुशी से ऐसी ऐसे सुंदर पार्क में प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, जिसको देखकर मन प्रफुल्लित हो रहा है. राज्यसभा के पूर्व महासचिव योगेंद्र नारायण ने कहा बच्चों में जो निकल कर आए हैं उनकी प्रतिभा आगे लाने का अवसर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में मिलता है.

बच्चों प्रतिभा को सिद्धहस्त कलाकारों आसिफ, लाल बहादुर रत्नाकर, हर्ष लुंबा, लाल बहादुर सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल करणजीत सिंह, प्रतिभा अग्रवाल, प्रीति बजाज, रूप बाथम, कर्नल हजारिका ने परखने के बाद विजेताओ के नामों की घोषणा की. प्रथम ग्रुप में दूसरी कक्षा के छात्र रौनक सिंह को प्रथम, फैजान को द्वितीय और रूप कुमारी को तीसरा स्थान मिला. दूसरे ग्रुप में शगुन गुप्ता को प्रथम, प्रतीक प्रसाद को द्वितीय और अंशिका शुक्ला को तीसरा स्थान मिला. तीसरे ग्रुप में वसुंधरा भारद्वाज प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और शिवम तीसरे स्थान पर रहे. इस-के अलावा 17 बच्चों को संत्वाना पुरस्कार दिया गया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया.

इंद्रधनुष अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विजेता बच्चों को आईएएस और गौतम बुध नगर के पूर्व डीएम एमपी सिंह, आईएएस मेंबर डॉ प्रभात कुमार और नोएडा अथॉरिटी के ओएसडी इंदु प्रकाश ने विजेता बच्चों को पुरस्कार बांटे. इंद्रधनुष अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता के सफल बनाने में महेश सक्सेना, राजेश्वरी नटराजन, इंदिरा चौधरी, आर एन श्रीवास्तव और मुकुल वाजपेयी, विभा बंसल,मनीषा, गौरव,आदि अनेक अध्यापकों ने सहयोग किया.

प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत और अमर्यादित टिप्पणी करने से आक्रोशित भाजपा कार्यकताओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया।

बांसडीह में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में गदहा पर बिलावल भुट्टो के नाम का पोस्टर लगाकर उसे घुमाया गया। भाजपा जनों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी पर बेहद आक्रोशित थे और गदहा को पकड़कर उस पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री के नाम का पोस्टर लगाया और उसको घुमाकर अपना विरोध जताया। भाजपा मण्डल के अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व मे बढ़ते लोकप्रियता से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और वह अब सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने पर उतर आया है। कई बार भारत के द्वारा

पराजित होने के बाद भी वह अपनी हरकत को नही छोड़ रहा है। कहा कि जिस दिन भारत ने मन से निर्णय ले लिया उस दिन पाकिस्तान के नाम का वजूद मिट जायेगा। आयोजित प्रदर्शन में भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुनजी गोड़, राजेश प्रजापति, अमित यादव, सुंदर गुप्ता, आकाश कुमार, अखिलेश तिवारी, राज शर्मा, विकास प्रसाद, राज शर्मा सहित आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

सिविल बार एसोसिएशन के सुधाकर राय अध्यक्ष, रतन जी महासचिव

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। सिविल बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठा परक चुनाव में अध्यक्ष सुधाकर राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजकिशोर यादव, महासचिव रतन जी श्रीवास्तव,कनिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र मोहन सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय दीपक कुमार पांडेय चुने गए। शनिवार को हुए मतदान और मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने परिणामों की घोषणा की।

लगभग एक माह से चल रहे गहमागहमी और चुनावी अभियान के बाद जनपद के सबसे बड़े ,प्रतिष्ठित और नेतृत्वकर्ता बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम आए ।काफी सख्ती के साथ कराए गए चुनाव में 885 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।अध्यक्ष पद पर सुधाकर राय ने 331 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बार के पूर्व अध्यक्ष रहे विरेन्द्र कुमार पांडेय को 82 मतों के अंतर से पराजित कर दिया।इस पद के उम्मीदवार गोपाल जी श्रीवास्तव 224 मत प्राप्त कर तीसरे तथा राजकुमार जायसवाल 79 मत प्राप्त कर अंतिम स्थान पर रहे।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एकतरफा मुकाबले में बृजकिशोर यादव ने अपने प्रतिद्वंद्वी विनोद कुमार गुप्ता को 396मतों से पराजित कर दिया।महासचिव पद पर विजेता रतन जी श्रीवास्तव ने 382 मत प्राप्त किए,जबकि उनके निकटतम रहे रामयश सिंह यादव को 323मत प्राप्त हुए।मुन्ना लाल को 180 मतों से संतोष करना पड़ा। कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम चुने गए चंद्र मोहन सिंह ने सुभाष चन्द्र जोशी को89 तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय चुने गए दीपक कुमार पांडेय ने अपने प्रतिद्वंद्वी अजय सिन्हा को153मतों के अंतर से हराया।

अध्यक्ष पद पर सुधाकर राय की जीत में उनकी अपनी छवि के साथ बार के पूर्व अध्यक्ष बाबू गंगा सिंह, सीबी राय,राजेंद्र नाथ,विजय शंकर पांडेय, पूर्व महासचिव सत्य प्रकाश यादव, अजयवीर यादव,आनंद शंकर कुशवाहा और नवीन कुमार राय की महत्वपूर्ण भूमिका और रणनीति रही।जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता स्वयं प्रकाश राय के चुनावी अभियान ने विजय श्री का वरण कराया। इन रणनीतिकारों के आगे विपक्षी खेमों के चुनावी चक्रव्यूह ध्वस्त हो गए।महासचिव पद पर रतन जी श्रीवास्तव की सक्रियता, विनम्रता तथा मुन्ना लाल के मत विभाजन ने रामयश सिंह यादव को हार की तरफ धकेल दिया।

तानसेन समारोह 2022

संगीत का नशा और तानसेन समारोह

बात 1972 की है।मै बामुश्किल किशोर वय में प्रवेश कर रहा था। पहला मौका था जब पिता की निगेहबानी से दूर किसी शहर में मुझे रहने का मौका मिला था। गांव से पहली बार किसी शहर में मां और भाई -बहन के साथ शहर में रहना था।शहर भी ऐसा जिसका अपना मिजाज था,शोहरत थी, पहचान थी।शहर का नाम था ग्वालियर।

मै ग्वालियर जून में पहुंचा था,शहर को जानने का नशा ऐसा कि पैदल और साइकिल से तमाम गली -कूचे नाप लिए। ग्वालियर का किला देख लिया, तानसेन का मकबरा और रानी लक्ष्मीबाई की समाधि देख ली थी। ग्वालियर की नुमाइश बचपन मे देखने का मौका पहले ही मिल गया था।रह गया था सिर्फ तानसेन समारोह। दिसंबर में पता चला कि उपनगर हजीरा में ये समारोह होता है।

उन दिनों न अखबार बहुत थे और न टीवी,न होर्डिंग।न सिटी बसें।ले देकर तांगे और टेंपो थे। मां समारोह में जाने की इजाजत किसी कीमत पर न देती।सो पड़ोसी समोखन लाल शर्मा का हाथ पकड़ लिया।वे संगीत और सुरा दोनों के प्रेमी थे। मीलों पैदल चल सकते थे।जेसी मिल के लेखा विभाग में थे शायद। शर्मा जी के साथ तानसेन समारोह में पहुंचा तो देखा तानसेन की समाधि के चबूतरे पर फर्श बिछा था, सामने एक छोटे से तंबू में श्रोताओं के बैठने की व्यवस्था थी।हल्की -फुल्की प्रकाश व्यवस्था थी।

समारोह शुरू हुआ। किसने, क्या गाया, बजाया याद नहीं।याद सिर्फ इतना है कि समोखन लाल जी मुझे छोड़कर कलारी (मयखाना) गए तो वापस ही नहीं लौटे।मै सर्दी में ठिठुरता हुआ उनका इंतजार करता रहा।रात के आखरी पहर में समारोह की सभा भी समाप्त हो गई।रात को अकेले घर आ नहीं सकता था सो वहीं बिछात ओढ़कर सो गया। सुबह हुई तो पैदल घर लौटा, मां ने जमकर पीटा,तब समोखन लाल शर्मा ने ही बचाया।

तब से अब तक पचास साल हो गए।एक साल भी ऐसा नहीं गया कि समारोह में न गया होऊं।बाद में शहर में सिटी बसें चलने लगी। समारोह की आखरी सभा के लिए वापसी हेतु बस निशुल्क मिलती थी।चिल्ला जाड़े में श्रोताओं के लिए फर्श के नीचे धान की घास बिछाई जाती थी।बाहर अलाव भी जलता था।समारोह स्थल के बाहर चाट -पकौड़ी के ठेले खड़े मिल जाते थे।बाद में पडौस में रहने वाले पद्मविभूषण पंडित कृष्ण राव पंडित जी से मुलाकात हो गई।सो कभी उनके तांगे पर लटककर तानसेन समारोह में पहुंच ही जाता था।

बाद के वर्षों में समारोह स्थल के पास रहने वाले अपने रिश्तेदारों के यहां रात का डेरा होने लगा क्योंकि तब सभाएं रात के तीन -चार बजे तक चलती थीं।1879 में पत्रकारिता में प्रवेश किया तो समारोह में शामिल होना आसान हो गया।अब आयोजन मप्र के जनसंपर्क विभाग के अधीन था। संगीत प्रेमी भाऊ साहब खिड़वड़कर सर्वे सर्वा थे। बड़े से बड़े संगीतज्ञ से उनका सीधा रिश्ता था उनका। संगीतकार होटल के बजाय किसी स्थानीय संगीतकार या किसी संगीत प्रेमी के घर ठहराए जाते थे।1983 मे जनसत्ता से जुड़ा तो समारोह से रिश्ता और गहरा हो गया क्योंकि जनसत्ता तानसेन समारोह को आधा पृष्ठ तक छापता था।मै अक्सर जनसंपर्क विभाग के उप संचालक श्री भरत चंद नायक को मनाकर समारोह के उद्घाटन सत्र की व्हीसीआर कैसेट रात एक बजे जीटी एक्सप्रेस से जाकर टेलीविजन के दफ्तर पहुंचाता और जनसत्ता में फोटो तथा खबर देता। रविवार, दिनमान जैसी पत्रिकाओं में भी समारोह की मेरी रपटें खूब छपीं।

यही वो दौर था जब सरकार ने समारोह पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया। इससे पहले सरकार पांच हजार रुपए का तानसेन सम्मान देना शुरू कर दिया। तत्कालीन रेल मंत्री माधवराव सिंधिया से अनुरोध कर मप्र सरकार से सम्मान की राशि 50हजार रूपए कराने में सफलता पाई। कालांतर में समारोह जनसंपर्क के बाद संस्कृति विभाग को चला गया। लेकिन मेरा समारोह से एक श्रोता का रिश्ता बना रहा। तानसेन समारोह में ही मुझे पंडित रविशंकर, पंडित भीमसेन जोशी, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, गंगू बाई हंगल,ध्रुपद के सभी शीर्ष गायक, पंडित जसराज, कुमार गंधर्व और न जाने कितने महान कलाकार यहां मिले।

तानसेन समारोह की एक सभा बाद में तानसेन के गांव बेहट में होने लगी। यहां का भी मै नियमित श्रोता,और कयी बार अतिथि भी रहा। मैंने अपने मिलने वालों और परिजनों को भी इस समारोह से जोड़ा। तानसेन की समाधि पर हरिकथा,मीलाद शरीफ में मै न जाऊं ऐसा कभी भी नहीं हुआ।

भाजपा शासन में एक बार तानसेन समारोह का स्थान बदलने की कोशिश की गई,मै अपने मित्रों के साथ धरने पर बैठ गया,तब जाकर सरकार को फैसला बदलना पड़ा। बीते पचास साल में तानसेन समारोह में चार नहीं चालीस चांद लगाए गए हैं।बजट कुछ हजार से अब पचास लाख रुपए तक बढ़ा दिया गया है, लेकिन समारोह की गरिमा पहले जैसी नहीं रही।अब समारोह राजनीति का शिकार है। बावजूद इसके मुझे इस समारोह पर नाज है और मैं मरते दम तक इसका चश्मदीद रहना चाहता हूं।

@राकेश अचल

अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस

अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस प्रत्येक साल 18 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को इस बात के लिए शिक्षित करना है कि हर प्रवासी का सम्मान के साथ व्यवहार करना मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। यह दिन अन्तरराष्ट्रीय प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों और कठिनाइयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। संयुक्त राष्ट्र हर साल सरकारों, संगठनों और इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले लोगों को इस मौके पर आमंत्रित करती है।

प्रवासी कौन हैं?

किसी भी देश का नागरिक जब काम की तलाश में अपने देश को छोड़कर दूसरे देश में जाकर बस जाता है तो उसे प्रवासी कहा जाता है, जैसे- यदि कोई भारतीय नागरिक अमेरिका, सऊदी या किसी और देश में जाकर वहां बस जाता है तो प्रवासी भारतीय कहा जाता है। अमेरिका, चीन, रूस, जापान समेत कुछ ऐसे देश हैं, जहां बड़ी संख्या में दुनिया भर से आए प्रवासी बसते हैं।

इतिहास

18 दिसंबर 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सभी प्रवासी कामगारों के अधिकारों और उनके परिवारों के सदस्यों के संरक्षण पर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन को अपनाया। 4 दिसंबर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दुनिया में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को मान्यता दी और 18 दिसंबर को अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में नामित किया। सितंबर 2016 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शरणार्थियों और प्रवासियों के बड़े आंदोलनों को संबोधित करने के लिए एक उच्च-स्तरीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। शिखर सम्मेलन में अधिक मानवीय और समन्वित दृष्टिकोण के साथ देशों को एक साथ लाने का लक्ष्य था।

महत्वपूर्ण तथ्य

अन्तरराष्ट्रीय प्रवासियों या उनके जन्म के देश के अलावा किसी अन्य देश में रहने वाले लोगों की संख्या साल 2019 में 272 मिलियन तक पहुंच गई थी।

विश्वभर में लगभग 31 प्रतिशत अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी एशिया में, यूरोप में 30 प्रतिशत, अमेरिका में 26 प्रतिशत, अफ्रीका में 10 प्रतिशत और ओशिनिया में 3 प्रतिशत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट ने दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा प्रवासी भारतीय हैं। रिपोर्ट के अनुसार 15.6 मिलियन से अधिक भारतीय विदेश में रहते हैं। वर्ष 2014 से अब तक 5000 से ज्यादा लोग बेहतर जीवन और संरक्षण के लिए जीवन क्षति का सामना कर चुके हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय प्रवास की चुनौतियों का सामना करने, प्रवासियों के अधिकारों को मजबूत करने और धारित विकास में योगदान हेतु वैश्विक समझौते का अंतिम प्रारूप तैयार किया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 18 दिसंबर 1990 को सभी प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों और उनके परिवार के सदस्यों के संरक्षण पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन अपनाया गया।

महासभा ने 4 दिसम्बर 2000 को सम्पूर्ण विश्व में बढ़ते प्रवासियों की संख्या को देखते हुए को 18 दिसंबर को अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।

साल 2013 के अक्टूबर माह में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासन और विकास पर उच्च स्तरीय वार्ता के दौरान विकास हेतु प्रवास के योगदान को पहचानने पर एक घोषणा को अपनाया।

बैठकी

" हाय रे! बिहार की शराबबंदी!"

कॉलबेल की आवाज पर दरवाजा खोला तो मेरे बैठकी के सहभागी खड़े थे! मैं एक ओर हट गया और बारी, बारी हम बैठकखाने में....!

सोफे पर बैठते हीं कुवरजी बोल पड़े ---
"ए सरजी, आज भरे बाजार में अजीब बखेड़ा दिखा! "
वो क्या! --- मास्टर साहब
जानते हैं! लगन का समय है नाच पार्टियों में रोजीरोटी के लिए हर साल,लगभग 50 नर्तकियां, मध्यप्रदेश से इधर आतीं हैं! इनमें से कुछ यहीं स्थानीय नौजवानों से विवाह कर लेतीं हैं! ऐसे हीं एक नाच पार्टी का मालिक रमेश यादव है जो एक साल पहले एक नर्तकी से विवाह किया था! दोनों बीच बजार में फैटा, फाइटी करने लगे! युवती अपने गोद में, दो महिने का एक बच्चा ली थी !लोगों ने छुड़ाया तो पता चला कि दोनों शराब पीये है! नशे में युवती कह रही थी कि अभी तक 1 लाख पन्द्रह हजार, कमा के इस भेड़ुवे को दे चूकी हूँ! आज 1400 रुपये का शराब मैं हीं खरीदी थी! आज एक साल से इसके साथ हूँ और ये कहता है कि ये बच्चा इसका नहीं है!!
खैर, मामला शांत हुआ!

मैं सोंचने लगा कि शराबबंदी को लेकर बर्षों से बिहार सरकार अपनी पीठ थपथपा रही थी लेकिन स्थिति बड़ी नाजुक है! --- -कुंवरजी चुप हुए!

लिजिये, आज चार दिनों से टीवी पर ब्रेकिंग न्यूज चल रहा है कि अपने राज्य- बिहार में छपरा, सिवान, और बेगुसराय में 80 आदमी जहरीली शराब पीने से मर गये! अभी और कितनी जान जायेगी इसका कोई ठिकाना नहीं! --- सुरेन्द्र भाई अफसोस जाहिर करते हुए!

बिहार में शराबबंदी जबसे हुआ है तब से गाँव, शहर में रोजगार का नया धंधा खुल गया है! एक दिन सुरेशवा कह रहा था जो डबलुआ के साथ रहता है कि "ए मास्टर साहब, जानते हैं पुलिस, थाना, नेता सबका चांदी है!"
तो हम पुछे कि कैसे!! तो बताया कि डबलुआ अपना बलेरो में, दारू का पेटी भरके उत्तर प्रदेश के बलिया से पुल से इस पार लेके चला आता है और सप्लाई करता है! पहले नांव से गंगा नदी पार करके पेटी लाता था! तो एक बार पकड़ा गया! लेकिन पुलिस से समझौता हो गया! एक पेटी, पुलिस वाला सब अपने पीने के लिए रख लिया और ले देके छोड़ दिया फिर तो उ बलेरो से दारू का तस्करी करने लगा है! ---मास्टर साहब राज की बात बोले!

इस बीच भतिजा, चाय का ट्रे रख गया और हमलोग एक एक कप उठा लिये!

लिजिये, ये कौन सी बड़ी बात हुई! यहाँ बिहार में आये दिन दस, दस, बीस, बीस लाख की ट्रकों तस्करी के शराब पकड़े जाते रहे हैं! जो भरपूर माल दिया तो पार हो गया नहीं तो खानापूर्ति करने के लिए गाहे बेगाहे पकड़ लिये!2016 से शराबबंदी लागू हुई है और तब से सैकड़ों लोगों की जहरीली शराब पीने से मौतें हो चूकीं हैं लेकिन नितीश सरकार का रवैया बड़ा हीं संवेदनहीन दिख रहा है! --- कुंवरजी नाखुश दिखे!

सुना नहीं आपने, विधानसभा में जब विपक्षी इस पर सवाल उठाये तो नितीश कुमार कितना,आपे से बाहर दिखे! विपक्षी मुआवजा देने की बात किये तो नितीश ने स्पष्ट इंकार कर दिया है! --- सुरेन्द्र भाई भी बोल गये!

ए भाई, जतना शराब पीके मरल हवन अधिकांश गरीब लोग हउअन! बेचारा सब मजदूरी कईके अपना परिवार के पोषे वाला हवन! अब त ओकर बाल बच्चन के का होई! एकरा प नितीशवा नईखे सोचत! -- मुखियाजी दुखी लगे!

मुखियाजी, ये हरामखोर नेता सब गरीब जनता की लाश पर भी राजनीति करने से नहीं चूकते हैं! नितीश और उसका मंत्री सब पड़ोसी भाजपा शासित राज्यों पर इसका दोष मढ़ रहे हैं! अरे जब तुम शराबबंदी लागू किया तब तुम्हारी जिम्मेवारी है न कि बिहार में शराब की आपूर्ति न हो!

सच पुछिये तो बिहार में शराबबंदी एक नौटंकी से अधिक कुछ नहीं! हाँ शराब तस्करी का नया रोजगार जरूर शुरू हो गया! छोड़िये न यहाँ तो गाँव या शहर हर जगह फ्लिपकार्ट और एमाजॉन की तरह शराब की होम डिलीवरी होती है! तो क्या नितीश को या जो सत्ता में बैठे हैं उन्हें पता नहीं है!! वो लोग खुद पीते हैं और पब्लिक में शराबबंदी का गाना गाते हैं! --- मास्टर साहब बल देकर बोले!

देखिये, गरीबों की लाशों और उनके बिलखते बीबी, बच्चों को टीवी पर देखकर तो मन रो देता है! आज दोपहर को मेरा पड़ोसी मुनवा, दारू पीके टंन था पुछने पर की - अरे दारू कहा मिला तो बोला -- मास्टर साहब, आप क्या करेंगे जानकर, वैसे जब चाहें, जितना चाहें दारू मिल जायेगा! अब आपलोग हीं कहिये- कहाँ है बिहार में शराबबंदी!!! हाँ, बेचारा गरीब नशे का आदी, 5 लाख से उपर जरूर जेल की हवा खा लिये हैं! --- मास्टर साहब सुनाये!

अब मेरी सुनिये, शराबबंदी लागू करना कोई बुरी बात नहीं थी लेकिन जिस स्तर पर उसकी सफलता के लिए राज्य सरकार को कदम उठाने की जरूरत थी वैसा नहीं किया गया! सबसे पहले तो ये समझिये कि शराब पीना एक नशे की लत होती है! सरकार को पुरे राज्य में शराब की उपलब्धता न हो इसके लिए समुचित कदम उठाने की आवश्यकता थी जो किया नहीं गया! इसके साथ साथ हर गांव और शहर की डिस्पेंसरी में नशे की लत छूड़ाने संबंधित उपचार की भी व्यवस्था करनी चाहिए थी जो नहीं किया गया! इसकी जगह शराबबंदी को, उपर से लेकर नीचे तक , पुलिस, प्रशासन,राजनीतिज्ञों एवं तस्करों को पैसा कमाने का एक अवसर के रूप में लिया गया! जहाँ शराबबंदी के लिए सरकार को शराब की उपलब्धता न हो इसके प्रति सारे सरकारी अमले को जिम्मेवार बनाने पर जोर देने के बजाय 5 लाख से अधिक पिअक्कड़ों को जेल की हवा खिलाये! ठीक उसी तरह जिस तरह सरकार,सिंगल युज प्लास्टिक को लेकर आम आदमी को जुमार्ना और जेल का प्रवधान कर रही है!
अजी सिंगल यूज प्लास्टिक बनाने वाली कंपनी या फैक्ट्री को बंद करो! आम आदमी को सजा देकर, डराने की क्या जरूरत है!!! --- मैं भी बहस में शामिल होते हुए!

अच्छा सरजी, मान लिया कि जहरीली शराब पीने वाले, कानून का उल्लंघन किये लेकिन यहाँ सरकार के इकोसिस्टम का फेलियोर होना भी तो साबित होता है तो ऐसी स्थिति में कल्याणकारी सरकार के मुखिया की जगह पर रहते हुए नितीश कुमार का ये कहना कि- शराब तो मरने के लिए हीं पीया जाता है! कितना खेदजनक है! गरीब के मौत के बाद उसकी बीबी और अनाथ बच्चों का क्या दोष है!!! ये चूंकि सरकारी सिस्टम का फेल होना साबित करता है अतः मरने वालों के परिवार को क्षतिपूर्ति तो सरकार को देनी हीं चाहिए! -- सुरेन्द्र भाई ने जायज तर्क रखा!

बिहार में शराबबंदी लागू होने से पहले तो हजारों करोड़ के राजस्व को चूना लगा दुसरे दो नंबर का धंधा शुरू हुआ, तीसरे- सैकड़ों लोगों की जहरीली शराब से मौतें हुई! हजारों बच्चे यतीम हो गये! जबकि कल हीं उत्तर प्रदेश के अबकारी मंत्री पत्रकार से वार्ता में कह रहे थे कि हमारे राज्य को शराब पर टैक्स से हजारों करोड़ की वसुली के साथ साथ , 2022 में अब तक शराब पीने से कोई मौत नहीं हुई है! --- पारस नेता बहुत देर बाद मुंह खोले!

ए सरजी, शराबबंदी कोई बुरी बात नहीं लेकिन लागू करने के साथ साथ उससे जुड़े हर पहलूओं का पहले अध्ययन आवश्यक होता है! जो बिहार सरकार ने नहीं किया जिसका दुष्परिणाम बिहारवासी भोग रहे हैं! लेकिन ऐसे दारुण घटनाओं पर सियासी ड्रामेबाजी भी लोकतंत्र के लिए बहुत हीं दुखद स्थिति है! अच्छा, अब चला जाय! --- कहकर कुंवरजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी...!

प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री), डी एस एस वी, कॉलेज सिमरी, बक्सर, बिहार

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने नई चुनौती' जनवरी 25 में होंगे आम चुनाव'

ब्रिटेन की समाचार न्यूज एजेंसी के अनुसार ब्रिटिश इतिहास के 127 साल में 42 वर्षीय ऋषि सुनक सबसे युवा प्रधानमंत्री बने हैं और उन्हें बोरिस जॉनसन तथा लीज ट्रस के इस्तीफे के बाद विरासत में प्रधानमंत्री का पद प्राप्त हुआ है। कोविड-19 के समय ऋषि सुनक ने वित्त मंत्री रहते हुए ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति को वहां के उद्योगपतियों तथा पर्यटन, होटल एजेंसी के साथ मिलकर काफी हद तक संभाल कर रखा था। अब ब्रिटेन की खराब अर्थव्यवस्था का भारी-भरकम बोझ ऋषि सुनक के कंधे पर आ गया है। खराब अर्थव्यवस्था ऋषि सुनक के लिए आगामी आने वाले जनवरी 2025 को आम चुनाव में बड़ी परेशानी का सबब बन सकता है। ऋषि सुनक को आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए ट्रबल शूटर की हैसियत से प्रधानमंत्री बनाया गया था। ब्रिटेन की एक सर्वे न्यूज एजेंसी सावंता द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार अपनी कंजरवेटिव पार्टी को वर्तमान में मजबूत बनाने के लिए काफी कवायद करनी पड़ सकती है क्योंकि सर्वे ने बताया है कि सुनक अपनी ब्रिटेन की संसदीय सीट को आम चुनाव में गंवा सकते हैं क्योंकि कुछ महीने पहले की घटनाक्रम में पहले लिस ट्रस से पिछड़ने और फिर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद ऋषि सुनक के सामने नई नई मुसीबतें सामने आई है। ब्रिटेन में आम चुनाव 2025 में आयोजित हैं और कंजरवेटिव पार्टी की छवि खराब नजर आ रही है। सर्वे एजेंसी सावंता के अनुसार यह सर्वे में ऋषि सुनक अपनी ब्रिटेन की संसदीय सीट को आम चुनाव में खो सकते हैं क्योंकि विपक्ष की लेबर पार्टी को प्रधानमंत्री के सत्तारूढ़ कंजरवेटरी से बहुत ज्यादा अंक प्राप्त हुए हैं। सावंत के प्रवक्ता के अनुसार लेबर पार्टी 314 सीटों के बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हो सकती है। यार्क शायर ऋषि सुनक का निर्वाचन क्षेत्र है अपनी निर्वाचन सीट तथा लिंकनशायर के उत्तर में अन्य सभी सीटों सहित रूढ़िवादी लगभग 300 सीटें गंवा सकते हैं। ब्रिटेन की न्यूज एजेंसी सावंता के 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक किए गए सर्वे के अनुसार 6300 नागरिकों बातचीत के आधार पर एक विस्तृत डाटा तैयार किया गया है। सर्वे में लेबर पार्टी कंजरवेटिव पार्टी पर बढ़त दिखाई गई है जिसके परिणाम स्वरूप ऋषि सुनक को आने वाले समय में सत्ताधारी दल की बढ़त को बढ़ाएं रखने में और कंजरवेटिव पार्टी की किस्मत को बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि सत्तारूढ़ कंजरवेटिव यानी टोरी पार्टी की लोकप्रियता धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऋषि सुनक को खराब अर्थव्यवस्था विरासत में मिलना भी एक बड़ा कारण हो सकता है। हालांकि ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी यानी टोरी पार्टी वर्ष 2010 ब्रिटेन की सत्ता में काबिज है और 4 बार आम चुनाव में जीत हासिल कर चुकी है। 4 बार जीतने के बाद भी अब कंजरवेटिव पार्टी की पकड़ ब्रिटिश नागरिकों पर कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। ऋषि सुनक युवा है और अच्छे अर्थशास्त्री भी, अब देखना यह है कि ऋषि सुनक चुनाव की चुनौती को किस तरह अपनी पार्टी के हक में दिशा दे पाते हैं कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था बहुत निचले स्तर पर पहुंच गई है बेरोजगारी तथा महंगाई तथा पेट्रोल, डीजल, बिजली के दाम तब तक की चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं। ब्रिटिश गवर्नमेंट की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए बैलेंस आफ ट्रेड और उत्पादन को 2 साल में तेजी से विकसित करना होगा। कोविड-19 के काल में ब्रिटेन को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था पर अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए तत्कालीन वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने वहां के उद्योगपतियों, पर्यटन तथा होटल उद्योग को विकसित कर कोविड-19 काल में वित्तीय स्थिति को काफी सहारा दिया था। अब ऋषि सुनक के सामने अनेक चुनौतियां आ गई है ऋषि सुनक को न सिर्फ लेबर पार्टी से चुनौती मिल रही है बल्कि उन्हें अपनी पार्टी के सांसदों का 100% समर्थन भी प्राप्त नहीं हो रहा है। ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बने रहने के साथ-साथ उन्हें अपनी पार्टी की लोकप्रियता को बढ़ाने में अपनी पार्टी के सांसदों का विश्वास मत भी हासिल करना होगा तब जाकर आगामी 2025 जनवरी को सत्तारूढ़ पार्टी यानी कंजरवेटिव पार्टी चुनाव में जीत हासिल कर सकेगी। ब्रिटिश न्यूज एजेंसी और सर्वे एजेंसी सावंत के अनुसार कंजरवेटिव पार्टी धीरे-धीरे लोकप्रियता में कमजोर होती जा रही है और लेबर पार्टी ने अभी से चुनाव अभियान का आगाज कर दिया है, फल स्वरूप ऋषि सुनक के सामने आर्थिक व्यवस्था बेरोजगारी महंगाई और चुनाव की बड़ी चुनौती सामने आ गई है ऐसे में ऋषि सुनक ब्रिटेन के शक्तिशाली जुझारू और संघर्षशील प्रधानमंत्री रहकर अपनी पार्टी का सही नेतृत्व कर जीत दिला पाते हैं या नहीं यह भविष्य तय करेगा। इसके अलावा रूस यूक्रेन युद्ध मैं यूक्रेन का साथ देना भी एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। इसमें ब्रिटेन को यूक्रेन को आर्थिक मदद के साथ सामरिक मदद भी करनी होगी। क्योंकि ब्रिटिश जनता यूक्रेन के साथ हमदर्दी अब तक रखते आई है।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

जयशंकर प्रसाद

जयशंकर प्रसाद (जन्मः 30 जनवरी, 1889, वाराणसी, उत्तर प्रदेश - मृत्युः 15 नवम्बर, 1937) हिन्दी नाट्य जगत और कथा साहित्य में एक विशिष्ट स्थान रखते हैं।[1] कथा साहित्य के क्षेत्र में भी उनकी देन महत्त्वपूर्ण है। भावना-प्रधान कहानी लिखने वालों में जयशंकर प्रसाद अनुपम थे।

जन्म

जिस समय खड़ी बोली और आधुनिक हिन्दी साहित्य किशोरावस्था में पदार्पण कर रहे थे उस समय जयशंकर प्रसाद का जन्म सन 1889 ई. (माघ शुक्ल दशमी, संवत 1946 वि.) वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ था।[2] कवि के पितामह शिव रत्न साहु वाराणसी के अत्यन्त प्रतिष्ठित नागरिक थे और एक विशेष प्रकार की सुरती (तम्बाकू) बनाने के कारण 'सुँघनी साहु' के नाम से विख्यात थे। उनकी दानशीलता सर्वविदित थी और उनके यहाँ विद्वानों कलाकारों का समादर होता था। जयशंकर प्रसाद के पिता देवीप्रसाद साहु ने भी अपने पूर्वजों की परम्परा का पालन किया। इस परिवार की गणना वाराणसी के अतिशय समृद्ध घरानों में थी और धन-वैभव का कोई अभाव न था। प्रसाद का कुटुम्ब शिव का उपासक था। माता-पिता ने उनके जन्म के लिए अपने इष्टदेव से बड़ी प्रार्थना की थी। वैद्यनाथ धाम के झारखण्ड से लेकर उज्जयिनी के महाकाल की आराधना के फलस्वरूप पुत्र जन्म स्वीकार कर लेने के कारण शैशव में जयशंकर प्रसाद को 'झारखण्डी' कहकर पुकारा जाता था। वैद्यनाथधाम में ही जयशंकर प्रसाद का नामकरण संस्कार हुआ।

शिक्षा

जयशंकर प्रसाद की शिक्षा घर पर ही आरम्भ हुई। संस्कृत, हिन्दी, फारसी, उर्दू के लिए शिक्षक नियुक्त थे। इनमें रसमय सिद्ध प्रमुख थे। प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों के लिए दीनबन्धु ब्रह्मचारी शिक्षक थे। कुछ समय के बाद स्थानीय क्वीन्स कॉलेज में प्रसाद का नाम लिख दिया गया, पर यहाँ पर वे आठवीं कक्षा तक ही पढ़ सके। प्रसाद एक अध्यवसायी व्यक्ति थे और नियमित रूप से अध्ययन करते थे।

पारिवारिक विपत्तियाँ

प्रसाद की बारह वर्ष की अवस्था थी, तभी उनके पिता का देहान्त हो गया। इसी के बाद परिवार में गृहक्लेश आरम्भ हुआ और पैतृक व्यवसाय को इतनी क्षति पहुँची कि वही 'सुँघनीसाहु का परिवार, जो वैभव में लोटता था, ऋण के भार से दब गया। पिता की मृत्यु के दो-तीन वर्षों के भीतर ही प्रसाद की माता का भी देहान्त हो गया और सबसे दुर्भाग्य का दिन वह आया, जब उनके ज्येष्ठ भ्राता शम्भूरतन चल बसे तथा सत्रह वर्ष की अवस्था में ही प्रसाद को एक भारी उत्तरदायित्व सम्भालना पड़ा। प्रसाद का अधिकांश जीवन वाराणसी में ही बीता था। उन्होंने अपने जीवन में केवल तीन-चार बार यात्राएँ की थी, जिनकी छाया उनकी कतिपय रचनाओं में प्राप्त हो जाती हैं। प्रसाद को काव्यसृष्टि की आरम्भिक प्रेरणा घर पर होने वाली समस्या पूर्तियों से प्राप्त हुईं, जो विद्वानों की मण्डली में उस समय प्रचलित थी।

बहुमुखी प्रतिभा

प्रसाद जी का जीवन कुल 48 वर्ष का रहा है। इसी में उनकी रचना प्रक्रिया इसी विभिन्न साहित्यिक विधाओं में प्रतिफलित हुई कि कभी-कभी आश्चर्य होता है। कविता, उपन्यास, नाटक और निबन्ध सभी में उनकी गति समान है। किन्तु अपनी हर विद्या में उनका कवि सर्वत्र मुखरित है। वस्तुतः एक कवि की गहरी कल्पनाशीलता ने ही साहित्य को अन्य विधाओं में उन्हें विशिष्ट और व्यक्तिगत प्रयोग करने के लिये अनुप्रेरित किया। उनकी कहानियों का अपना पृथक और सर्वथा मौलिक शिल्प है, उनके चरित्र-चित्रण का, भाषा-सौष्ठव का, वाक्यगठन का एक सर्वथा निजी प्रतिष्ठान है। उनके नाटकों में भी इसी प्रकार के अभिनव और श्लाघ्य प्रयोग मिलते हैं। अभिनेयता को दृष्टि में रखकर उनकी बहुत आलोचना की गई तो उन्होंने एक बार कहा भी था कि रंगमंच नाटक के अनुकूल होना चाहिये न कि नाटक रंगमंच के अनुकूल। उनका यह कथन ही नाटक रचना के आन्तरिक विधान को अधिक महत्त्वपूर्ण सिद्ध कर देता है।

कविता, नाटक, कहानी, उपन्यास-सभी क्षेत्रों में प्रसाद जी एक नवीन 'स्कूल' और नवीन जीवन-दर्शन की स्थापना करने में सफल हुये हैं। वे 'छायावाद' के संस्थापकों और उन्नायकों में से एक हैं। वैसे सर्वप्रथम कविता के क्षेत्र में इस नव-अनुभूति के वाहक वही रहे हैं और प्रथम विरोध भी उन्हीं को सहना पड़ा है। भाषा शैली और शब्द-विन्यास के निर्माण के लिये जितना संघर्ष प्रसाद जी को करना पडा है, उतना दूसरों को नही।

आरम्भिक रचनाएँ

कहा जाता है कि नौ वर्ष की अवस्था में ही

जयशंकर प्रसाद ने 'कलाधर' उपनाम से ब्रजभाषा में एक सवैया लिखकर अपने गुरु रसमयसिद्ध को दिखाया था। उनकी आरम्भिक रचनाएँ यद्यपि ब्रजभाषा में मिलती हैं। पर क्रमशः वे खड़ी बोली को अपनाते गये और इस समय उनकी ब्रजभाषा की जो रचनाएँ उपलब्ध हैं, उनका महत्त्व केवल ऐतिहासिक ही है। प्रसाद की ही प्रेरणा से 1909 ई. में उनके भांजे अम्बिका प्रसाद गुप्त के सम्पादकत्व में "इन्दु" नामक मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ। प्रसाद इसमें नियमित रूप से लिखते रहे और उनकी आरम्भिक रचनाएँ इसी के अंकों में देखी जा सकती हैं।

संस्करण

शुद्ध भारती स्वयं प्रभो समुज्वला, स्वतंत्रता पुकारती

अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ प्रतिज्ञा सोच लो
प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढे चलो बढे चलो

असंख्य कीर्ति रश्मियाँ, विकीर्ण दिव्य दाह
सी सपूत मात्रभूमि के, रुको न शूर साहसी

अराती सैन्य सिन्धु में, सुवाढ़ वाग्नी से
जलो प्रवीर हो जयी बनो, बढे चलो बढे चलोकालक्रम के अनुसार 'चित्राधार' प्रसाद का प्रथम संग्रह है। इसका प्रथम संस्करण 1918 ई. में हुआ। इसमें कविता, कहानी, नाटक, निबन्ध सभी का संकलन था और भाषा ब्रज तथा खड़ी बोली दोनों थी। लगभग दस वर्ष के बाद 1928 में जब इसका दूसरा संस्करण आया, तब इसमें ब्रजभाषा की रचनाएँ ही रखी गयीं। साथ ही इसमें प्रसाद की आरम्भिक कथाएँ भी संकलित हैं। 'चित्राधार' की कविताओं को दो प्रमुख भागों में विभक्त किया जा सकता है। एक खण्ड उन आख्यानक कविताओं अथवा कथा काव्यों का है, जिनमें प्रबन्धात्मकता है। अयोध्या का उद्धार, वनमिलन, और प्रेमराज्य तीन कथाकाव्य इसमें संग्रहीत हैं। 'अयोध्या का उद्धार' में लव द्वारा अयोध्या को पुनः बसाने की कथा है। इसकी प्रेरणा कालिदास का 'रघुवंश' है। 'वनमिलन' में 'अभिज्ञानशाकुन्तलम' की प्रेरणा है। 'प्रेमराज्य' की कथा ऐतिहासिक है। 'चित्रधार' की स्फुट रचनाएँ प्रकृतिविषयक तथा भक्ति और प्रेमसम्बन्धिनी है। 'कानन कुसुम' प्रसाद की खड़ीबोली की कविताओं का प्रथम संग्रह है। यद्यपि इसके प्रथम संस्करण में ब्रज और खड़ी बोली दोनों की कविताएँ हैं, पर दूसरे संस्करण (1918 ई.) तथा तीसरे संस्करण (1929 ई.) में अनेक परिवर्तन दिखायी देते हैं और अब उसमें केवल खड़ीबोली की कविताएँ हैं। कवि के अनुसार यह 1966 वि. (सन 1909 ईसवी) से 1974 वि. (सन 1917 ईसवी) तक की कविताओं का संग्रह है। इसमें भी ऐतिहासिक तथा पौराणिक कथाओं के आधार पर लिखी गयी कुछ कविताएँ हैं।

रचनाएँ

प्रसाद जी की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है-

कामायनी

कामायनी महाकाव्य कवि प्रसाद की अक्षय कीर्ति का स्तम्भ है। भाषा, शैली और विषय-तीनों ही की दृष्टि से यह विश्व-साहित्य का अद्वितीय ग्रन्थ है। 'कामायनी' में प्रसादजी ने प्रतीकात्मक पात्रों के द्वारा मानव के मनोवैज्ञानिक विकास को प्रस्तुत किया है तथा मानव जीवन में श्रद्धा और बुद्धि के समन्वित जीवन-दर्शन को प्रतिष्ठा प्रदान की है।

सहायक अभियंता बनने पर राजीव को किया गया सम्मानित

कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड की विशनपुर गांव निवासी दुर्गी प्रसाद के पुत्र राजीव कुमार ने सहायक अभियंता की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उसे यूपीपीएससी द्वारा आयोजित सहायक अभियंता की परीक्षा में सामान्य वर्ग में 8वीं रैंक प्राप्त हुई है। उसकी प्रारंभिक पढ़ाई

महंथ रामधनपुरी इंटर स्कूल बुधौली में हुई। एनआइटी पटना से उसने बीटेक एवं जामिया इस्लामिया नयी दिल्ली से एमटेक की है। उसकी सफलता पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में शिक्षकों ने उसे बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस बीच राजीव ने विद्यालय के छात्रों को सफलता के टिप्स बताये। इस अवसर पर प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन कुमार आर्य, मदन मोहन प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

शराब के नशे में तीन लोग गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता पकरीबरावां (नवादा)। शनिवार को पकरीबरावां पुलिस ने वाहन जांच के दौरान शराब के नशे में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कठोकरि गांव निवासी दासो यादव के पुत्र गोरेलाल यादव एवं पकरीबरावां थाना क्षेत्र के सुदनपुर गांव निवासी शंकर यादव के पुत्र सूरज यादव एवं दर्शन मांझी के पुत्र हरिश्चंद्र मांझी को शराब के नशे मे गिरफ्तार किया गया है। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

औरंगाबाद के भिन्न भिन्न थानों में लगा जनता दरबार

समाज जागरण , आलोक शर्मा , जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 17 दिसम्बर 2022 :- औरंगाबाद जिले के भिन्न भिन्न थानों में आज शनिवार को सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार जिले के पौथू , रफीगंज , दाउदनगर सहित सभी थानों में जनता दरबार लगाकर भूमि बिवाद को सुलझाने का

प्रयास किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी सहित राजस्व कर्मचारी भी मौजूद रहे तथा दोनों पक्षों का समस्या को सुना गया तथा समस्या का सामाधान करने का प्रयास किया गया।

जहानाबाद उपभोक्ता आयोग में राज्य आयोग पटना के निर्देश पर लगाया गया लोक अदालत

दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से बरुण कुमार

जहानाबाद : जिला उपभोक्ता आयोग में राज्य आयोग पटना के निर्देश पर लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन आयोग के अध्यक्ष प्रेम रंजन मिश्रा ने सदस्य अरविंद कुमार सिंह, एव विभा कुमारी सिन्हा के उपस्थिति में किया, इस लोक अदालत में दो मामले का समझौता के आधार पर किया गया, जिसमे एक मुकदमा आई सी आई सी आई जेनरल इंश्योरेंस द्वारा चार लाख नब्बे हजार पर समझौता का चेक पीड़िता ग्राम सुल्तानपुर निवासी

शंकर कुमार को दिया गया, और दूसरे मामले में दुकानदार द्वारा शिकायत कर्ता को समझौता के आधार पर 1900 रू दिया गया।

अध्यक्ष ने बताया कि इस तरह का लोक अदालत आगे भी होता रहेगा। वही दूसरी ओर आज मध्यस्ता केंद्र का उद्घाटन भी अध्यक्ष द्वारा फीता कटकर, सदस्यो के साथ किया गया।

उन्होंने बताया कि आयोग में पांच मध्यस्थ की नियुक्ति की गई है, जिसमे, अधिवक्ता अखिलेश कुमार सिंह, विनीता कुमारी, रंगनाथ शर्मा, राजीव कुमार पांडेय एव सामाजिक कार्यकर्ता विनीता सिन्हा है। ये सभी इस अवसर पर उपस्थित थे।

ज्ञात हो को जिला उपभोक्ता आयोग में जो भी नया शिकायत की जाएगी उसे प्रतिवादी की उपस्थिति के वाद पहले मध्यस्थता हेतु मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाएगा।

इस अवसर पर अधिवक्ता रामध्यान प्रसाद, अनिल कुमार मिश्रा, श्यामबिहारी शर्मा, अधिवक्ता रितेश कुमार सिन्हा, दीपांकर रंजन, कर्मी सिंपू कुमारी, सुबोध कुमार दीपक कुमार, अवधेश कुमार, राहुल रंजन, अजीत कुमार, अजय शर्मा, संजीव कुमार, नईमुद्दीन के साथ काफी संख्या में अधिवक्ता एव पछकार उपस्थित थे।

स्वतंत्रता सेनानी के पुण्यतिथि मौके पर गरीबों के बीच वितरित किया गया कंबल व साड़ी

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-ज्वाला प्रसाद सिंह वेलफेयर ट्रस्ट वारिसलीगंज के तत्वावधान में शनिवार को देश को आजादी दिलाने में अपनी जवानी झोंकने वाले प्रखर सह स्वतंत्रता सेनानी अपसढ़ पंचायत के पूर्व मुखिया ज्वाला प्रसाद सिंह की 42वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र के बाईपास स्थित जेपीएस आईटीआई के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक अरुणा देवी, उप प्रमुख अरुणा देवी, नप कार्यपालक पदाधिकारी जया, साहित्यकार रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर, डॉ गोविंद जी तिवारी तथा अखिलेश्वर सिंह ने मंच की शोभा बढ़ाया। इस क्रम में अतिथियों का

स्वागत आईटीआई के निदेशक सह ज्वाला बाबू के पुत्र अपसढ़ पंचायत के मुखिया राजकुमार तथा सेनानी के पौत्र ई निरंजन कुमार के द्वारा किया गया।इस दौरान क्षेत्र से पहुंचे करीब 300 वृद्ध दिव्यांगों को मुखिया के हाथों कंबल और साड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर ने किया, जबकि संचालन शिक्षाविद डॉ गोविंद जी तिवारी एवं शिक्षक नेता रवि कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आगत अतिथियों द्वारा पहले ज्वाला बाबू के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया बाद में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके जेपीएस आईटीआई के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। पूर्व में आयोजित सुपरटेन प्रतियोगिता में सफल छात्र- छात्राओं को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार तन्नू प्रिया, द्वितीय अविनाश कुमार तथा तृतीय राम कुमार समेत कुल 10 लोगों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पत्रकार को बुके, कलम, डायरी तथा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।मौके पर विधायक अरुणा देवी, नगर के कार्यपालक पदाधिकारी जया कुमारी, उप प्रमुख अरुणा देवी, शाहपुर के सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेशवर कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र प्रसाद सिंह, वयोवृद्ध नेता अजय कुमार तिवारी, ई राम सकल सिंह, अपसढ़ के उपसरपंच रामबरन सिंह, भाजपा नेता प्रियरंजन श्रीनिवास, अनिल यादव, युगल किशोर सिंह, मिथिलेश पासवान, मिथिलेश प्रसाद सिंह तथा पैक्स अध्यक्ष कौशल किशोर सिंह आदि लोग मौजूद थे। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवो से पहुंचे निर्धन, दिव्यांग एवं वृद्ध महिला व पुरुषों को कंबल दिया गया। मौके पर वक्ताओं ने क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन में ज्वाला प्रसाद सिंह के महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की।

बिहार मे शराबबंदी पूर्ण रूप से विफल हैं:-भाजपा

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

अरवल भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जिला कार्यालय अरवल में जिला बैठक भारद्वाज गिरी जी के अध्यक्षता में किया गया इस बैठक में प्रदेश मंत्री शीला प्रजापति एवं किसान मोर्चा प्रदेश के महामंत्री दीपक शर्मा एवम जिला प्रभारी सीडी शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री शीला प्रजापति ने कहा की प्रदेश में शराबबंदी नीति पूर्ण रूप से विफल रही है । जहरीली शराब से अभी तक 100 से ज्यादा संख्या मृतकों की पार कर चुकी है मृतक के परिवारों पर पहाड़ टूटा है मृतक के परिवारजनों को सरकार के द्वारा मुआवजा की राशि उपलब्ध कराई जाए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रसादी इंग्लिश बाजार में पैदल मार्च कर नीतीश कुमार का पुतला दहन का कार्यक्रम किया इस अवसर पर पा किसान मोर्चा के महामंत्री दीपक शर्मा ने कहा कि 40 हजार करोड़ का नुकसान प्रत्येक वर्ष बिहार को हो रहा है प्रत्येक साल जहरीली शराब पीने से हजारों मौतें ,विगत छह वर्ष में चार लाख गरीबों

को जेल जाने के बाद भी शराबबंदी की समीक्षा मुख्यमंत्री को करनी चाहिए भाजपा तो पूर्ण शराबबंदी का समर्थन करती है लेकिन गरीबों की लाश पर नहीं नीतीश कुमार पूर्ण शराबबंदी कानून को लागू करने में विफल रही है सरकार की विफलता एवं नाकामी के कारण शराबबंदी से पुलिस प्रशासन के लोगों को 10 हजार करोड़ से अधिक अवैध कमाई करने एवं गरीबों को प्रताड़ित करने की खुली छूट दे रखी है उन्होंने कहा कि सारण में मरने वालों की संख्या 100 से ऊपर हो चुकी है और नीतीश सरकार आंकड़े छुपाने तथा अपने कुकर्म को ढकने में लगी है जहरीली शराब से मौत हुई है और गरीबों के ऊपर विपत्ति का पहाड़ टूट गया है उन्हें हर हाल में प्रत्येक परिवार को 10 लाख मुआवजा मिलना चाहिए इस मौके पर भाजपा स्वच्छता अभियान के प्रदेश संयोजक सच्चिदानंद न्यूज जिला महामंत्री श्रीकांत शर्मा चंद्रभूषण चंद्रवंशी शंकर सतेन्द्र राय प्रवक्ता भास्कर गौरव कुमार युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष माधव कुमार अति पिछड़ा के जिलाध्यक्ष कन्हैया चंद्रवंशी हरेंद्र नारायण मनीष ब्रम्हार्सी,सोल्डी शर्मा मंडल अध्यक्ष रघुवेन्द्र कुमार समेत सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे

नगर निकाय चुनाव रविवार को, प्रशासनिक तैयारियां पूरी

समाज जागरण , आलोक शर्मा , जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 17 दिसम्बर 2022 :- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा औरंगाबाद जिले के सभी 05 नगर निकायों के चुनाव हेतु कल दिनांक 18 दिसंबर 2022 को 7:00 बजे पूर्वाहन से लेकर 5:00 अपराह्न तक मतदान प्रक्रिया निर्धारित की गई है। औरंगाबाद जिले के सभी 5 नगर निकायों में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कार्य समाप्त संपादित कराने हेतु संपूर्ण जिला को 16 जोन एवं 7 सुपर जोन में विभक्त किया गया है। इन 16 जोन में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।इसी क्रम में आज दिनांक 17 दिसंबर 2022 को जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक, कांतेश कुमार मिश्रा द्वारा सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, पीसीसीपी पार्टी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा दोनों अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एवं सभी सुपरजोनल एवं जोनल मजिस्ट्रेट को

मतदान के दौरान क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान चिकित्सा व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन द्वारा एक एंबुलेंस जिसमें चिकित्सक दल एवं संबंधित स्टाफ प्रतिनियुक्त होंगे, को जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त किया गया है। जो आवश्यक मेडिसिन कीट एवं मेडिकल उपकरणों के साथ उपस्थित रहेंगे। बताया गया किइस दौरान हर जोनल दंडाधिकारी के साथ 01 पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जो किसी भी स्तर से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करेंगे एवं गश्ती दल दंडाधिकारी के साथ मतदान के दिन लगातार संपर्क बनाए रखेंगे तथा शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान प्रक्रिया का संचालन सुनिश्चित कराएंगे।इस ब्रीफिंग में सहायक समाहर्ता शुभम कुमार, अपर समाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा, प्रेक्षक सुबोध कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मंजू प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, एसडीपीओ स्वीटी सहरावत एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार मलखम का नेतृत्व करेगा औरंगाबाद का लाल।

समाज जागरण, विजय कुमार सिंह, संवाददात्ता कुटुम्बा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- खेलों इंडिया यूथ गेम्स में मलखम प्रतियोगिता में बिहार का नेतृत्व करने के लिए चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत बलिया अंतर्गत गंगहर गांव निवासी विजय कुमार सिंह के पुत्र विवेक कुमार का चयनित होना, औरंगाबाद जिले के लिए गौरव की बात है। मलखम एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा पटना मलखम सेंटर बेली रोड में 16 दिसंबर 2022 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पूरे बिहार से आए 72 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिलेक्शन कमेटी के द्वारा उच्चतम प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में बालक वर्ग से पटना निवासी अभिषेक कुमार एवं औरंगाबाद जिला निवासी विवेक कुमार तथा बालिका वर्ग से पटना निवासी रिमझिम कुमारी एवं नालंदा निवासी कुमारी सुप्रिया का चयन किया गया है।

खेल महानिदेशक रविंद्र शंकरन ने बताया कि खेलो इंडिया गेम्स 31 जनवरी से 11 फरवरी तक चलेगा। 12 दिन तक चलने वाले खेलो इंडिया गेम्स की 27 खेल प्रतियोगिताओं में कुल 6000

खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर ,मांडला, महेश्वर और बालाघाट शहर में 23 जगहों का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि बिहार मलखम एसोसिएशन खिलाड़ियों की कला को निखारने के लिए कैंप लगाकर ट्रेनिंग देगी। मलखम एसोसिएशन आफ बिहार के राज्य सचिव प्रवीण मिश्रा ने कहा कि बिहार के खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार पदक जीतने के उद्देश्य से उतरेगा और खिलाड़ी पूरे देश में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

मलखम एसोसिएशन की जिला सचिव योगेंद्र भूषण ने कहा कि यहां प्रतिभा की कमी नहीं है परंतु जिला स्तर पर खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं का घोर अभाव है। इस विषय पर जिला के अधिकारियों से बात करने पर सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। हमारे पास कुशल प्रशिक्षक और बेहतरीन प्रतिभाएं हैं परंतु सुविधाओं के अभाव में प्रतिभाएं धूमिल पड़ जाती है। अब तो बस यही उम्मीद है कि खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन से अधिकारियों का ध्यान खेल क्षेत्र की ओर आकृष्ट हो जाए।

अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी द्वारा जरासंध महाराज का अपमान करना घोर निंदनीय: मनोज कुमार चंद्रवंशी

जहानाबाद से वरुण कुमार
दैनिक समाज जागरण

जहानाबाद : अटॉर्नी जनरल ने 5 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायलय में चर्चा के दौरान कथित तौर पर कहा था कि जिस तरह से जरासंध को टुकड़े-टुकड़े करके फेंक दिया गया था। उसी तरह से जाली नोटों को फेंक देना चाहिए।

मनोज कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि अटॉर्नी जनरल को शायद ज्ञात नहीं है कि सम्राट जरासंध महान शिवभक्त एवं महादानी थे, ब्राह्मण और अतिथि सेवक थे। यही कारण था कि भगवान श्री कृष्ण महाराज जरासंध के राज में प्रवेश करते समय ब्राह्मण का रूप धारण कर लिए थे। उन्हें पता था कि जब तक वह ब्राह्मण रूप में है तब

तक महाराज जरासंध उनको किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचा पाएंगे और उनकी हर मनचाहे वरदान को सहर्ष स्वीकार कर लेंगे। सम्राट जरासंध अपने परम शत्रु को सामने पाकर भी अतिथि देवो भव धर्म का पालन किया।

मनोज कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि उनके लिए अमर्यादित बयान देना अटार्नी जनरल को शोभा नहीं देता। अटॉर्नी जनरल की टिप्पणी से देशभर में पूरा चंद्रवंशी समाज आक्रोषित है और इसकी घोर निंदा होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि अटॉर्नी जनरल को इस कृत्य के लिए माफी मांगना चाहिए। इस अभद्र आचरण के लिए अटॉर्नी जनरल को उनके पद से हटाये जाने पर भी विचार करना चाहिए और ऐसा ठोस कदम उठाना चाहिए ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृति नहीं हो सके।

कल नगर निकाय चुनाव के दिन बंद रहेगा वाहनों का परिचालन, दुकान भी बंद रखने की अपील, यातायात व्यवस्था में हुआ परिवर्तन

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 को मतदान के दिन यानी 18 दिसम्बर को यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। इस दिन आवश्यक सेवा की वाहनों को छोड़कर प्रायः सभी वाहन बंद रहेगी। यह व्यवस्था नगर परिषद नवादा, वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत रजौली के लिए किया गया है। मतदान के दिन संबंधित क्षेत्रों में दुकानों को भी बंद रख कर लोकतंत्र का महापर्व त्योहार के रूप में मनाने की अपील जिला प्रशासन द्वारा की गई है।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद ने बताया कि नवादा नगर परिषद क्षेत्र के अन्तर्गत कुल 7 स्थलों पर चेकिंग प्वाइंट बनाया गया है, जिसमें सूरज पेट्रोल पम्प नवादा, मस्तानगंज पेट्रोल पम्प नवादा, सद्भावना चौक, कोनिया पर और कादिरगंज नया थाना के पास चेक पोस्ट बनाया गया है। सभी स्थलों पर अधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस व्यवस्था को सुचारू ढंग संचालन कराने के लिए प्रतिनियुक्त अधिकारियों को कई आवष्यक निर्देश दिया गया है।इसी प्रकार नगर परिषद वारिसलीगंज में वाघीबरडीहा मोड़, दौलतपुर पेट्रोल पम्प के पास, बासोचक पावर ग्रीड के पास, वारिसलीगंज-बरबीघा पथ पर चिरैंया गांव के पास,वारिसलीगंज-नवादा पथ पर गोपालपुर गांव के पास तथा वारिसलीगंज-पकरीबरावां पथ पर मालीचक गांव के पास वाहन चेक पोस्ट का निर्माण किया गया है, जबकि नगर पंचायत रजौली के अन्तर्गत वाहन चेकिंग व वोर्डर सिलिंग के लिए 6 स्थलों पर वाहन जांच के लिए चेक पोस्ट बनाये गए हैं। इसमें मुख्य रूप से रजौली-सिरदला पथ पर पेट्रोल पम्प के पास, सिमरकोल मोड़ रजौली अनुमंडल कार्यालय के पास, भुसड़ी मोड़, महसई गांव के अंतिम छोर पर, बौढ़ीकला रोड तथा शिवाला पर वाहनों को सघन जांच के लिए चेक पोस्ट बनाये गए हैं।

किसानों के हितों के रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी भारतीय जनता पार्टी:-भास्कर कुमार

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

अरवल कृषि पदाधिकारी के उदासीन रवैया से किसानों को काफी मुश्किलों एवं परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । बीज वितरक के मनमानी एवं कृषि विभाग अरवल के कर्मियों के द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है, कृषि कर्मी एवं बीज वितरक के मिलीभगत से किसानों को प्रखंड कृषि कार्यालय कई कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी बीज वितरक के द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है बीज से वंचित होना पड़ रहा है ।अवैध रूप से बीज को अधिक पैसा लेकर बिचौलिया को दिया जा रहा है जिस किसान को मसूर की जरूरत है उसे गेहूं और जिसे गेहूं के जरूरत

है उसे चना देने की बात किया जा रहा है इस मनमानी के खिलाफ जिला पदाधिकारी को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए एवं किसानों के हितों की रक्षा करनी चाहिए। किसान भाइयों को ससमय एवम आसान तरीके से उचित मूल्य पर बीज उपलब्ध कराए कृषि विभाग के पदाधिकारी ऐसा नहीं करने पर भारतीय जनता पार्टी किसानों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से सड़क पर आंदोलन करेगी। बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है सारे पदाधिकारी बेलगाम हो गए है अफसर साही चरम पर है सरकार से जनता त्रस्त दिख रही है महागठबंधन की नियत और नियति स्पष्ट दिख रही है इनकी सरकार किसान मजदूर विरोधी है।समय आने पर बिहार एवम् अरवल की जनता इन्हे नकार देगी।

चुनाव को लेकर नगर पंचायत देव में फ्लैग मार्च ,रविवार को होगा मतदान।

समाज जागरण, वीरेंद्र यादव ,जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के नगर पंचायत देव में चुनाव को लेकर देव थाना के एसआई एचएन राम एवं देव सीआरपीएफ कैंप के इंस्पेक्टर जुग्गी लाल राय के नेतृत्व में कई जवान के साथ देव में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च देव नगर पंचायत के तिलौता बीघा गांव के साथ-साथ पूरे देव नगर पंचायत में भ्रमण की । बता दे की नगर पंचायत देव में 18

दिसंबर को वोटिंग और 20 दिसंबर को परिणाम घोषित होगा। इसको लेकर शुक्रवार की शाम से ही सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार प्रसार बंद कर दिए थे। फ्लैग मार्च के दौरान सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर ने कहा कि सभी मतदाताओं से अपील है कि आप लोग 18 दिसंबर को निर्भीक होकर अपने बूथ तक पहुंचे और वोटिंग करें। क्योंकि पुलिस का नजर उपद्रवियों और असामाजिक लोगों पर है। आप लोग शांतिपूर्ण माहौल में वोटिंग करें।

रियासत पवई गांव के सैकड़ों महादलित परिवार देव अंचल कार्यालय पहुंचा।

समाज जागरण, वीरेंद्र यादव, जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के पवई पंचायत व बेढना पंचायत के पचौखर गांव से सैकड़ों भूमिहीन महादलित परिवार अचानक देव अंचल कार्यालय में पहुँचे और देव अंचल कार्यालय में पहुंचकर अपने हक और अधिकार की मांग करने लगे। सभी ग्रामीण महादलित परिवार से थे।

मुन्नी देवी ने बताया कि सीओ साहब नोटिस देकर हमलोगों को अपने

मकान को खाली करने की बात कहे है जबकि हम लोगों को कोई स्थान चिन्हित नहीं किया गया है और ना ही हम लोगों के कोई आवास दी गई है, अगर मकान खाली कर देते हैं तो हम लोग इस ठंड में कहां गुजर-बसर करेंगे, इसी समस्या को लेकर हम लोग देव अंचल कार्यालय पहुंचे हैं और अंचल अधिकारी से मिलकर अपनी समस्या को बताने आए हैं। बटन पासवान, विकास कुमार, रवि कुमार, मुन्नी देवी, गीता देवी, रविंद्र पासवान, नवाब पासवान, मुनारिक पासवान, ऐसे सैकड़ों की संख्या में महादलित परिवार पहुंचे थे।

औरंगाबाद में पुलिस के दोहरी नीति व मापदंड से पुलिस के गुड़ पुलिसिंग पर सवालिया निशान।

समाज जागरण , आलोक शर्मा , जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 17 दिसम्बर 2022 :- औरंगाबाद जिले में पुलिस के दोहरी नीति व मापदंड से पुलिस के गुड़ पुलिसिंग पर सवालिया निशान लग चुका है और.नगर निकाय चुनाव के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस के दोहरी नीति एवं मापदंड जिले के प्रशासनिक व्यवस्था को सलालों के कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि नगर निकाय के चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान देव में नगर निकाय के चुनाव लड रहे गुड्डू चंद्रबंशी एवं सुनील सिंह का डीजे बजता हुआ प्रचार वाहन को देव पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया था वहीं चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नबीनगर में एक प्रत्याशी ने अपने सैंकड़ों समर्थकों द्वारा प्रचार वाहन में डीजे बांधकर नवीनगर थाना के मुख्य प्रवेश द्वार पर चुनाव का प्रचार प्रसार व प्रदर्शन किया गया और पुलिस खड़े होकर देखते रही। ।

औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक और जिला वासियों के समक्ष यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि औरंगाबाद में गुड़ पुलिसिंग है या पुलिस का दोहरा चरित्र है? आखिर जिला वासियों के बीच दिलों दिमाग में यह सलाल कौंधता रहा है और सभी अपने सवाल का जबाव पुलिस अधीक्षक से वह भी मीड़िया के माध्यम से जानना चाहते है। क्या सवालों का जबाब पुलिस कप्तान द्वारा दिया जायेगा या फिर जिला वासियों के दिलों दिमाग में यह सवाल कौंधते रहेगा?

औरंगाबाद जिले में पुलिस का दोहरा

चरित्र का मामला इन.दिनो सुर्खियों में है और हमेशा पुलिस के दोहरे चरित्र पर सवाल उठते रहता । हाल के दिनों में गुड़ पुलिसिंग का धज्जी उड़ते लोग देखते रहे हैं।

बता दें कि बालू के अवैध उत्खनन और शराब कारोबारियों के विरुद्ध कुछ थाना में पुलिस द्वारा कार्रवाई किया जाता है तो कुछ थानों के इर्द-गिर्द दिन के उजाले में भी नदी से निर्भीकता पूर्वक लोग बालू के अवैध उत्खनन करते है ।

कारोबारियों के समक्ष या तो पुलिस प्रशासन बौना साबित हो रही है पुलिस अप्रत्यक्ष रूप से कारोबारियों को संरक्षण दे रही है। आखिर पुलिस का दोहरा चरित्र अथवा मापदण्ड जिले में कब तक देखा जाएगा और कब तक लोग चुप्पी साधे रहेगें यह सवाल भी जनमानस के बीच कौंध रहा है।

औरंगाबाद जिले के पुलिस कप्तान के नेतृत्व में जिले में होने वाले मासिक अपराध गोष्ठी और अपराध गोष्ठी में दिए गए पुलिस अधीक्षक का आदेश महज रुटीन वर्क है या पुलिस अधीक्षक का आदेश बेअसर साबित हो रहा है? यह सवाल मीडिया की सोच से भी परे हो चुके हैं।

जिला मुख्यालय में दिन के उजाले में शहर के अति व्यस्त इलाका कर्मा रोड में चंद माह पूर्व अपराधियों द्वारा एक महिला को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करना, आए दिन जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हत्या, लूट , चोरी और छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में है लेकिन पुलिस अधीक्षक इसे नियंत्रित करने में असफल और बेअसर साबित हो रहे हैं आखिर क्यों यह भी आम लोगों के बीच एक अबुझ पहेली बना हुआ है। आखिर जिले में अपराध अपराध के बढ़ते ग्राफ एवं अवैध कारोबार , संपदा की लूट के पीछे किसकी हाथ है और जिले के प्रशासन मौन किस कारण से है और इसके लिए जबादेह कौन हैं, यह सवाल लोग मीड़िया से पुछते हैं।

जहानाबाद नेहरू युवा क्लब की ओर से संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दैनिक समाज जागरण
जहानाबाद से बरुण कुमार

जहानाबाद के मखदुमपुर नेहरू युवा केंद्र जहानाबाद के तत्वाधान में मखदुमपुर में शनिवार को संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के अलग-अलग खेलो के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वर्षा कुमारी ने 200 मीटर महिला रनिंग में फर्स्ट पुरस्कार हासिल किया।वही स्वीटी कुमारी ने द्वितीय पुरस्कार पाया, वहीं पुरूष दौड़ प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार ने १२३ पुरुस्कार पाया तो वहीं सतीश कुमार ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता में आर्मी युवा क्लब मखदुमपुर विनर घोषित हुई तो वही डार्क 11 युवा क्लब रनर रहीं। वहीं इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश चैंपियन मनोज पहलवान शामिल हुए। इस दौरान

उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरू युवा केंद्र हमेशा से ही युवाओं को एक नई दिशा एक सकारात्मक सोच और राष्ट्र के प्रति समर्पण और और युवाओं को नई उर्जा प्रदान करने का हमेशा प्रयास किया है। इसी बीच हमारे मखदुमपुर युवा खेल मंत्रालय के स्वयंसेवक राहुल कुमार विकास के सानिध्य में आज यह कार्यक्रम को सफल किया गया और उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र हमेशा से सभी ग्रामीण इलाकों के प्रतिभावी युवाओं को हमेशा एक बड़ा मंच दिया है। और आगे भी भविष्य में यह काम करता रहेगा। इस दौरान मखदुमपुर एलओसी एकेडमी के संस्थापक शैलेंद्र सर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस बीच पूर्व एनवाईवी विवेकानंद एवं संजय पासवान और डकरा पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया।

प्रतितोष आयोग कार्यालय में लोक अदालत का आयोजन कर विभिन्न वादों का किया गया निष्पादन।

समाज जागरण

संवाददात्ता, औरंगाबाद (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- औरंगाबाद समाहरणालय स्थित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कार्यालय में न्याय सबके लिए लोक अदालत का आयोजन शुक्रवार को किया गया ' जिसमें विभिन्न वादों का सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया ' इस संबंध में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग औरंगाबाद के अध्यक्ष संजय कुमार व सदस्यों में बद्रीनारायण सिंह एवं मुस्तरी खातून ने संयुक्त रूप से मीडिया को भेंटवार्ता के दौरान कहा कि शुक्रवार के दिन 11:00 दिन से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कार्यालय में विभिन्न वादों का निष्पादन सुनवाई कर किया गया ' उन्होंने आगे कहा कि निष्पादन योग वादों की प्रकृति, सुलहनीय ,वाद उपभोक्ता न्यायालय से संबंधित 5 मामलों का निष्पादन सुनवाई करते हुए किया गया ' इस दौरान उपस्थित होने वालों में अधिवक्ता ,वरिष्ठ नागरिक एवं ग्रामीण जनता उपभोक्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे '

नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को ले एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-18 दिसम्बर 2022 रविवार को होने वाले वारिसलीगंज नगर परिषद चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बलों द्वारा वारिसलीगंज बाजार सहित नप क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च किया गया। एसडीपीओ, थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा, पुलिस निरीक्षक संजीव कुमार तथा पकरीबरावां के सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार समेत काशीचक, पकरीबरावां थाना के अधिकारी व स्थानीय पुलिस ने बाजार के विभिन्न पथों व मुहल्लों में फ्लैग मार्च किया।

बताते चले कि नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण में 18 दिसम्बर को वारिसलीगंज नप के 50 बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न करवाने की अपील शहरी क्षेत्र के लोगों से किया गया। चुनाव सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होना है। चुनाव में एकल पद चेयरमैन पद से

कुल 14 तथा उप चेयरमैन के छह सहित नगर के 25 वार्डो के लिए कुल 100 उम्मीदवार चुनाव मैदान में खड़े हैं। कुल मिलाकर विभिन्न पदों के 125 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला नप के करीब 36 हजार मतदाता करेंगे। चुनाव को लेकर वारिसलीगंज बाजार में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। चौक-चौराहो पर वाहनों की सघन चेकिंग की व्यवस्था की गई। नगर परिषद क्षेत्र के श्री गणेश बीके साहू इंटर विद्यालय परिसर में चुनाव कर्मियों को बीडीओ सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा नियुक्ति पत्र तथा चुनाव से संबंधित सभी सामग्री एवं निर्धारित राशि दिया गया, हलांकि पैसा वितरण के दौरान मतदान कर्मियों में कुछ अफरा तफरी मचा रहा। मतदान कर्मियों द्वारा डीएम से शिकायत करने की बात कहने पर सभी को राशि का भुगतान की गई।

बूथों पर रवाना होने से पहले डीएम व एसपी ने मतदान कर्मियों को स्वच्छ, निष्पक्ष व भयमुक्त बातावरण में मतदान कराने का पढाया पाठ

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-जिले के तीन नगर निकाय में 18 दिसम्बर को होने वाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी उदिता सिंह तथा एसपी डॉ गौरव मंगला ने षनिवार को जिला मुख्यालय स्थित कन्हाई इंटर विद्यालय नवादा में से पीसीसीपी, सेक्टर, जोनल, सुपर जोनल के अधिकारियों को संयुक्त रूप संबोधित किया। उन्होंने नगर पालिका आम निर्वाचन 2022 को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए उपस्थित प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। डीएम ने मतदान कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ईवीएम को रिसिव करने के बाद सीधे अपने मतदान केन्द्र पर जाएंगे, किसी भी स्थान जैसे होटल, ढावा तथा चाय-पान की दुकान पर नहीं रूकेंगे, ऐसा करने पर आपके उपर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि अज्ञानताबश ही लापरवाही होती है, आप सजग और सतर्क रहें। उन्होने कहा कि आप सभी को एक ए० दिया गया है, जिसे आपलोग इंस्टौल कर लें। उन्होने कहा कि नवादा नगर परिषद क्षेत्र में 44 वार्ड, वारिसलीगंज में 25 तथा नगर पंचायत रजौली में 14 वार्ड है। मतदान ईवीएम के माध्यम से तीनों पदो के लिए अलग-अलग ईवीएम से मतदान कराया जायेगा, जिसमें मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड मेंबर का निर्वाचन होना है। निर्वाचन पदाधिकारी ने पीसीसीपी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कर्तव्य और दायित्वों का ससमय निर्वहन करना

सुनिश्चित करेंगे। यह निर्वाचन प्रक्रिया काफी संवेदनशील है, इसलिए सजग और सतर्क रहकर कर्तव्यों का अनुपालन करेंगे। ईवीएम केएलएस कॉलेज से प्राप्त कर सीधे अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर जाकर प्रजाइडिंग को हस्तगत करायेंगे एवं मतदान की समाप्ति के उपरान्त सीधे केएलएस कॉलेज में लाकर रिसिविंग करायेंगे। इस अवधि के बीच कहीं भी नहीं रूकेंगे। ईवीएम सुबह 3 बजे से 5बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों तक पहुंचायेंगे। तीन-तीन मतदान केन्द्रों पर एक पीसीसीपी बनाया गया है। मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से 5 बजे तक निर्धारित है। 7 बजे के पूर्व सभी प्रजाईडिंग, मॉकपोल अवश्य करा लेंगे। पीसीसीपी स्टैटिक्स होकर अपने बूथ के अंदर और बाहर गहन निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता अधिक है, इसलिए लागातार निगरानी करते रहेंगे। किसी मतदान केन्द्र पर ईवीएम खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित गति से उसे रिप्लेस करेंगे। ईवीएम मशीन केएलएस कॉलेज में जमा होने के उपरान्त ही पीसीसीपी ओर सेक्टर दंडाधिकारी अपना स्थान छोड़ेंगे। उन्होंने जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06324-212261 सभी दंडाधिकारियों को मोबाइल में सेव करने का निर्देश दिया। सभी 247 मतदान केन्द्रों पर 5 स्तरीय सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। जोनल दंडाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि ससमय पहुंचकर विधि-व्यवस्था का संधारण करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान के समय अपने-अपने क्षेत्रों में गष्ती करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के अंदर धारा 144 लागू रहेगा। कोई भी उम्मीदवार अपना तम्बू नहीं लगायेंगे और भीड़ ईकट्ठा नहीं करेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष से भी लागातार सभी मतदान केन्द्रों पर पैनी नजर रहेगी। एसपी डॉ गौरव मंगला ने सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लगातार सक्रिय रहकर मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ और निष्पक्ष ढ़ंग से सम्पन्न करायेंगे। सभी चेक प्वाइंट पर लागातार सभी गाड़ियों को जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावे क्यूआरटी, मोटरसाईकिल पुलिस एवं विशेष पुलिस दल का गठन किया गया है, जो मतदान शुरू होने के पूर्व से ईवीएम मशीन के जमा होने तक लागातार सक्रिय रहेंगे। वहीं दुसरी ओर जिला निर्वाचन पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देशानुसार डीडीसी दीपक कुमार मिश्रा ने इंटर विद्यालय, रजौली में पीसीसीपी, सेक्टर और जोनल दंडाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी ढ़ंग से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गयी है। सभी मतदान केन्द्रों पर 5 स्तरीय सुरक्षा रहेगी। उन्होंने सेक्टर दंडाधिकारियों को और पीसीसीपी को निर्देश दिया कि मतदान समाप्ति के उपरान्त ईवीएम मशीन केएलएस कॉलेज नवादा में सीधे जाकर रिसिविंग करायेंगे। मौके पर अपर समाहर्त्ता उज्वल कुमार सिंह, प्रशिक्षु आइएस सह सहायक समाहर्त्ता अपूर्वा त्रिपाठी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता मो मुस्तकीम, सदर एसडीओ उमेश कुमार भारती, सदर एसडीपीओ उपेन्द्र प्रसाद तथा डीपीआरओ सत्येन्द्र प्रसाद के अलावा सभी जोनल सेक्टर एवं पीसीसीपी दंडाधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

माफियाओं ने बिहार के मगध प्रमंड़ल में समानांतर अर्थव्यवस्था कायम कर लिया है – डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज

समाज जागरण ,विश्वनाथ आनंद, जिला संवाददात्ता,गया

गया (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- शासन- प्रशासन के लाख दावों के बावजूद भी मगध प्रक्षेत्र में शराब, ड्रग, बालू, पत्थर, खनन ,शिक्षा और चिकित्सा में लगे धंधेबाजों का सम्राज्य चल रहा है और भ्रष्ट नेताओं एवं अफसरों के गठजोड़ से बेलगाम और निरंकुश होकर किसी के घर का चिराग बुझाने का तो किसी के घर का सुहाग उजाड़ने के लिए अपराधियों को पालने , पोसने का ठेका अधिकांश बालू, पत्थर, खनन माफियाओं ने ले रखा है और अपराधियों के आड़ में बड़े पैमाने पर सरकारी राजस्व को लूट रहे है। राजस्व की क्षतिपूर्ति करने के लिए सरकार ने नगरीय एवं ग्रामीण जनता पर टैक्स का भारी बोझ लाद दिया गया है। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। यहां न तो महंगाई दूर करने पर ध्यान है, न बेरोजगारी , और ना ही समुचित शिक्षा चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करने की चिंता है। विधि व्यवस्था न्याय -प्रणाली की स्थिति भी भगवान भरोसे है।

प्राइवेट स्कूल, कॉलेज , शिक्षा , चिकित्सा के धंधे में लगे लोग कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। कृषि एवं सिंचाई की स्थिति दिन-प्रतिदिन अत्यंत ही दयनीय होती जा रही है। ऐसे में समाज संचालन का भार लिए बुद्धिजीवियों, जागरूक नागरिकों ,

समाजसेवियों एवं देश के भविष्य युवा पीढ़ियों को आगे आकर इस गंभीर विषय पर विचार करने की आवश्यकता है ' इसके लिए चुप्पी उचित नहीं है।

मगध प्रमंडल में पांव पसारे शराब, ड्रग के अलावे बालू और खनन माफियाओं और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध आवाज उठाने की आवश्यकता है जिसे शासन और प्रशासन के द्वारा गठजोड़ करके संरक्षण दे दिया गया है। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज अधिवक्ता, निदेशक भारद्वाज ज्योतिष शिक्षा-शोध संस्थान ने कहीं

उन्होंने आगे कहा कि सचिव कौटिल्य मंच के बयानों का शहर के गणमान्य लोगों ने खासकर बुद्धिजीवियों ने युवाओं में बड़ी संख्या में समर्थन किया है जिसमें प्रमुख लोगों में आचार्य पंडित राधा मोहन मिश्र,पंडित बालमुकुंद मिश्रा, शिवचरण डालमिया संरक्षक कौटिल्य मंच,अशोक कुमार यादव, डॉ रमेश कुमार, अरुण कुमार मुकेश गौड, अशोक शर्मा, अधिवक्ता दीपक पाठक, समाजसेवी अपराजिता मिश्रा, ममता गुप्ता, अधिवक्ता सिद्धनाथ मिश्रा, रंजीत पाठक, कुमार रवि यादव दिलीप यादव मोहम्मद सद्दाम राजीव लाल गुर्दा, डॉ पूजा आनंद, रवि भूषण पाठक भारतीये, रंजना पांडे, अजय मिश्रा सुनील कुमार यादव, डोली कुमारी मेघा मिश्रा मांडवी गुर्दा शंभू गुर्दा रीना पासवान, नीलम पासवान,मालती देवी, कविता राऊत, विश्वजीत चक्रवर्ती का नाम शामिल है '

जहरीली शराब बेचने वाले मौत के सौदागरों तथा इसमें सलिप्त सभी लोगो को फांसी हो – कांग्रेस

समाज जागरण ,विश्वनाथ आनंद, जिला संवाददात्ता, गया।

गया (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बाबजूद सारण, सिवान, बेगूसराय में अभी तक जहरीली शराब पीने से 73 लोगो की मौत तथा कई अस्पताल में जीवन -मौत के लिए संघर्ष करने की हृदयविदारक घटना के लिए दोषी लोगो को फांसी की सजा देने की मांग कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता ने किया है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, मिथिलेश कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, रामाश्रय सिंह, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, मो समद, असरफ इमाम, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, मनीषा सिंह, सुनील कुमार राम, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, आदि ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जहरीली शराब से मरने वालों के परिवारों के चीख ,पुकार, दहाड़ से बिहारवासी काफी मर्माहत एवम

चिंतित है तथा राज्य के आम आवाम, मानवाधिकार जैसी संस्था जहरीली शराब बेचने वाले मौत के सौदागरों, तथा अन्य को भी सजाए मौत, फांसी की सजा चाहते है। नेताओ ने आगे कहा कि दैनिक अखबारों में थाने में जप्त स्प्रिट से शराब बनाने, थाने में रखे शराब की बिक्री, चौकीदार के परिवार की मौत आदि बातो की गंभीरता से जांच कराकर इसमें शामिल अधिकारी, तथा अन्य कर्मचारियों को भी कड़ी सजा दी जानी चाहिए 'नेताओ ने आगे कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, महिलाओ के समर्थन से किया गया है, इसलिए राज्य के सभी दलों, सामाजिक संगठनों, की जिम्मेवारी है की शराब पीने जैसे सामाजिक बुराइयों को पूरी तरह समाप्त कराने हेतु सामाजिक स्तर पर भी प्रयास जारी रखें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य के जनमानस को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांत को आत्म साथ करते हुए समाज में सबसे बड़ी सुधार अपनी सुधार है, यानी एक, एक लोग किसी अवगुण को समाप्त करने हेतु स्वय सुधार लाए।

नवसृजन एवं सर्वांगीण विकास संस्थान पटना के सचिव

आगामी 19 दिसंबर 2022 को अपने माता-पिता के मनाएंगे स्मृति दिवस- पूजा ऋतुराज

समाज जागरण ,विश्वनाथ आनंद, जिला संवाददात्ता,गया।

गया (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- नवसृजन एवं सर्वांगीण विकास संस्थान पटना के सचिव पूजा ऋतुराज अपने माता- स्वर्गीय सियामनी देवी व पिता- स्वर्गीय रामरतन प्रसाद सिंह का आगामी 19 दिसंबर 2022 को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी

स्मृति दिवस समारोह बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन कदम कुआं पटना-03 में आयोजित करेंगे ' उक्त जानकारी नव सृजन एवं सर्वांगीण विकास संस्थान पटना के सचिव पूजा ऋतुराज ने कहीं '

उन्होंने आगे कहा कि अपने माता -पिता के स्मृति दिवस समारोह में अंतरराष्ट्रीय मगध शिखर सम्मान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम व लोक भाषा कवि सम्मेलन 2022 का आयोजन भी किया जाएगा ' जिसमें उद्घाटनकर्ता बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन पटना के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल सुलभ, मुख्य अतिथि कार्यक्रम प्रमुख दूरदर्शन पटना डॉ राजकुमार नाहर, विशिष्ट अतिथि श्री पटना देवी जी गौ मानव सेवा संस्थापक व अध्यक्ष विवेक द्विवेदी ,कार्यक्रम की अध्यक्षता संपादक मगही बिहान पत्रिका एवं बिहार मगही मंडल संस्थापक प्रोफेसर राम नंदन सिन्हा, स्वागतकर्ता नवसृजन एवं सर्वांगीण विकास संस्था पटना के सचिव पूजा ऋतुराज एवं अतिथिगणों में वरिष्ठ समाजसेवी पटना मुकेश हिसारिया, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन पटना के उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार के पूर्व सदस्य सुषमा साहू वरिष्ठ साहित्यकार एवं उपाध्यक्ष बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रोफेसर कल्याणी कुसुम, वरिष्ठ साहित्यकार उपाध्यक्ष बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन पटना डॉ मधु वर्मा ,वरिष्ठ साहित्यकार नाटककार ,गीताकार मगही नरेंद्र प्रसाद सिंह ,एसोसिएशन प्रो0 एम0 एम0 सी0 एच0 समाजसेवी डॉ हेमंत कुमार एवं मगही विभाग पालीगंज पटना के अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार का नाम शामिल है

गया जिले के भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों नेबिहार के मुख्यमंत्री व गृह सचिव का टावर चौक,गया के समीप पुतला फुका।

समाज जागरण ,विश्वनाथ आनंद, जिला संवाददात्ता,गया।

गया (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- गया जिले के भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों ने भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा के नेतृत्व में आजाद पार्क से टावर चौक तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए, टावर चौक के समीप बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व गृह सचिव आमिर सुबहानी का पुतला फूंका ' वही उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार शराबबंदी के नाम पर गरीब परिवारों का दोहन कर रही है। भाजपा शराबबंदी के खिलाफ नहीं है, लेकिन सरकार और प्रशासन के गठजोड़ के कारण शराब बंदी विफल साबित हो रही है। ताजा उदाहरण छपरा में सैकड़ों लोग शराब पीने से काल के गाल में समा गये। आखिर शराबबंदी के वावजूद शराब बिहार में कैसे आ रही है? बिहार में शराब अगर आ रही है तो इसमें दोषी कौन है। नीतीश कुमार को जिम्मेवारी लेनी चाहिए क्योंकि कुछ माह छोड़कर बिहार का नेतृत्व नितीश कुमार ही कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री होने के नाते नितीश कुमार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। वही वजीरगंज विधायक विरेन्द्र सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब जनता का विश्वास भी खो रहें हैं। बिहार में सैकड़ों लोगों की मौत शराब पीने से हो गयी उसके वावजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को थोड़ी भी संवेदना नहीं बची है । विधान सभा में मौत पर ठहाका लगा रहे हैं

और विरोधी दलों के विधायकों को असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रशासन और शासन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास है तो पड़ोसी राज्यों आनेवाले शराब रोक क्यों नहीं लगाते है। बिहार में शराबबंदी पूरी तरह नीतीश कुमार के कारण फेल है। अतः बिहार के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।भाजपा जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा ने कहा कि भाजपा शराबबंदी के पक्ष में है लेकिन शराबबंदी के नाम वसूली के पक्ष में नहीं है। आज प्रशासन के लोग शराब के नाम पर लोगों से वसूली करते हैं। पहले शराब बोर्डर पार कराने पर वसूली और फिर पीने वालों से वसूली। छपरा शराब कांड उन परिवारों का क्या दोष है जो अब अनाथ हो गए है। सरकार को उनके मासूम बच्चे और पत्नी का सहारा देने के लिए राज्य सरकार को मुआवजा देनी चाहिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को थोड़ी सी मानवता है तो छपरा का दौरा कर उन पीड़ितों से मिले के हाल जानने का प्रयास करें। छपरा में थाना से शराब बेचा गया और सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। इसके जिम्मेवार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और गृह सचिव आमिर सुबहानी है , दोनों कोअपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व सांसद हरी मांक्षी, क्षितिज मोहन सिंह, संजय कुमार सिंह उर्फ चुनु वाबू,जिला , मिडिया प्रभारी युगेश कुमार, , संतोष ठाकुर, चंदन भदानी, राजेश आनंद, अनिल सिंह, चंद्रभूषण,वंटी वर्मा, सिन्धु भूषण ओक्षा, दीपक पाण्डेय, वंदना कुमारी, गणेश कुमार सिंह, कुमार सत्यशील, मुन्ना कुमार सिंह, उपस्थित थे।

दर्मी कला में शिव चर्चा का आयोजन, ग्रामीणों ने टंडवा थाना पुलिस को सहयोग के लिए दिया धन्यवाद।

ऐसे आयोजनों से मिलता है भाईचारा का संदेश: रीना

समाज जागरण वेदप्रकाश , संवददात्ता नबीनगर प्रखंड,

औरंगाबाद (बिहार) 17 दिसम्बर 2022 :- औरंगाबाद जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के धर्मी कला गांव में शनिवार को शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा में वक्ताओं ने जहां शिव को विश्व गुरु करार दिया ,वहीं शिव चर्चा से शांति और समृद्धि का वास होने का भी दावा किया। शिव चर्चा और शिव पूजा का आयोजन आज गांव- गांव में हो रहा है इसके लिए हरेंद्रा नन्द और नीलम दीदी को प्रेरणाश्रोत बताया तथा उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान उपस्थित भक्तों से किया गया। इस अवसर पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रिना सिंह ने कही कि इस तरह के आयोजन से गांवों में आपसी वैमनस्यता व तनाव समाप्त होता है तथा भाईचारा का माहौल कायम होता है। महिला नेत्री ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया

कि गांव गांव में इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए और इसके लिए जागरुकता अभियान चलाना चाहिए। मौके पर दल बल के साथ पहुंचे टंडवा थाना के ए एस आई संतोष कुमार सिंह ने प्रसाद ग्रहण किया तथा ग्रामीणों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि गांवों में आपसी भाईचारा से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है तथा शांति स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और शिक्षा का विकास ही सभ्य समाज का पहचान है। उपस्थित ग्रामीणों ने सकारात्मक सोच और सहयोग के लिए ए एस आई संतोष कुमार सिंह एवं सभी जवानों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता बिरेंद्र कुमार सिंह ने किया। अनिल सिंह, अशोक सिंह, सिध्दू राम, कुण्डल सिंह, गांधी जी, उमाशंकर सिंह, नर्मदेश्वर सिंह, आशा देवी, संगीता देवी, सुषमा देबी, राखी ,मिष्टी , लक्ष्य, आर्यन, ईशा, राहुल के अलावे सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

गया के बाराचट्टी से दो कुख्यात नक्सलियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समाज जागरण ,विश्वनाथ आनंद, जिला संवाददात्ता,गया।

गया (बिहार) 17 दिसंबर 2022 :- गया जिले के बाराचट्टी से दो कुख्यात नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ' बताया जाता है कि गिरफ्तार कुख्यात नक्सली के पास से एक अत्याधुनिक एके-56 राइफल , भारी मात्रा में डेटोनेटर और 97 पीस जिंदा कारतूस के अलावे नक्सली साहित्य और कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया हैं। ऐसे

तो गिरफ्तार कुख्यात नक्सलियों पर झारखंड में 5000000 और बिहार में 1000000 इनाम रखा गया था। वही बिहार और झारखंड के दर्जनों जिलों में कई मामले दर्ज हैं। औरंगाबाद के पास नक्सली हमले में शहीद हुए 7 जवान कांडों में भी गिरफ्तार नक्सलियों की संलिप्तता थी। गया के एसएसपी हरप्रीत कौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुख्यात नक्सलियों के बारे में विशेष रूप से प्रकाश डाला । उन्होंने आगे कहा कि बिहार और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में बिहार पुलिस , सीआरपीएफ और सीमा सशस्त्र बल के संयुक्त ऑपरेशन में गया पुलिस को इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी हरप्रीत कौर ने आगे कहा कि गिरफ्तार कुख्यात नक्सलियों की निशानदेही पर बड़े सुराग मिलने से इनकार नहीं किया जा सकता ।

बिहार ग्राम सुरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामप्रसाद रावत ने कहा बैरा पंचायत विकास की रोशनी से कोसों दूर है

इस्तेखार आलम जिला ब्यूरो दैनिक समाज जागरण

बिहार ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष श्री राम प्रसाद राऊत ने कहा कि भारत- नेपाल के सीमा पर अवस्थित बैरा पंचायत विकास की रोशनी से कोसों दूर है, जो जांच का विषय है आजादी के वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है ' जनहित में समस्याएं अनेक है,लेकिन उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरा जयनगर (मधुबनी) को सीमांकन और अतिक्रमण मुक्त कराकर चारदीवारी निर्माण कराना अति आवश्यक है, क्योंकि उक्त विद्यालय अपना अस्तित्व खोता जा रहा है ' शिक्षक भी अपने दायित्व का निर्वहन करने में बिल्कुल ही विफल है ' उक्त विद्यालय में बच्चों का भविष्य अंधकार में हो रहा है ' शिक्षा व्यवस्था बिल्कुल चौपट हो गया है, भगवान ही मालिक है इस विद्यालय

का पूरी व्यवस्था चरमरा गया है, जो शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता ' शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क एवं अन्य योजनाएं बिल्कुल ही ध्वस्त हो गया है दल के प्रदेश अध्यक्ष श्री राउत ने माननीय नीतीश कुमार मुख्यमंत्री महोदय बिहार सरकार पटना को आवेदन के माध्यम से आग्रह किया है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरा, जयनगर (मधुबनी) को सीमांकन और अतिक्रमण मुक्त कराकर चारदीवारी निर्माण कराने की दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की हैं, यदि एक पखवाड़े के अंदर उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरा को अतिक्रमण मुक्त और चारदीवारी का निर्माण सहित अन्य जन समस्याओं का निदान नहीं किया जाता है तो चरणबद्ध आंदोलन चलाने को बाद होंगे, जिसकी सारी जवाबदेही सरकार,प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की होगी '

धारदार हथियारों के हमले से युवक घायल

दैनिक समाज जागरण

कुचायकोट (गोपालगंज)। कुचायकोट प्रखंड के मतेया खास पंचायत के सरपंच को पंचायत कार्यालय लेकर गए एक युवक पर कुछ लोगों ने चाकू तथा अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। युवक को गंभीर रूप से घायल करने के बाद हमलावर उसे बेहोशी हालत में छोड़ युवक की बुलेट बाइक, मोबाइल और 10 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए ।इस संबंध में पीड़ित युवक के बयान पर कुचायकोट थाने में तीन नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है ।मिली जानकारी के अनुसार कुचायकोट थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी प्रताप कुमार पासवान मतेया खास पंचायत के सरपंच हरिनारायण यादव को लेकर बुलेट मोटरसाइकिल से लेकर पंचायत भवन गया था। बताया जाता है कि प्रताप पासवान नीचे रुक गया। जबकि हर नारायण यादव किसी काम से पंचायत भवन में ऊपर चले गए। इस दौरान मौके पर पहुंचे कुछ युवकों ने चाकू तथा अन्य धारदार हथियारों से प्रताप पासवान पर हमला कर जख्मी कर दिया ।युवक को बेहोशी के हालत में हमलावरों ने उसका मोबाइल 10,000 नगद और बुलेट बाइक लेकर घटनास्थल से फरार हो गए। जानकारी लगने पर नीचे पहुंचे पंचायत के सरपंच हरनारायण यादव तथा अन्य लोगों ने घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया। जहां युवक का इलाज कराया गया। इस संबंध में घायल युवक के बयान पर तीन नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ कुचायकोट। थाने में आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। थाना अध्यक्ष किरण शंकर ने कहा कि प्रताप पासवान द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

महिला प्राध्यापक को चाकू मारकर घायल करने की प्राथमिकता दर्ज

दैनिक समाज जागरण कुचायकोट (गोपालगंज)। कुचायकोट थाना क्षेत्र के नेचुआ जलालपुर मठिया स्थित एसएमडी कॉलेज की महिला प्राध्यापक से दुर्व्यवहार और चाकू मारकर घायल किए जाने के मामले में थाने प्राथमिकी की गई है। प्राथमिकी करने के बाद पुलिस ने इस मामले के आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। विदित हो कि कुचायकोट थाना क्षेत्र के सुकलौली गांव निवासी रेखा कुमारी एसएमडी कॉलेज में प्राध्यापक के रूप में पदस्थापित हैं ।रेखा कुमारी द्वारा कुचायकोट थाने में किए गए प्राथमिकी में कहा गया है कि वह शुक्रवार को महाविद्यालय में

शैक्षणिक कार्य में लगी थी इस दौरान उनके साथ कालेज के ही एक कर्मी द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। जब उन्होंने विरोध किया तो चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया ।बाद में अन्य शिक्षकों ने रेखा कुमारी को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया था जहां उनका इलाज कराया गया ।इस मामले में पुलिस रेखा कुमारी के बयान पर कुचायकोट थाने में विशंभरपुर थाना क्षेत्र के गलिमपुर गांव निवासी श्रीराम सिंह को आरोपित बनाते हुए प्राथमिकी करने के बाद आरोपित के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

महिला प्रधानाध्यापक पर चाकू से हमला कर किया घायल

दैनिक समाज जागरण

कुचायकोट (गोपालगंज)। स्थानीय थाना क्षेत्र के नेचुआ जलालपुर मठिया स्थित एसएमडी इंटर कॉलेज के एक महिला प्राध्यापक को चाकू मारकर हमलावरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को स्थानीय सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल महिला कालेज के प्राध्यापक व स्थानीय थाने के सुकलौली गांव के रेखा कुमारी है। स्थानीय थाने में दिया आवेदन में कहा गया है कि शुक्रवार को वह निर्धारित समय पर कॉलेज गई थी। कालेज के कार्यो का निपटारा प्रत्येक दिन की भांति कर रही थी। इसी बीच कालेज के ही कर्मी व विशंवभरपुर थाने की गालिमपुर गांव के श्रीराम सिंह महिला प्राध्यापक के साथ बदसलूकी करने लगे। जिसका विरोध करने पर चाकू मारकर जख्मी कर दिया। उसके बाद पर पर्स में रखा गया दो हजार दो सौ नगदी, कॉलेज संबंधित दस्तावेज सहित अन्य कागजात लेकर वहां से फरार हो गए। घटना के बाद कालेज के अन्य कर्मी इलाज के लिए सीएससी में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष किरण शंकर ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

विजयीपुर प्रखंड में यूरिया खाद के लिए किसान परेशान

दैनिक समाज जागरण विजयीपुर (गोपालगंज)। किसानों की आय दोगुनी करने वाली बेवफा केंद्र सरकार आज बिहार के किसानों को यूरिया,डी ए पी खाद के लिए मजबूर कर दिया है,इसी दरम्यान गोपालगंज जिले के विजयीपुर के किसान उर्वरक के लिए उत्तर प्रदेश में दर दर भटकने के लिए मजबूर हैं,अब उत्तर प्रदेश के दुकानों में बिहार के आधार कार्ड से यूरिया मिला बंद हो गया है जिसे मिल रहा है एक बैग यूरिया खाद तो मैसेज दिया जा रहा है चार बोरी का, विजयीपुर के कृषि पदाधिकारी,जिला कृषि पदाधिकारी के कांन तक किसानों की आवाज नहीं पहुंच रहा है, कैसे होगा रवि फसल की खेती यह सोचकर कई किसान परेशान हैं।

न्यायालय द्वारा सश्रम आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 01 लाख 12 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनायी गयी

समाज जागरण मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी

अमेठी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करके हत्या के 03 अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा सश्रम आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 01 लाख 12 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनायी गयी ।

माननीय न्यायालय में लम्बित मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाये जाने के अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में मानीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करके माननीय सत्र न्यायालय सुल्तानपुर में चल रहे मु0अ0सं0 182/87 धारा 147,148, 149,302,307,308,323 भादवि थाना पीपरपुर जनपद अमेठी में 03 अभियुक्त 1.शेरबहादुर सिंह पुत्र रघुराज 2.सूर्य नरायण सिंह उर्फ सुरजन पुत्र जगदीश सिंह, 3.शिवबहादुर सिंह उर्फ चिन्नी पुत्र रामप्रताप सिंह निवासीगण तुलापुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी को दोषी सिद्ध कराने में सफलता प्राप्त हुई । परिणाम स्वरूप माननीय सत्र न्यायालय सुल्तानपुर द्वारा दिनांक 16.12.2022 को सश्रम आजीवन कारावास एवं 01 लाख 12 हजार रुपए अर्थदंड, अर्थदण्ड न अदा करने पर प्रत्येक को 01-01 वर्ष का अतिरिक्त कारावास एवं धारा 302/149 भादवि में प्रत्येक को

सश्रम आजीवन कारावास व 01 लाख रूपया अर्थदण्ड, धारा 307 भादवि में प्रत्येक को 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 10-10 हजार रु0 अर्थदण्ड, धारा 323 भादवि में प्रत्येक को 01 वर्ष का सश्रम कारावास व 01-01 हजार रु0 अर्थदण्ड, धारा 148 भादवि में प्रत्येक को 01 वर्ष का सश्रम कारावास व 01-01 हजार रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी एवं उक्त अभियुक्तों को धारा 147,308 भादवि में दोषमुक्त किया गया ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र नरेन्द्र बहादुर सिंह नि0 तुलापुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी द्वारा दिनांक 10.11.1987 को समय करीब 02:00 बजे दिन में थाना पीपरपुर पर तहरीरी सूचना दी कि विपक्षी 1.शेरबहादुर सिंह पुत्र रघुराज 2.सूर्य नरायण सिंह उर्फ सुरजन पुत्र जगदीश सिंह, 3.शिवबहादुर सिंह उर्फ चिन्नी पुत्र रामप्रताप सिंह आदि 06 नफर निवासीगण तुलापुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी द्वारा लाठी-डण्डे व धारदार हथियार से मारकर वादी के पुत्र की हत्या कर देने की इस सूचना पर थाना पीपरपुर पर मु0अ0सं0 182/87 धारा 147, 148, 149,302,307,308,323 भादवि पर पंजीकृत होकर विवेचक उ0नि0 डीके गौतम द्वारा विवेचना की गयी । विवेचना के दौरान अभियुक्तों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोप पत्र संख्या ए-84 दिनांक 09.12.1987 को माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था ।

नया सवेरा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गंडाही को बाल श्रम और विवाह मुक्त रखने के ग्राम प्रधान ने संकल्प लिया।

ओंकार नाथ चौधरी जनपद गोंडा में ब्लॉक कटरा बाजार के ग्राम पंचायत गंडाही में श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल हिंसा, बाल शोषण के उन्मूलन हेतु जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन संस्कार संस्था कानपुर द्वारा कार्यक्रम सपनो की उड़ान के अन्तर्गत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के द्वारा ग्राम मेहिबलपुरवा, चमारनपुरवा पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों का डोर टू डोर सर्वे किया गया। सर्वे में आगनवाड़ी कार्यकत्री, प्रधानाध्यापक का सहयोग लिया गया।

संस्कार संस्था के कलाकारों ने ग्राम गंडाही में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी विषय पर नाटक का मंचन किया गया, नाटक में दिखलाया गया कि पलटू जो गरीब है अपने बेटे को रंगीला को सौंप देता है, रंगीला बच्चे को शहर काम पर लगा देता है। उस बालक को सेठ प्रताड़ित करता है और पैसे भी नहीं देता है तब पलटू को पछतावा होता है कि बाल श्रम अपराध है। दो वक्त कि जगह एक वक्त खायेंगे पर बच्चों से बाल श्रम नही करवाएंगे। दूसरा नाटक बाल विवाह पर प्रस्तुत किया गया जहां कम उम्र की बच्चों का विवाह होता है गांव के मास्टर साहब समझाते है कि बाल विवाह अपराध है बेटी की सही उम्र 18 से ऊपर बेटे की उम्र 21 से ऊपर हो तभी शादी करे वरना ये अपराध की श्रेणी में आता है, ऐसे विवाह में जो भी शामिल होगा उसे सजा व जुमार्ना देना पड़ सकता है। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका मुकेश श्रीवास्तव, महेश वर्मा, दीपक वर्मा, विष्णु, मोहित, वैशाली की रही। कार्यक्रम में शिवराम मिश्र ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने जन जागरण कार्यक्रम में सहयोग के लिए प्रभावशाली व्यक्ति सुनील कुमार तिवारी और बीट कांस्टेबल शकुंतला पांडे को प्रशस्ति पत्र दिया

और बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। साथ ही अपने गांव को बाल श्रम व बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी से अपील की। बीट कांस्टेबल शकुंतला पांडेय ने लड़कियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लड़कियों को भी लड़कों के समान शिक्षा दी जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि यदि कोई लड़का, किसी लड़की को स्कूल जाते समय परेशान करता है तो उसकी सूचना आप लोग 1090, 112 पर देकर मदद ले सकते है। कार्यक्रम में नूर जहां ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एक्शन एड ने बच्चों स्कूल भेजने के लिए सभी ग्रामवासियों को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने लड़कियों को भी बेहतर शिक्षा देने के लिए भी कहा। कार्यक्रम में श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, पुत्री विवाह योजना, मृत्यु विकलांगता पैंशन योजना, बाल श्रमिक विद्या योजना आदि की विस्तार से जानकारी दी साथ ही पैम्फेल्ट भी वितरण करवाए गए।

कार्यक्रम में टीआरपी, नया सवेरा उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश ने बाल श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों से काम करवाने वाले लोगों को 20000 से 50000 रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है। 18 वर्ष से काम आयु के बच्चों से खतरनाक प्रक्रिया में काम करवाना प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा ग्रामवासी बाल श्रम व बाल विवाह को खत्म करने में सहयोग करे, वे अपने बच्चों को रोज स्कूल भेजे और साथ ही ये भी देखे की उनके बच्चे स्कूल जाकर क्या सीख रहे है। प्रदेश और देश के विकास के लिए बच्चों का शिक्षित होना अति आवश्यक है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, राकेश, बीट कांस्टेबल सत्यपाल राणा कांति तिवारी, शकुंतला पांडेय, निर्मला देवी शामिल हुए। अंत में महेश वर्मा संस्कार संस्था ने कार्यक्रम में आए पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी,समुदाय के लोगों, नुक्कड़ नाटक की टीम को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्रम विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज्य विभाग, स्वास्थ विभाग और बाल विकास पुष्टाहार विभाग के कर्मचारी गण उपस्थिति रहे।

सेवानिवृत्ति पेंशन भोगी अधिकारियों/कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित हो निराकरण-जिलाधिकारी

ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती पेंशनरों की समस्याओं को सुनने एवं उनका निराकरण किये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में धूमधाम से पेंशनर दिवस का आयोजन जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी पेंशनरों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पेंशनर हमारे बीच का हीं हिस्सा है। इनकी हर सम्भव मदद की जाए। सेवानिवृत्ति पेंशन भोगी अधिकारियों/कर्मचारियों की समस्याओं का समय सीमा के अन्दर त्वरित निराकरण भी किया जाए।

पेंशनर दिवस के अवसर पर पेंशनरों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित किया कि पेंशनरों की जो भी समस्यायें हैं, सम्बन्धित अधिकारियों के माध्यम से हर वाजिब समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त आहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले पेंशनरों किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पावे, इसका ध्यान रखा जाए। जिले में जो भी पेंशन के प्रकरण लम्बित है, उन पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समय से निस्तारण किया जाए। उन्होने कहा कि अधिकारी/कर्मचारी के सेवानिवृत होने के 06 माह पूर्व से ही पेंशन के

पूरे प्रपत्र पूर्ण कराते हुए सम्पूर्ण कार्यवाही कर ली जाए, ताकि सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को सेवानिवृति के दिन ही उनके देयकों का भुगतान कर दिया जाए। जिससे उन्हें बार-बार विभागों का चक्कर न लगाना पड़े।

पेंशनर दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सन्तोष कुमार यादव एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों द्वारा पेंशनरों को शाल भेंट कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी ज्ञापन प्राप्त हुए है, उनका निस्तारण सक्षम स्तर पर संदर्भित कर दिया जायेगा। पेंशनरों के मांग पत्र को पूर्ण कराने के लिए पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव ने किया।

इस अवसर पर वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा राकेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 विनोद कुमार, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, जिलाधिकारी के आशुलिपिक चन्द्रमौली श्रीवास्तव, संरक्षक सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ परशुराम त्रिपाठी, दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं कोषागार के महेश गुप्ता सहित पेंशनर संगठनों के पदाधिकारीगण सहित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे

पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा गौरीगंज में किया गया पैदल गस्त

समाज जागरण मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी

पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों

पर पैदल मार्च किया गया तथा शराब की दुकानों के आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

बारीगांव नेवादा वालों ने ललकारा तत्काल प्रयागराज संगम जौनपुर पैसेंजर 04383/84चलाई जाए अन्यथा करो या मरो पर उतरेंगे रेलयात्री डीआरएम लखनऊ के ट्रांसफर की मांग।

जौनपुर मड़ियाहूं से पत्रकार शादाब अंसारी की रिपोर्ट

मड़ियाहूं --बारीगांव नेवादा रेलवे स्टेशन, जंघई जंक्शन से जफराबाद जंक्शन के बीच में स्थित है प्रयागराज संगम जौनपुर पैसेंजर 043 83/08384 के बंद होने से नाराज जज सिंह अन्ना के साथ रेल यात्रियों ने डीआरएम लखनऊ और रेल भवन दिल्ली को ललकारा है रेल यात्रियों का कहना है कि तत्काल 04383/04384 का संचालन शीघ्र ही प्रयागराज संगम से जौनपुर रेलखंड पर किया जाए हम रेल यात्रियों की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है और डीआरएम लखनऊ ने कोहरा का हवाला देकर ट्रेन बंद करने से पहले हम रेल यात्रियों को ट्रेन की व्यवस्था नहीं दिया है देश भर में कहीं कोहरा नहीं पड़ रहा है और इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को भी हाल्ट स्टेशन पर सुनिश्चित नहीं किया है रेल यात्री परेशान होकर के रेलखंड पर उतरने को मजबूर हो गए हैं इसलिए हम

सभी लोग रेल भवन नई दिल्ली के खिलाफ उत्तर रेलवे के खिलाफ 19 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन की घोषणा करते हैं रेल यात्रियों की मांग है कि (1)- प्रयागराज संगम से जौनपुर पैसेंजर तत्काल 04083 04084 चलाई जाए (2) जौनपुर से प्रयागराज संगम 04245/04246 को जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का समय सारणी बदली जाय जौनपुर से 5:20 बजे चलाई जाए जिससे 9:30 प्रयागराज संगम पहुंचे (3).. मड़ियाहूं रेलवे स्टेशन पर सुहेलदेव एक्सप्रेस का ठहराव तत्काल दिया जाए (4).. प्रयागराज जफराबाद रेलखंड का दोहरीकरण तत्काल किया जाए (5)..जंघई जंक्शन जफराबाद जंक्सन के बीच समस्त हाल्ट स्टेशनों का प्लेटफार्म ऊंचा किया जाए और बिजली पानी शौचालय सुविधाएं दी जाएं इन सभी मांगों को रेलमंत्रालय, रेल भवन नई दिल्ली नहीं करता है तो रेलयात्री ट्रैक पर हमेशा कूदते रहेंगे और रेल को बाधित करते रहेंगे ।

बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे बाल मजदूरी ना कराये - बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, विश्राम पासवान

ओंकार नाथ चौधरी जनपद श्रावस्ती . बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रावस्ती श्री विश्राम पासवान जी ने लोगो से अपील किया की बच्चों से बाल मजदूरी ना करायें श्रम विभाग और यूनिसेफ के सहयोग से जनपद में चलाये जा रहे बालश्रम उन्मूलन जागरूकता अभियान में आज ग्राम पंचायत चिचड़ी में जन जागरूकता का आयोजन किया गया अभियान में प्रतिभाग किये बाल कल्याण समिति श्रावस्ती के अध्यक्ष श्री विश्राम पासवान जी ने ग्राम पंचायत के लोगो से अपील किया कि वो अपने बच्चो को प्रतिदिन विद्यालय जरुर भेजे और बाल मजदूरी ना कराये उन्होंने बताया की बाल मजदूरी से से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है और जिससे की आगे चलकर वो बच्चा पुरे जीवन भर आर्थिक तंगी जे जूझता रहता है उन्होंने कहा की हर माँ बाप का यह नैतिक कर्तब्य है की वो अपने बच्चो को पढ़ने का पूरा अवसर प्रदान करें उन्होंने यह भी बताया की बच्चों के कल्याण के लिए लगभग सभी जनपदों में बाल कल्याण समिति बनायीं गयी है तथा लोगों से अपील किया कि बाल विवाह की सूचना परिपक्व एप्स के माध्यम से दें जिससे श्रावस्ती को बाल विवाह से मुक्त किया जा सके बच्चों के लिए बाल कल्याण

समिति कार्य करती है अगर समाज में ऐसा कोई बच्चा है जिसको सहयोग की जरुरत है तो जनपद में स्थापित बाल कल्याण समिति से संपर्क किया जा सकता है अभियान में प्रतिभाग किये सामाजिक कार्यकर्ता श्री ओंकार नाथ चौधरी जी ने भी लोगो से अपील किया की वो अपने बच्चो से मजदूरी ना कराये और ना ही बाल विवाह करें उन्होंने कहा की बाल विवाह से कई पीढ़ियों को नुकसान होता है बाल विवाह से उत्पन्न हुवे बच्चों का विकास रुक जाता है तथ साथ ही साथ माँ को जान का खतरा भी बना रहता है इसके अलावा ग्राम प्रधान चिचड़ी ने भी लोगो को बाल मजदूरी और बाल विवाह ना कराने की अपील किया संस्कार संस्था के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत के माध्यम से लोगो को बाल विवाह और बालश्रम के दुष्परिणामों के विषय में जागरूक किया अभियान में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक , आशा बहु ,एक्शन ऐड से सपना , रेहाना और ग्राम पंचायत के अन्य प्रभावशाली ब्यक्तियों ने प्रतिभाग किया

तहसील गौरीगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस।

जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस।

संबंधित अधिकारी पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर करें निस्तारण....... डीएम।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी जनसामान्य कीशिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते

ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 52 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 07 का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में 50 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 08 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबे, तहसीलदार गौरीगंज दिग्विजय सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओं तथा बालिकाओं के बुनियादी मानव के अधिकारों के प्रति मानव तस्करी एवं बाल श्रम के विषय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ओंकार नाथ चौधरी जनपद बलरामपुर महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर लैंगिक समानता के लिए दिनाँक 25/11/2022 से दिनांक 23/12/22 तक 4 सप्ताह का एक विशेष अभियान चलाए जाने तथा इस जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु, दी गई अवधि के दौरान राष्ट्रीय , जेंडर अभियान के मध्य से महिलाओं के विरुद्ध हिंसा पहेलओ महिला हिंसा की रोकथाम सुरक्षा महिला सशक्तिकरण तथा भेदवाद उन्मूलन के विषय में जागरूकता बढ़ाने तथा महिलाओं के समग्र विकास तथा सशक्तिकरण के

साथ-साथ महिलाओं तथा बालिकाओं के बुनियादी मानव अधिकारों के प्रति मानव तस्करी एवं बाल श्रम के विषय में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आज दिनांक 17/12/ 2022 को थाना एएचटीयू टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वालें ग्राम महेशभारी के आदर्श एकदमी कन्या इंटर कॉलेज महेशभारी बलरामपुर खंड के प्रधानाचार्य व सभी अध्यापक, बच्चों को एकत्र कर महिलाओं के विरुद्ध हिंसा,भेदभाव उन्मूलन, सशक्तिकरण और मानव अधिकारों के प्रति चौपाल लगाकर व प्रोजेक्टर लगा कर जागरूक किया गया ।

उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं के न्यायालय का बहिष्कार

जौनपुर मड़ियाहूं से पत्रकार शादाब अंसारी की रिपोर्ट

मड़ियाहूं जौनपुर तहसील बार एसोसिएशन मड़ियाहूं के अधिवक्ताओं की एक बैठक बार के अध्यक्ष कंस राज यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा उप जिला अधिकारी मड़ियाहूं के न्यायालय में पत्रावली ओं का रखरखाव ठीक नहीं है यदि कोई अधिवक्ता तत्काल किसी फाइल का मुआयना करना चाहता है वह मिलती नहीं है नोटिस सम्मन पत्रावली में लगाया जाता है उसे समय से चपरासी के पास नहीं भेजा जाता है जिससे तमिला होने में 6 महीने भी लग जाते हैं नकल

भी समय से नहीं मिलता है अधिवक्ता और बात कारी दोनों परेशान होते हैं उप जिलाधिकारी के न्यायालय का कब तक बहिष्कार किया जाएगा जब तक की पत्रावली का रखरखाव और सारी व्यवस्था ठीक नहीं हो जाती है इस मौके पर बाढ़ के महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी बार के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह कृष्ण कुमार सिंह बार के पूर्व महामंत्री बीएल यादव और चंद्रेश यादव अशोक कुमार उपाध्याय हरीश चंद्र तिवारी दीनानाथ मिश्र मंगला प्रसाद यादव अनिल कुमार शुक्ला देवेंद्र कुमार उपाध्याय अखिलेश श्रीवास्तव अशोक कुमार गुप्ता सहित अनेक अधिवक्ता गण उपस्थित रहे

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा कौशल प्रतियोगिता का आयोजन

ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा कौशल प्रतियोगिता (कौशलाथॉन) का आयोजन जनपद स्तर पर शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिनगा में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील तिवारी द्वारा कौशलाथॉन का शुभारम्भ किया गया। जनपद के कुल पंजीकृत 91 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 60 प्रतिभागियों द्वारा कौशलाथॉन प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रेडो में प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा में लिखित परीक्षा व प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 ट्रेडो में 24 प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्रत्येक ट्रेड में प्रथम विजेता को नकद रुपये 1000, द्वितीय विजेता को रुपये 800, तृतीय विजेता को रुपये 600, चतुर्थ विजेता को रुपये 400 व पंचम विजेता को रुपये 200 पुरुस्कार स्वरुप व इसके साथ मेडल व सर्टीफिकेट दिया गया।

इस अवसर पर जिला बचत अधिकारी राम प्रसाद, कार्यदेशक उमेश सिंह, अरुण यादव, अशोक सिंह, जयकिशन सिंह व जिला प्रबन्धक कौशल विकास मिशन अरविन्द चौरसिया व संदीप सिंह एवं आई0टी0आई0 समस्त अनुदेशक/कर्मचारी गण मौजूद रहें।

जिला पंचायत बलरामपुर के प्रांगण में वृहद रोजगार मेले का किया गया आयोजन

ओंकार नाथ चौधरी जनपद बलरामपुर जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत जनपद बलरामपुर में 19 दिसंबर 2022 दिन सोमवार को जिला पंचायत बलरामपुर के प्रांगण में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है आयोजित मेले में 20 से अधिक नियुक्ति कंपनियां 2500 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है जिसमें आ0ई0टी0आई0, कौशल विकास मिशन, वा जिला सेवायोजन के अलावा 8वीं पास, 10वीं पास, 12वीं पास, ग्रेजुएट तथा पोस्टग्रेजुएट युवक-युवतियों के लिए रोजगार सृजन का सुनहरा अवसर है दिनांक 19 दिसंबर 2022 को अधिक से अधिक संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रतिभाग किए जाने की अपेक्षा की गई है बृहद रोजगार मेला जिला पंचायत बलरामपुर के प्रांगण में पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 2:00 तक आयोजित किया जाएगा

मेमोरियल मिश्रा सेवा अस्पताल इकौना का निरीक्षण कर लिया

ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण

जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान योजना से आच्छादित भगौती प्रसाद मिश्रा मेमोरियल मिश्रा सेवा अस्पताल इकौना का निरीक्षण कर लिया जायजा

श्रावस्ती,आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत भगौती प्रसाद मिश्रा मेमोरियल मिश्रा सेवा अस्पताल इकौना, श्रावस्ती का जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। ज्ञातब्य हो कि यह चिकित्सालय पूर्व से ही आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान योजना से आच्छादित है। चिकित्सालय द्वारा अन्य चिकित्सीय विशेष

सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवेदन किया गया था, जिससे कि चिन्हित कर लाभार्थियों को मुफ्त में इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल संचालक को निर्देश दिया कि मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के तहत बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी को इकौना रोहित, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मुकेश मातन हेलिया एवं डिस्ट्रिक्ट इम्पलीमेंटेशन यूनिट सहित अन्य सम्बन्धित चिकिसक गण उपस्थित रहे।

किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर किसान यूनियन अराजनैतिक कार्यकताओं ने किया धरना प्रदर्शन

समाज जागरण मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी

मुसाफिरखाना अमेठी तहसील मुसाफिरखाना क्षेत्र के पलिया पश्चिम पूरे हरिलाल तिवारी चौराहा पर किसान यूनियन अराजनैतिक जगदीशपुर इकाई द्वारा किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर किया गया धरना प्रदर्शन वहीं कार्यकताओं ने तहसील प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा अगर समस्याएं नहीं सुनी गई तो तहसील परिसर के अंदर बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा प्रमुख समस्याओं में किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष राज नारायन तिवारी ने बताया ग्राम सभा पलिया पश्चिम में 500 पशुओं

का गौशाला संरक्षण के लिए निर्माण कराया जाए सिंदुरवा रजबहा में टेल तक पानी ना पहुंचने से किसानों को होती है समस्या जिसके लिए नहर में पानी उपलब्ध कराने की मांग है साथ ही साथ सिंदुरवा जाने वाला रास्ता रेलवे क्रॉसिंग पर बंद हो गया है जिसको खुलवाने की मांग की वहीं कठौरा ग्राम सभा में पुनः से सरकारी गोदाम चालू कराने की मांग की पलिया पश्चिम गांव में तालाब से बाहर के लिए पक्का नाला बनवाने की मांग की जिससे गांव और खेतों में पानी ना रुके क्योंकि बरसात के मौसम में तालाब भर जाने के बाद पानी गांव में भर जाता है वह तालाब के आसपास खेतों मैं नुकसान होता है जिसको लेकर आज किसान यूनियन के दर्जनों कताओं ने किया धरना प्रदर्शन इस मौके पर संगठन के मीडिया प्रभारी मेराज उर्फ बब्बूल तहसील उपाध्यक्ष शकील,अहमद ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज, शमशाद, जुनैद, अहमद, संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस संध्या गस्ती के दौरान फुल्लीडुमर डैम के पास से चार व्यक्ति को शराब के नशे में किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फूलीडूमर/ बांका

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस शुक्रवार को संध्या गश्ती के दौरान शराब पीकर हंगामा कर रहे चार व्यक्ति को नशे की हालत में फुलीडूमर डैम के पास से गिरफ्तार किया है वहीं इसकी जानकारी देते हुए फूलीडूमर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को संध्या गश्ती के दौरान शराब के नशे में फुल्लीडुमर डैम एवं दूध घटिया सड़क पर 4 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है जिनके नाम सोनू कुमार मंडल पिता रंजीत प्रसाद मंडल ग्राम शक्तिघाट, महेश राय पिता चमेली राय ग्राम शक्तिघाट ,दीपक कुमार पिता कीरानी सिंह ग्राम पुरानी राता एवं प्रीतम कुमार सिंह पिता अमरेंद्र सिंह ग्राम पुरानीराता हैं वही गिरफ्तार व्यक्ति की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई जिसमें चारों व्यक्ति द्वारा

शराब पीने की पुष्टि हुई है वहीं चारों शराबी की गिरफ्तारी थाना अध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में एएसआई महेंद्र सिंह एवं सैप जवानों के सहयोग से की गई गिरफ्तार व्यक्ति की शनिवार को फुल्लीडुमर अस्पताल में कोरोना जांच के बाद जुमार्ना हेतु बांका कोर्ट भेज दिया गया है आगे फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार शराबी में प्रीतम कुमार सिंह को शराब पीने के जुर्म में दो बार खेसर थाना की पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है शुक्रवार को फुल्लीडुमर थाना की पुलिस द्वारा तीसरी बार उसे शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है जिस पर फुल्लीडुमर थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए शनिवार को प्रीतम कुमार सिंह को जेल भेज दिया गया है

एसकेपी रंगोली प्रतियोगिता में दशम वर्ग प्रथम स्थान पर

दैनिक समाज जागरण
जिला ब्यूरो उमाकांत साह

बांका:-एसकेपी विद्या विहार राजपुर प्लस टू आवासीय विद्यालय बांका बिहार में प्राचार्य मानस कुमार पाठक के निर्देश पर शनिवार 17 दिसम्बर को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें वर्ग षष्ठम ,सप्तम ,अष्टम, नवम ,दशम और एकादश की छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने अपनी इच्छानुसार रंगोली बनाई। जीव विज्ञान शिक्षक सह जिला पर्यावरण विशेषज्ञ व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी बांका जिला ईकाई प्रबंध कमेटी सदस्य प्रवीण कुमार प्रणव ने बताया कि षष्ठम वर्ग ने बत्तख का सुंदर चित्रण किया। सप्तम वर्ग ने आध्यात्मिकता को ध्यान में रखते हुए जीवंत शिवलिंग बनाकर बेलपत्र और बगल में घी का दीपक जलाकर प्रस्तुत किया। अष्टम वर्ग ने द्वापर युग को ध्यान में रखते हुए राधाकृष्ण बनाकर सुंदर मयूर पंख से सजाया।नवम वर्ग ने राष्ट्रीय पक्षी को ध्यान में रखते हुए मोर बनाकर सुंदर चित्रण किया।दशम वर्ग ने फिट इंडिया संकेत का महत्वपूर्ण सुंदर सुसज्जित मनमोहक रंगोली बनाई और एकादश वर्ग ने प्रथम पूज्य गजानन को ध्यान में रखते हुए गौरीनंदन गणेश जी को रंगोली के माध्यम से बनाकर कृतिमान स्थापित किया। खेल शिक्षक श्री रामा प्रसाद दास ने बताया कि इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दशम वर्ग, द्वितीय स्थान पर एकादश ,अष्टम व नवम संयुक्त रूप से तथा तृतीय स्थान पर षष्ठम व सप्तम संयुक्त रूप से रहा। शिक्षिका नीलम सिंह, मीता सिंह, ममता सिंह, मलवीका दास , मनोज सिन्हा ने बच्चों के द्वारा बनाए गए रंगीन रंगोली को देखकर बहुत खुश हुए। सभी शिक्षकों ने कैलाश झा, आशीष झा,सीएस सिंह, प्रभाकर सिंह, बिरेंद्र सिंह, लाला चौधरी, पंकज बिहारी, उदय रावत, डॉ के सी मिश्रा, राकेश झा,भरत नित्यम, उल्लास किशोर दास, अरुण सिंह, गजेन्द्र, पीपी सिंह,एच एन सिंह, मनोज कुमार झा सहित मुकुंद मोहन झा, सचिंद्र सिंह, छात्रावास अधीक्षक नितिन कुमार सिंह, जवाहर सिंह, सूरज ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

फुल्लीडुमर प्रखंड के तेलिया कुरावा गांव में दो घरों में लगी आग, 80 हजार से अधिक की संपत्ति जलकर हुई राख

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड के तेलियापहाड़ पंचायत अंतर्गत तेलिया पुरावा गांव में गुरुवार की रात अचानक दो घरों में आग लग गई देखते ही देखते आग में रमन मांझी पिता सुपारी मांझी एवं जीच्छो मांझी पिता सुकदेव मांझी का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया है वहीं इसकी जानकारी देते हुए अग्नी पिडित रमन मांझी ने बताया कि आग से उनके घर

में रखे बर्तन, कपड़ा, अनाज सहित पूरा घर जलकर राख हो गया है आगे पीड़ित ने बताया कि आग से लगभग ₹30000 की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी वहीं जीच्छो मांझी के घर में लगी आग से उनके घर में रखे बर्तन ,जेवर, कपड़ा, अनाज, ₹8000 नगद सहित कुल ₹50000 की संपत्ति जलकर राख हो गई दोनों परिवार अब खुले आसमान के नीचे जीने को विवश हैं वहीं सरकारी सहायता हेतु पीड़ित में शुक्रवार को अंचलाधिकारी फुल्लीडुमर को आवेदन देकर सरकारी सहायता की मांग की है वहीं अंचल द्वारा जांच कर हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही गई

10वीं कक्षा के बच्चे, अभिभावक एवं शिक्षकों के साथ बैठक एवं क्यूज का आयोजन

दैनिक समाज जागरण
जिला ब्यूरो उमाकांत साह

बांका/चांदनः प्रखंड क्षेत्र कुसुम जोरी पंचायत अंतर्गत ज्ञान भवन कड़वा मारण में शनिवार 17 दिसंबर को बिहार दलित विकास समिति एवं दलित मुक्ति मिशन के द्वारा गठित माता सावित्री बाई छात्र संगठन के बच्चे तथा अभिभावक एवं उनके शिक्षक गण के साथ एक दिवसीय बैठक तथा बच्चों के बीच क्यूज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक दलित-आदिवासी बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर पटना से आये शिक्षा के जानकार राधामोहन सिंह, उड़िसा से आये शिक्षाविद राघव नायक, विधि के जानकार अभिषेक कुमार ने बच्चों को आने वाली मैट्रिक के परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होने के लिए संकल्प दिलाया तथा तैयारी करने का टिप्स बताया। इस अवसर पर कोचिंग संचालक दिपक कुमार, देवराज कुमार, रामू ताती, जितेन्द्र यादव, राजकुमार दास, सौरभ कुमार आदि अन्य शिक्षको ने भी 14 फरवरी 2023 में होने वाली मैट्रिक परीक्षा के तैयारी के संदर्भ में विस्तार से बताया जैसे सभी विषयों की अच्छी

जानकारी, पाठ्यक्रम का रिवीजन, पिछले तीन साल के प्रश्नों को हल करना आदि। इस अवसर पर संस्था के निदेशक महेंद्र कुमार रौशन नें क्यूज में शामिल सभी बच्चों को कलम और प्रथम, दिउतीय एवं तृतीय श्रेणी से उतीर्ण बच्चों को स्कूल बैग देकर पुरुस्कृत किया। बताते चले कि 8 वीं से 10 वीं कक्षा के बच्चों का एक संगठन है, जिसे माता सावित्री बाई छात्र संगठन की संज्ञा दी गई। इन चयनित बच्चों को संस्था के द्वारा कोचिंग कराकर न केवल मैट्रिक फर्स्ट डिवीजन से उतीर्ण कराने के लिए प्रेरित किया जाता है, बल्कि उच्च शिक्षा में जाने के लिए सहयोग व मदद की जाती है। अभिभावकों को भी अपने बच्चे के प्रति अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाता है। इसलिए प्रत्येक 3 माह में इस तरह का क्यूज एवं शिक्षक तथा अभिभावकों के साथ बैठक का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्त्ता सुनीता देवी, रानी शर्मा, महालाल बेसरा, दिनेश कुमार आदि लोगों ने शिक्षा से संबंधित जानकारी दिया।

15 लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी एवं दो शराबी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण
जिला ब्यूरो उमाकांत साह

बांका/चांदनः-आनंदपुर ओपी क्षेत्र से दो अलग-अलग जगहों से तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज देने का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 16 दिसंबर को गुप्त सूचना के आधार पर आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार व पुलिस बल द्वारा कार्रवाई करते हुए आनन्दपुर ओ पी क्षेत्र दक्षिणी बारने पंचायत के अलगडूमर गांव के 1.किशून पासवान पिता स्वर्गीय जिलेबी पासवान को 15 लीटर देसी महुआ के साथ गिरफ्तार किया है,

वहीं संध्या गस्ती अभियान के तहत हीराराइडी गांव के 2.विजय ठाकुर पिता खीरो ठाकुर एवं मोहनडीह गांव के 3.जितेंद्र शर्मा पिता स्वर्गीय धनेश्वर शर्मा को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराब कारोबारी किशून पासवान एवं शराबी विजय ठाकुर व जितेंद्र शर्मा के विरुद्ध बिहार मद्द उत्पाद अधिनियम एवं सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में शनिवार को जेल भेज दिया है।

बांका डीएम ने कटोरिया नगर पंचायत चुनाव का लिया जायजा, दिए कई निर्देश।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

बांका डीएम अंशुल कुमार शनिवार को कटोरिया प्रखंड सभागार में नगर पंचायत चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा दंडाधिकारी साथ बैठक की। मतदान कर्मी को बूथे पर एलर्ट रहने का निर्देश दिया । बता दें कि रविवार को कटोरिया नगर पंचायत के 23 बूथों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक वोट

डाले जाएंगे ।चुनाव कर्मी को एडीएम माधव कुमार सिंह ने मॉक पोल, पोलिंग एजेंट एवं मतदान पर्ची करता पर विशेष नजर रखने की बात कही। बता दें कि नगर पंचायत चुनाव 7 सेक्टर में बटा हुआ है ।वोट के दौरान असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखने निर्देश दिया। वहीं मतदान के दौरान गड़बड़ी फैलाने वाले पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश बांका पुलिस कप्तान डॉक्टर सत्य प्रकाश ने दी।

बता दें कि पहली बार कटोरिया नगर पंचायत का चुनाव 18 दिसंबर को किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। किसी भी गड़बड़ी की सूचना के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

शनिवार को फूलीडूमर थाने पर आयोजित जनता दरबार में 13 मामले में 12 मामले का मौके पर ही हुआ निष्पादन

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका

शनिवार को भूमि विवाद संबंधी मामले के समाधान हेतु फुल्लीडुमर थाने पर अंचलाधिकारी इशा रंजन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गयो आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद संबंधित कुल 13 नए मामले आऐ वही भूमि विवाद संबंधी आए मामले का जांच करते हुए 12 मामले का अंचलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निष्पादन कर दिया गयो वहीं एक मामले में नोटिस जारी करने का आदेश दिया गयो निष्पादित 12

मामले में योगेंद्र तांती बनाम शनिचर तांती, रोहित यादव वनाम निरंजन यादव, चुनचुन राय बनाम तेज नारायण राय, छेदी दास बनाम बुद्धू दास, सूचीत तांती बनाम राम तांती, यशोदा देवी बनाम त्रिभुवन यादव ,रामदेव रजक बनाम योगेंद्र सिंह, तेतर महोली बनाम पूरन महोली, देवेंद्र साह बनाम विभीषण राय एवं पवन कुमार बनाम बुधन यादव के भूमि विवाद संबंधी मामले शामिल हैं वही आयोजित जनता दरबार के मौके पर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार एवं राजस्व कर्मचारी अजीत सिंह सहित दर्जनों फरियादी मौजूद थे

नए बीआरसी भवन में गुरु गोष्ठी का आयोजन

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

आगामी 22 दिसंबर को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी को लेकर कटोरिया बीईओ लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड के नए बीआरसी भवन में एक बैठक की गई जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए। जिसमें कक्षा 3 से लेकर पांचवी तक के छात्रों के अभिभावकों के साथ बैठक कर छात्रों के प्रगति के संबंध में विशेष चर्चा करना , वहीं

विद्यालय स्तर पर खर्च की गई राशि को केसबुक एवं लेजर में अंकित करना , समग्र अनुदान राशि के खर्च करने एवं उपयोगिता जमा करने का निर्देश दिया गया ।वहीं विद्यालय के क्षितिज बच्चे को विद्यालय में नामांकित कर के बारे में बताया गया। बैठक में हाईस्कूल , मिडिल स्कूल , प्राइमरी स्कूल एवं न्यू प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भाग लिया।

बैठक में उपस्थित अकाउंटेंट अजय कुमार, प्रखंड साधन सेवी रूपेश कुमार ,वरीय शिक्षक मुरलीधर वर्णवाल, मुन्ना दाहिर ,सुनील भगत एवं प्रखंड के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

प्रवासी साहित्य पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार कोलकाता में

दैनिक समाज जागरण बिहार/बांका जयपुर से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट

कोलकाता की साहित्यिक संस्था भारतीय भाषा परिषद और सदीनामा पत्रिका"प्रवासी साहित्य में भारतीयता" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे महासचिव डॉ.सत्यव्रत चक्रवर्ती,एशियाटिक सोसाइटी भारत सरकार डॉ.शंभुनाथ संपादक,वागर्थ पत्रिका, प्रो.दामोदर मिश्र,कुलपति हिंदी विश्वविद्यालय, हावड़ा, बाबूलाल शर्मा संपादक वैचारिकी पत्रिका, डॉ.सत्या उपाध्याय (तिवारी) प्रिंसिपल कोलकाता गर्ल्स कॉलेज,डॉ.जफर अली अखान प्रिंसिपल सुरेंद्रनाथ कॉलेज(सांध्य)डॉ.संजय कुमार जायसवाल प्रिंसिपल लालबाबा कॉलेज हावड़ा,डॉ.संजीव चट्टोपाध्याय प्रिंसिपल,बंगबासी कॉलेज(सांध्य)तथा श्राबंती भट्टाचार्य,प्रिंसिपल रानी बिड़ला गर्ल्स कॉलेज इसके बाद रचना संवाद में उपस्थित रचनाकार कविता पाठ करेंगे।दूसरे दिन पहले सत्र में अध्यक्ष डॉ.संजय कुमार जायसवाल,प्रिंसिपल लालबाबा कॉलेज,प्रवासी साहित्यकार तेजेन्द्र शर्मा(लंदन), कथाकार,संयोजक पुस्तक प्रवासी कहानियाँ(सदीनामा प्रकाशन)बीज भाषण डॉ.कमलेश पाण्डेय,विभागाध्यक्ष,सेंट पॉल सी.एम.कॉलेज,वक्ता डॉ.प्रमोद कुमार प्रसाद,सह अध्यापक,हिंदी विभागाध्यक्ष, विद्यासागर विश्वविद्यालय डॉ ऋषि भूषण चौबे,सहायक प्राध्यापक,प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय वक्ता डॉ.पलासी विश्वास सहायक प्राध्यापक,गोखले मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज,संयोजक दिव्या प्रसाद,सुरेंद्र नाथ सांध्य कॉलेज संचालन प्रो कम्मू खटिक,सहायक प्राध्यापक,लेडी ब्रॉबोर्न कॉलेज, डॉ.संजय जायसवाल,सहायक प्राध्यापक,विद्यासागर विश्वविद्यालय सत्र-दो हिंदी का प्रवासी साहित्य,अध्यक्ष डॉ.सत्या तिवारी(उपाध्याय)कलकत्ता गर्ल्स कॉलेज,प्रवासी साहित्यकार पूर्णिमा बर्मन, शारजाह(संयुक्त अरब अमीरात)बीज वक्ता डॉ.विजय भारती,डीन काजी नजरुल विश्वविद्यालय वक्ता डॉ.इंदु सिंह संयोजक,प्रवासी कहानियाँ(सदीनामा प्रकाशन)वक्ता डॉ.ऋषि कुमार हिंदी विभागाध्यक्ष,रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय,दीक्षा गुप्ता,बंगवासी सांध्य कॉलेज,संयोजक रेणुका अस्थाना(कथाकार)सह-सम्पाद सदीनामा पत्रिका,संचालन डॉ.रंजना शर्मा,हिंदी विभागाध्यक्ष,बेथुन कॉलेज सत्र-3 प्रवासी साहित्य में भारतीयता अध्यक्ष प्रो.सोमा बंद्योपाध्याय,कुलपति बाबा साहब अम्बेडकर विश्वविद्यालय,प्रवासी साहित्यकार जय वर्मा(यूके)

मनसकामना के पास से बाइक चोरी,पंडित बोले झांकने तक नहीं आयी पुलिस

दैनिक समाज जागरण

नाथनगरः थानाक्षेत्र के मनसकामना मंदिर के पास से शनिवार सुबह पंडित अशोक झा की बाइक चोरी हो गयी.चंपानगर के अशोक झा ने बताया कि वो मंदिर मे पंडित है और उन्होंने अपनी बाइक वहां खड़ी की थी.जिस चोर ने बाइक चोरी की उसका घटना सीसीटीवी फुटेज मे कैद हो गया है.फुटेज मे साफ दिख रहा है कि मफलर से चेहरे को ढककर चोर आया और बाइक ले उड़ा.उन्होंने बताया कि थाने मे लिखित शिकायत दी .पुलिस ने कंप्लेन ले लिया मगर दिनभर मे एकबार भी झांकने नहीं आयी.पुलिस ने स्थल पर आकर जांच पड़ताल तक नहीं की.अशोक झा ने बताया कि मनसकामना परिसर के आसपास बदमाशों का जमावड़ा लगा रहता है.नशेबाजी बड़े पैमाने पर चलती है.यहां से अपराधी अपराध की घटना को अंजाम देते है.बावजूद पुलिस की गश्ती इधर नहीं आती है.

पीरपैंती पहुंचे बिंद विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान के सुप्रीमो गणेश कुमार।

दैनिक सामाज जागरण (पीरपैंती भागलपुर) देवमुनी कुमार

शनिवार को बिंद विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष गणेश कुमार भागलपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया उन्होंने बिन्द, बेलदार, नोनिया और केवट आदि निषाद समुदाय के जातियों के विकास हेतु पूरे बिहार जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया है जिसको लेकर शनिवार को भागलपुर साहेबगंज बिन्द टोली, होते हुए कटिहार जिला अन्तर्गत बकिया सुखाई पंचायत में उपेन्द्र महतो से मिले इधर भागलपुर जिले का पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर मे शैलेन्द्र कुमार के घर होते ,बाखरपुर में देर शाम पूर्व मुखिया रामबचन मंडल के दरवाजे पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूपुर दियारा आदि जगहों पर कार्यक्रम को संबोधित किया उन्होंने बिन्द, बेलदार, नोनिया, गोढी, केवट आदि निषाद समुदाय की जातियों के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनैतिक विकास की रणनीति पर चर्चा की इन जातियों के विकास हेतु उन्होंने मंच से शिक्षा पर ध्यान देने की बात कहते हुए आधी रोटी खाएँगे, अपने बेटा-बेटियों को पढ़ाएँगे का नारा दिया तथा दारू-ताडी शराब नहीं पीने,पूजा पाठ,भाग्य एवं भगवान पर विश्वास नहीं कर अपने कर्म तथा परिश्रम पर विश्वास करने का सुझाव दिया साथ ही दिनांक 5.2.2023 को गांधी मैदान पटना में आयोजित होने वाले

बिन्द,बेलदार, नोनिया, गोढी एवं केवट ,निषाद जातियों का चेतना दिवस तथा जातीय पूजा बाबा काशी की पूजा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया निषाद समुदाय की जातियाँ सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से सबसे अधिक पिछड़ी हुई हैं । अतः इन्हें अनुसूचित जाति की सूची में सम्मिलित करने हेतु सरकार से मांग की । साथ ही विस्थापित एवं भूमिहीन परिवारों को जमीन देकर आवास बिन्द, उपाध्यक्ष श्री देशेश जलज बिन्द, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार निषाद, कैलाश सिंह बिन्द सचिव, श्री उपेन्द्र महतो, जिला अध्यक्ष श्री लालकेश्वर प्रसाद सिंह , सत्यनारायण बिंद, पूर्व मुखिया रामबचन मंडल, पैक्स अध्यक्ष विनोद मंडल, पांचू महतो, रामकृष्ण मंडल, अजय कुमार , अरविंद महतो, रामरूप महतो, अरुण कुमार, सुधीर कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

30 घंटे बाद ग्रामीणों ने तलाब से मृतक का शव किया बरामद

दैनिक समाज जागरण
जिला ब्यूरो उमाकांत साह

चांदनः-शुक्रवार 16 दिसंबर को अहले सुबह 6 बजे के करीब प्रखंड क्षेत्र के कोरिया पंचायत के सलौनिया गांव के कालेश्वर दास के 40 वर्षीय दामाद टुन्नी दास जो अपने ससुराल सलौनिया में 20 वर्षों से रह कर विधवा सास की सेवा एवं अपने परिवार के साथ भरन पोषण कर रहा था. जो शुक्रवार 16 दिसंबर को हेठ चांदन गांव स्थित बड़का बांध में पंछी पकड़ने के दौरान तालाब में डूब कर मौत हो गया था। जिसकी सूचना पर चांदन थाना अध्यक्ष नसीम खान,सिओ प्रशांत शांडिल्य, मुखिया प्रतिनिधि सह पुर्व प्रमुख पलटन यादव के नेतृत्व में अथक प्रयास में ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत करने के बाद भी शुक्रवार देर शाम तक मृतक युवक का शव निकालने में असफल रहा. जिसे लेकर मौके पर तंत्र भी ठंडी पानी के आगे फेल साबित हो गया.हालांकि जिला प्रशासन के आदेशानुसार शनिवार को एनडीआरएफ टीम मंगाकर शव निकालने की बात कहीं गई थी। इसी

बीच शनिवार को गांव के स्थानीय धनेश्वर दास टीम गठित कर गाजो दास, नरेश दास पप्पू दास वकील दास आदि लोगों द्वारा मछली मारने का जाल लगा कर 30 घंटे के बाद एनडीआरएफ टीम पहुंचने के पूर्व शव बरामद कर लिया। मृतक का शरीर तालाब से निकलते ही परिजनों के साथ-साथ हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों में कोतुहल मच गया मृतक के पत्नी एवं इनके तीन छोटे बच्चे रो रो कर बुरा हाल हो गया हृदय विदारक घटना को देख उपस्थित लोगों में आंखें नम हो गई. मृतक के पत्नी मृत पति का शव देख कर बार बार बदहवास हो रही और कह रही थी कि अब हमर संसार कैसे चलतो,सयान भैलो बेटिया कैसे व्याहवो बुढ़िया माई के कंधा के दैतो हो राजा इधर सब बरामद होते ही चांदन पुलिस ने मृतक को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बांका भेज दिया. इस तरह की हृदय विदारक घटना को लेकर पूर्व प्रखंड प्रमुख सह मुखिया प्रतिनिधि पलटन यादव एवं समाजसेवी सह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गोविंद यादव ने चांदन सिओ प्रशांत शांडिल्य से दूरभाष पर पीड़ित परिजन को हर संभव सरकारी सहयोग दिलाने की मांग की है वहीं मुखिया प्रतिनिधि पलटन यादव ने मृतक के आश्रितों को यथा संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

शिक्षक की मनमानी से प्राथमिक विद्यालय भलुआ दिन के 12:00 हो जाती है बंद, पदाधिकारी मौन

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड के सादपुर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भलुवा में तीन शिक्षक के पदस्थापित रहने के बाद भी विद्यालय 12:00 बजे बंद हो जाता है ताजा मामला शनिवार का है इस संबंध में पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को विद्यालय 12:00 बजे बंद कर शिक्षक घर चले गऐ साथ ही ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शनिवार को विद्यालय में सिर्फ 12 बच्चे ही उपस्थित

थेवहीं समय से पहले विद्यालय का बंद हो जाना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की धज्जियां उड़ाने से कम नहीं है 3 शिक्षक के रहने के बाद भी विद्यालय में 12 बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोल रही है, जिसे देखने वाला कोई नहीं ग्रामीणों के मुताबिक विद्यालय में प्रधान शिक्षक निरंजन कुमार, सहायक शिक्षक रीना कुमारी, सहायक शिक्षक कौशल कुमार भारती प्रतिनियुक्त हैं फिर भी विद्यालय का समय से पहले बंद होना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था पर कई प्रश्न खड़े करते हैं

पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन ने पेंशनर्स दिवस मनाया

ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की सभा में रेलवे माल गोदाम परिसर में हुई। जिसमें पेंशनर्स दिवस मनाया गया। सभा की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह ने किया। सभी पेंशनर्स को कैलैंडर वितरित किए और सभी पेंशनर्स का स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए उप सचिव डॉ.ए एच अंसारी ने पेंशनर्स को एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि पेंशन वह चादर है जो बुढ़ापे में तन ढकने का काम करता है। सभी पेंशनर्स के स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। केन्द्र सरकार से पेंशनर्स एसोसिएशन की बारह सूत्री माँगों को मनवाने के लिए चट्टानी एकता का आग्रह किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओ पी पराशर ने कहा कि जाड़े का मौसम है हम सभी पेंशनर्स को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। हमें अपनी मांगों को मनवाने के लिए एकता जरूरी है। शाखा मंत्री मिथिलेश कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि आज पेंशनर्स डे का सभी पेंशनर्स को मुबारकबाद है। सभी पेंशनर्स के स्वस्थ एवं लंबी उम्र की कामना की तथा 12 सूत्री मांगों की मांग केंद्र सरकार से की गई। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन का त्रैमासिक बुलेटिन सभी पेंशनर्स सदस्यों को वितरित किया गया। नये पेंशनर्स को एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। पेंशनर्स दिवस पर बकाया 18 माह के डीए भुगतान करने की केंद्र सरकार से माँग , 65 , 70 , 75 वर्ष आयु पर क्रमशः 5 ,10 ,15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता की माँग , 30 दिसंबर या 30 जून को सेवा निवृत्त कर्मचारी को एक जनवरी और एक जुलाई से इंक्रीमेंट भुगतान , 15 वर्षों के बदले 12 वर्ष कम्यूटेड पेंशन रिस्टोरेशन अवधि करने। रेलवे अस्पताल से रोगग्रस्त पेंशनर्स को उचित इलाज और क्रानिक मरीज को दवा तीन महीने की आपूर्ति करने , नियत चिकित्सा भत्ता 1000/-से बढ़ा कर 3000/-करने तथा मंहगाई राहत से लिंक अप करने , प्राइवेट इम्पैनल्ड अस्पताल में उमीद कार्ड दिखाने पर इमरजेंसी केश में बिना रेफर लेटर के भी चिकित्सा दिया जाय , सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को भी विजयादशमी के अवसर पर बोनस दिया जाय एवं पेंशन को आयकर से मुक्त किया जाए आदि। पेंशनर्स दिवस पर सभा को संबोधित करने वालों में मुख्य बिरेंद्र सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, एस के राठौर, मुंद्रिका प्रसाद, पी के मांझी, उमाशंकर प्रसाद, पी एन कुमार, सुरेंद्र सिंह, अरूण कुमार सिंह, योगेन्द्र राय आदि शामिल हैं।

S.F.C कैथपुरा चॉयटोला फुटबाल चैलेंज शील्ड प्रतियोगता का शुभारंभ किया गया

दैनिक समाज जागरण भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट

भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड के धनौरा पंचायत के कैथपुरा चॉयटोला मे फुटबाल चैलेंज शील्ड प्रतियोगता का विधिवत फिता काट कर 42 वॉ र.ऋउ कैथपुरा चॉयटोला फुटबाल चैलेंज शील्ड प्रतियोगता का शुभारंभ धनौरा पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार मंडल जी ने किया पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि राजेश मंडल ,सरपंच भैरो मंडल एंव गण्यमान्य लोग उपस्थित थे जिसमे पहला मैच कहलगांव श/र फतेहपुर के बीच खेला गया फुटबाल मैच के अध्यक्ष अनिरुध

मंडल ,सचिव मनोज कुमार, कप्तान दिपक कुमार उपकप्तान गोलु कुमार, जिसमे फुटबाल मैच का फाइनल 27 जनवरी 2023 को खेला जाऐगा

आर्म्स तस्करी मामले को लेकर गुजरात पुलिस पहुंची नाथनगर

संस,नाथनगर : गुजरात के सवालिया पुलिस स्टेशन में कुछ दिन पूर्व एक अपराधी आर्म्स के साथ एक अपराधी पकड़ा गया था। जिसका लिंक नाथनगर से जुड़ा है। गुजरात में पकड़े गए अपराधी को साथ लेकर पहुंची पुलिस ने केबी लाल रोड निवासी मनीष यादव के घर छापेमारी की। लेकिन वह घर से फरार मिला। नाथनगर इंस्पेक्टर मु.खलीक उजमा ने बताया कि गुजरात में एक अपराधी पकड़ा गया था,जिसने वहां किसी बड़े कांड को अंजाम दिया था।उसके पास से जो आर्म्स बरामद हुआ था, पुलिसिया पूछताछ में बताया था की आर्म्स उसने नाथनगर के रहने वाले मनीष यादव से खरीदा था। मनीष का घर नाथनगर थाने के सामने है। इंस्पेक्टर ने बताया की मनीष की गिरफ्तारी नहीं होने पर गुजरात पुलिस वापस चली गई।

एकमा, दिघवारा व सोनपुर सहित छह नगर पंचायतों में मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

एमएन सिंह मुन्ना/अरविंद कुमार, दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। सारण जिले में पहले चरण में सोनपुर नगर पंचायत, दिघवारा नगर पंचायत, मढ़ौरा नगर पंचायत, रिविलगंज नगर पंचायत, एकमा बाजार नगर पंचायत व परसा बाजार नगर पंचायत यानी छह नगर निकायों में रविवार को मतदान होने हैं। निकाय चुनाव को लेकर विभिन्न प्रखंडों में बने डिस्पैच सेंटरों से शनिवार की शाम में ईवीएम व मतदान सामग्री उपलब्ध करा कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिसमें शामिल पोलिंग पार्टियां शाम तक अपने बूथों पर पहुंच गईं।

जनता दरबार में तीन जमीनी विवादों के हुए निष्पादन

दैनिक समाज जागरण गड़खा (सारण)। शनिवार को गड़खा थाने में जनता दरबार आयोजित किया गया। जिसमें अंचल अधिकारी के समक्ष 10 जमीनी विवादों से संबंधित मामले आए। सुनी। जिनमें से तीन विवादों का मौके पर निपटारा कर दिया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सहित ग्राम रक्षा दल के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

बुढ़ापा के सहारा त छीन गईल, बाकी अब कईसे कटी आगे के जिंदगी...!

धर्मेन्द्र पाण्डेय, दैनिक समाज जागरण

मशरक (सारण)। मशरक के बहरौली गाँव के मृतक नरेश साह के घर दो तीन दिन से चुल्हा नहीं जला है। घर पर अकेली मृतक की माँ जिउत कुंवर तीन बच्चों के साथ है, जो फफक कर रोते हुए आने जाने वालो से कह रही है कि हमर त बुढापा के सहारा छीन गईल आगे के जिंदगी कईसे कटी। पति की पहले ही मौत हो गयी। बुढ़ापे का सहारा दो पुत्रों में एक की मौत हो गयी। जबकि दूसरा पुत्र कुँआरे राजेश साह का ईलाज मढौरा के एक निजी क्लिनिक में चल रहा है,जो जिंदगी और मौत से जुझ रहा है। परिजनों ने बताया कि छपरा सदर अस्पताल से बेहतर उपचार के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है।जहाँ कर्ज लेकर ईलाज कराया जा रहा है।मृतक की पत्नी लालसा देवी और पिता को मुखाग्नि देकर पहुंचा 7 वर्षीय पुत्र अस्पताल में दुसरे भाई की जिंदगी बचाने में लगे हुए हैं।

मशरक में जहरीली शराब से अब तक 34 लोगों की मौत

दैनिक समाज जागरण मशरक/सारण (धर्मेन्द्र पाण्डेय)। मशरक में जहरीले शराब से अबतक 34 लोगों ने अपनी जान गवाई है। जिसमें आधी संख्या आदर्श पंचायत कहे जाने वाले मशरक के बहरौली पंचायत के बहरौली गाँव कि है। इस गाँव से अबतक कुल 15 लोग की मौत हो चुकी है। जबकि दुरगौली पंचायत में 3, गंगौली पंचायत में 9, मशरक नगर पंचायत में 6, बंगरा पंचायत में 1 कई मौत हो चुकी है। जबकि दर्जनों लोग सरकारी और निजी अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जुझ रहे हैं ।घटना के बाद गाँव का परिदृश्य ही बदल गया है । हर तरफ मातम पसरा हुआ है । किसी के बुढ़ापे का सहारा छीन गया तो किसी के सर से पिता का साया । जहरीली शराब कहा से आयी यह अब भी सवाल बना हुआ है। जहरीले शराब से विधवा हुई महिलाएं अपने भाग्य को कोसते हुए उन लोगों को भी बददुआ दे रही है जिनके कारण उनका मांग सुनी हो गई ।अब बेसहारा गरीब पीड़ित परिवार अपनी जिविका के लिए सरकारी मुआवजे की उम्मीद लगाए बैठी है। जो बिटिया की शादी और बच्चों की परवरिश के लिए मददगार हो । दरवाजे पर हर आने जाने वाले जन प्रतिनिधि से सरकारी मुआवजा दिलवाने की गुहार लगायी जा रही है।

सारण जिले में अब तक जहरीली शराब से हुई 73 मौतें

थाने के पास सबसे ज्यादा शराब बिकी, सप्लायर खुद शराब पीकर मरा

दैनिक समाज जागरण मशरक (सारण)। मशरक और अलग बगल के प्रखण्ड के अलग अलग गांवों में जहरीली शराब से अब तक 100 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। ये सरकारी आंकड़ा नहीं है। सरकारी आंकड़ा 73 के करीब हैं। वहीं दर्जनों मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर है। वही शुक्रवार तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक से लगभग एक दर्जन मरीजों को रेफर किया गया है। यानी मौतें और बढ़ सकती हैं। जिस मशरक इलाके में घटना हुई है, वहां के थानेदार रितेश मिश्रा और चौकीदार को सस्पेंड किया गया है। जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। जहरीली शराब प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें 2 की गिरफ्तारी भी हुई है। उत्पाद विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। वही शराब बेचने वाला कुणाल सिंह व कुणाल का मददगार मधु सिंह और मुकेश कुमार की मौत उसी जहरीली शराब से हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में शुक्रवार को डुमरसन से जहरीली शराब पीकर इलाज कराने पहुंचे शख्स की आंखों की रोशनी गायब हो गई थी। वहीं उसने स्वीकारा किया कि शराब गांव के ही एक शख्स ने बेची। वहीं कन्या मध्य विद्यालय मशरक के पास सड़क किनारे शराब पीकर गिरे शख्स को लोजपा नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह और कुंदन कुमार सिंह ने इलाज के लिए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में पहुंचाया जहां से सभी को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। वहीं जहरीली शराब पीकर मृत हुए परिजनों से मिलने को नेताओं का आना जाना लगा हुआ है।

मीरगंज व्यापार मंडल सहयोग समिति के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी

दैनिक समाज जागरण गोपालगंज (सारण)। मीरगंज व्यापार मंडल सहयोग समिति के चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए कुल आठ अभ्यर्थियों ने बीडीओ सह आरओ के समक्ष नामांकन दाखिल किया। बीडीओ सह आरओ मनोज कुमार पंडित ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एक मात्र संतोष यादव ने नामांकन किया है। निर्धारित अवधि तक महज एक ही नामांकन अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किया गया है। सदस्य पद के लिए उमाशंकर प्रसाद, प्रभुनाथ यादव, सुनील राय शर्मा,दीनानाथ पांडेय,सुमन यादव रीता देवी तथा जुठन राम ने नामांकन किया है। गुरुवार को सभी नामांकन पत्रों की जांच की गई जिसमें सभी नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। इसके बाद अध्यक्ष सहित सभी सात सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। हालांकि अभी इसकी अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

कटेया में नगर निकाय चुनाव की सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी, मतदान आज

दैनिक समाज जागरण गोपालगंज। नगर पंचायत कटेया में नगरपालिका चुनाव के लिए सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर पंचायत के निवार्ची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता शार्दुल हसन खां लगातार प्रखंड मुख्यालय में कैंप कर रहे हैं। रविवार को चुनाव में कुल 15066 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। नगर में चेयरमैन पद के लिए कुल 10 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि उप चेयरमैन के लिए सात उम्मीदवार हैं। नगर पंचायत के 13 वार्डो के लिए 7911 पुरुष मतदाता एवं 7154 महिला मतदाता मतदान करेंगे। मतदान के लिए पूरे नगर को कुल 4 सेक्टरों में विभक्त किया गया है , जिसके लिए 3 क्लस्टर बनाए गए हैं। चुनाव कर्मी प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी से सामग्री प्राप्त कर अपने- अपने मतदान केंद्रों की तरफ रवाना होगे ।

नगर पंचायत एकमा बाजार में 29507 मतदाता आज करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

प्रो. अजीत कुमार सिंह/संजीत कुमार/अरविंद कुमार, दैनिक समाज जागरण

छपरा/एकमा (सारण)। नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण में रविवार को नगर पंचायत एकमा बाजार के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद हेतु कुल 39 बूथों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चुनाव में 29507 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राजेश मीणा के द्वारा शनिवार की शाम मतदान कार्य में तैनात मतदान अधिकारियों के साथ ऑनलाइन वर्चुअल जूम मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान से ईवीएम सहित अन्य चुनाव सामग्रियों के साथ जोनल सेक्टर व सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित पीसीसीपी पार्टी को मतदान केंद्रों के लिए देर शाम तक निवार्ची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर, सीओ कुमारी सुषमा, नगर पंचायत के ईओ अनिरुद्ध कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी, प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बेदी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी आदि के द्वारा मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

वहीं शनिवार की शाम तक अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं।

इस अवसर पर एकमा थानाध्यक्ष देव कुमार तिवारी, शिक्षक संजय भारती कुमार रश्मि रंजन, उपेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, अमरेंद्र कुमार, सुधीर श्रीवास्तव, गजेन्द्र कुमार, निर्भय कुमार आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

हंसराजपुर मध्य विद्यालय में बना है पिंक व मॉडल बूथ:

रविवार को नगर पंचायत एकमा बाजार में होने वाले मतदान को लेकर महिला और आदर्श बूथ भी बनाया गया है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में स्थित मध्य विद्यालय हंसराजपुर के बूथ संख्या 11/1 को पिंक बूथ और मतदान केंद्र संख्या 11/2 को मॉडल भूत बनाया गया है। इसकी जानकारी देते हुए एआरओ सह बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर ने बताया कि हंसराजपुर मध्य विद्यालय में स्थित दो बूथों को विशेष रूप से सजाया संवारा गया है। जहां मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उधर एकमा थाना अध्यक्ष देव कुमार तिवारी के नेतृत्व में नगर पंचायत बाजार के विभिन्न वार्डों में फ्लैग मार्च निकालकर भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपील की गई।

एकमा में मुख्य पार्षद के 12 व उप मुख्य पार्षद पद के 6 प्रत्याशी मैदान में:

नगर पंचायत एकमा बाजार में रविवार को होने वाले चुनाव के लिए मुख्य पार्षद के लिए पांच महिलाएं व सात पुरुष सहित कुल 12 और उप मुख्य पार्षद के छह पुरुष प्रत्याशी अपने भाग्य आजमाने के लिए चुनावी समर में हैं। वहीं विभिन्न वार्डों में वार्ड पार्षद के 63 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें वार्ड संख्या 6 और 7 में वार्ड पार्षद का निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। जिसके लिए कुल 29507 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए शनिवार को रात भर प्रत्याशी और उनके समर्थक जागकर मतदाताओं के दरवाजे पर दस्तक देकर अपने पक्ष में गोलबंद करने हेतु प्रयास करते रहे।

पौधा लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान में शामिल होंगे इंडेन ग्राहक

इंडेन ग्राहकों को पौधा लगाने व उसका संरक्षण करने को क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया प्रेरित

दैनिक समाज जागरण

मांझा (गोपालगंज)। पौधा लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान को अब और गति मिलेगी। पौधा लगाने से बढ़कर परोपकार का कार्य अन्य कोई नहीं है। सभी सामाजिक कार्यों में स्वयं का हित निहित मिलता है। लेकिन पौधा लगाने में सबका हित शामिल होता है। ऐसे में सबको पौधा लगाना चाहिए। एक पौधा सौ पुत्रों के समान माना गया है। ऐसे में प्रदूषण मुक्त भारत बनाने को लेकर सरकार ने एलपीजी गैस की शुरूआत किया। उसी के तर्ज पर एक कनेक्शन एक पौधा का शुभारम्भ किया जा रहा है। आप सभी इस अभियान से जुड़कर प्रदूषण मुक्त भारत बनाने का प्रयास करें। उक्त बातें स्थानीय प्रखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के किनारे स्थित कोइनी पश्चिम टोला में नव निर्मित आनंद इंडेन ग्रामीण वितरक रसोई गैस एजेंसी का उद्घाटन इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक रजत कुमार सिंह ने पर्यावरणविद् डॉ सत्य प्रकाश के साथ पौधा लगाते हुए कहा। इन्होंने एजेंसी के प्रथम ग्राहक को कनेक्शन से सम्बन्धित सामग्री के साथ साथ पौधा देकर सम्मानित किया। एजेंसी के उद्घाटन में पहुंचे ग्राहकों को क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री सिंह द्वारा एक कनेक्शन एक पौधा योजना का मूर्त रूप देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में प्रदूषण मुक्त वातावरण तभी कायम हो सकेगा जब हम पौधा लगाएंगे। इस बाबत क्षेत्रीय प्रबन्धक ने वितरक नन्द जी प्रसाद को विशेष रूप से सभी प्रकार के कनेक्शन पर एक पौधा उपहार स्वरूप देने का निर्देश दिया। पर्यावरणविद् डॉ सत्य प्रकाश ने ग्राहकों को पौधा लगाने के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जीवन में सभी शुभ कार्यों की शुरूआत आप सभी पौधा लगाकर करें। इसके कई बहुआयामी फायदे आपको मिलेंगे। पौधा जीवन साथी है जो जीवन भर हमारा साथ निभाता है और इस दुनिया को अलविदा करते समय भी साथ जाता है। पर्यावरणविद् डॉ प्रकाश ने सबको पौधा लगाने के लिए प्रेरित भी किया। वहीं वितरक नन्द प्रसाद ने कहा कि रसोई गैस एजेंसी खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अब लोगों को रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस एजेंसी के माध्यम से लोगों को मिलने वाली सभी सुविधाएँ उपलब्ध रहेगी। मौके पर अनीता देवी, उचकागांव इण्डेन के संचालक प्रेमनाथ चंचल,नुरेन अंसारी, अशरफ अली, लक्ष्मण प्रसाद, प्रदीप कुमार, विजय, रंजय कुमार, सोमेश्वर तिवारी आदि ने भी इस अवसर पर पौधरोपण में भाग लिया।

जिनका दोष नहीं उनके प्रति संवेदना जरुरीः शैलेंद्र प्रताप

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। सारण में जहरीली शराब से हो रही मौत की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई परिवार इस घटना में पीड़ित हुए हैं। सारण विकास मंच के संयोजक व वरिष्ठ नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह लगातार पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी मदद का प्रयास कर रहे हैं। शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अटौली, महुली, डोईला, छपियां में पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। इस दौरान शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसी घटना भयावह है। इतने लोगों की मौत की बात सोच कर ही मन सिहर जाता है। क्योंकि जितने लोगों की मौत हो चुकी है, उनका परिवार बेसहारा हुआ है। जबकि इन परिजनों का तो रत्ती भर दोष नहीं था। आगें उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के लिए हम हर संभव मदद का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसमें सरकारी मदद की भी जरुरत है। बिना सरकारी मदद के इन बेसहारा परिवारों को सहारा मिलना संभव नहीं है। राज्य की जनता की पूरी जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। कानूनी प्रावधानों से अलग इस विषय में सोचने की जरूरत है। क्योंकि दर्जनों बेसहारा परिवार की उम्मीद अब सरकार से ही है। उन्होंने कहा कि हमलोग माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से इस मामले में आत्मीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सहयोग का अनुरोध करते हैं। साथ ही सारण विकास मंच जितना संभव हो सकेगा पीड़ित परिवारों की मदद के लिए खड़ा रहेगा।

जहरीली शराब से मौत के बाद शराब के विरुद्ध पुलिस का छापेमारी अभियान तेज

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। जिले के कई प्रखंडों में जहरीली शराब से हो रही मौत के बाद सारण पुलिस हड़कम्प में है। जिसको लेकर पुलिस अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ पूरे जिले में विशेष अभियान चला रही है और शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर रही है। वहीं छापेमारी के दौरान शराब निर्माण के लिए रखे गए सामग्री को भी पुलिस नष्ट कर रही है। तरैया पुलिस ने चैनपुर खराटी गांव में पुलिस ने छापेमारी कर शराब निर्माण के लिए रखे गए डेढ़ किवंटल यूरिया खाद, 10 किलो कोयला और दस लीटर चुलाई शराब बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मोहम्मद शोएब आलम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर खराटी गांव में अनीता देवी और महेश मांझी के यहां छापेमारी की गई तो दोनो के घर पांच-पांच लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया, साथ ही शराब निर्माण के लिए रखे गए तीन पॉकेट उजला यूरिया खाद एवं 10 किलो कोयला भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले में शराब विक्रेता अनीता देवी एवं महेश मांझी की पत्नी को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज पर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं पुलिस ने विगत दिनों तरैया के नारायणपुर और बेलहरी गांव में छापेमारी कर 45 लीटर देसी शराब बरामद किया था। साथी ही मौके से दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार धंधेबाज नारायणपुर गांव निवासी रामायण मांझी एवं बेलहरी गांव निवासी चंदेश्वर मांझी है। जिन्हें छपरा जेल भेज दिया गया।

विवादित जमीनी का कमिश्नर द्वारा स्थलीय मुआयना के दौरान मारपीट

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के पोखरेड़ा गांव में विवादित जमीन पर कोर्ट द्वारा बहाल कमिश्नर के स्थल मुआयना के दौरान मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पोखरेड़ा बगही निवासी धर्मनाथ राय ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि छपरा न्यायालय में हकीयत वाद संख्या-86/2022 में स्थल निरीक्षण को लेकर आवेदन दिया गया था। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा बहाल अधिवक्ता आयुक्त के स्थल मुआयना किया जा रहा था। उसी दौरान प्रतिवादी जीतेन्द्र राय गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हत्या करने का प्रयास किया। वहां से जान बचा कर किसी तरह से थाने जा रहा था। तबतक राजू राय व कंचन राय मेरे घर पर जाकर चापाकल व बिजली मोटर तोड़ फोड़ करते हुए महिलाओं के साथ छेड़खानी करने का प्रयास किये। जिससे लगभग 50 हजार रुपये की संपति की क्षति हुई है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

23 दिसंबर से होगी स्नातक पार्ट टू की प्रैक्टिकल परीक्षा

दैनिक समाज जागरण गोपालगंज/छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के तहत स्नातक पार्ट टू सत्र 2019-22 और स्नातक पार्ट टू स्पेशल परीक्षा 2021 की प्रैक्टिकल परीक्षा 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक होगी। जिसमें आनर्स विषयों की प्रैक्टिकल परीक्षा 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक होगी। जबकि सब्सिडियरी व सामान्य विषयों की प्रैक्टिकल परीक्षा 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित होगी। इस संबंध में जेपी विवि के परीक्षा नियंत्रक ने केन्द्राधीक्षकों को पत्र जारी किया है। जिसमें कहा है कि परीक्षा केन्द्र का निर्धारण कर सूची केन्द्राधीक्षकों को भेज दी गयी है। केन्द्राधीक्षक अपने-अपने परीक्षा केन्द्र पर आंतरिक परीक्षक को अपने महाविद्यालय से और वाह्य परीक्षक को निकटतम अंगीभूत या सम्बद्ध महाविद्यालयों से बनाकर प्रैक्टिकल परीक्षा संपन्न कराएं। परीक्षार्थी अपने परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी संबंधित परीक्षा केन्द्र पर जाकर प्राप्त करेंगे। जिसकी सूचना केन्द्राधीक्षक अपने परीक्षा केन्द्र पर छात्रों को सूचित करते हुए सूचनापट्ट पर लगाएंगे।

'जो पिएगा वो मरेगा' वाले बयान पर सुशील मोदी का तीखा प्रहार, कहा – जो पलटी मारेगा वो राज करेगा

दैनिक समाज जागरण, धर्मेन्द्र पाण्डेय/अर्जुन सिंह,

छपरा/मशरक (सारण)। मशरक और छपरा में जहरीली शराब के कारण अबतक 70 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना को लेकर बिहार में विपक्ष में बैठी पार्टी भाजपा लगातार सीएम नीतीश कुमार पर हमलावर है। भाजपा द्वारा छपरा कांड में मृतक के परिजनों को मुयाबजा दिलवाने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही इस मामले में खुद सीएम के बयान ' जो पिएगा जो मरेगा ' को लेकर भी तरह- तरह बातें कही जा रही है। इसी कड़ी में अब बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने नीतीश पर तीखा तंज कसा है। भाजपा के राज्यसभा सांसद ने कहा कि, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कह रहे हैं कि 'जो पिएगा वो मरेगा' तो उनसे पूछना हैं कि क्या जो जो पलटी मारेगा वो राज करेगा। इसके आलावा उन्होंने एक ट्वीट को शेयर भी किया है जिसमें कहा गया है कि, पहले मौत पर हँसो, फिर कहो शोक नहीं मनाऊंगा और परिवारों के नुकसान की भरपाई नहीं करूँगा। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि, बिहार के मुख्यमंत्री को यह सोचना चाहिए कि, वो कौन थे जो नकली शराब लेकर आए ? क्या इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की नहीं ? मुआवजा क्यों नहीं देंगे। कम से कम इतना तो समझना चाहिए की छपरा के लोग गरीब लोग हैं, इसलिए कम से कम थोड़ी संवेदना तो दिखाएं। इन गरीबों को थोड़ी मदद मिल जाएगी तो उनका क्या चला जाएगा। सुमो ने कहा कि,आप शराब बनाने वाले को एक करोड़ रुपया दे रहे हैं और मरने वालों को मुआवजा नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मशरक के अलग अलग गांवों में जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और परिजनों को सांत्वना दिया।वही उन्होंने पार्टी स्तर पर भी मुवाअजा देने का भरोसा दिया। मौके पर भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, तरैया भाजपा विधायक जनक सिंह, छपरा विधायक डॉ सीएन गुप्ता समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

शराब कांड के पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे चिराग पासवान, मृतक के बच्चें को गोद में लेकर हुए भावुक

दैनिक समाज जागरण

मशरक/सारण (धर्मेन्द्र पाण्डेय)। मशरक में जहरीली शराब से हुई मौत को लेकर सियासी खींचतान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज यानी शनिवार को एलजेपी के अध्यक्ष चिराग पासवान मशरक पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान एक महिला उन्हें पकड़कर फुट-फूटकर रोने लगी। उसने अपने को दर्द बयां किया। जिसे सुनकर चिराग भावुक हो गए। वहीं, मशरक पहुंचकर चिराग ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा हमला बोला।चिराग ने कहा था कि मशरक में लोगों की शराब से मौत नहीं बल्कि उनकी हत्या हुई है। वहीं, उन्होंने सीएम से इस्तीफे की भी मांग की। मौत के लिए उन्होंने नीतीश कुमार को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी कानून फेल है। मुख्यमंत्री के बयान से स्पष्ट है कि शराबबंदी कानून ही इन्हें गद्दी से उतारेगा। गौरतलब है कि छपरा में जहरीली शराब से मौत का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा हैं। जहरीली शराब पीने से अब तक 73 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि अब भी दर्जनों लोग जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। मंगलवार से शुरू हुआ मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मृतकों के परिजनों में चीख पुकार मची हुई है। एक साथ इतने लोगों की मौत को लेकर बिहार का सियासी पारा चरम पर पहुंच चुका है।

रामायण का एक-एक प्रसंग जीवन को बहुत प्रेरणा देता हैः मधुकर जी महाराज

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। प्रखंड के भटगाई हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा सह हनुमन जयंती महायज्ञ के छठे दिन वाराणसी से आए प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य श्री मधुकर जी महाराज ने भगवान श्री राम के वनवास की कथा सुनाई। केवट प्रसंग में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को अपने भक्तों के आगे स्वयं विष्णु भगवान राम भी विवश हो जाते हैं। हों भी क्यों न जब भक्त पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से अपना सर्वत्र प्रभु के चरणों में अर्पित कर दें तो ऐसे भक्त की बात को भला कौन टाल सकता है। रामायण का एक-एक प्रसंग है, जो जीवन को बहुत प्रेरणा देता है। वह कौन था जिसने भगवान श्रीराम को एक पैर पर खड़ा रहने के लिए मजबूर कर दिया, बाद में देवों ने की पुष्प वर्षा भगवान राम की विनम्रता और सहजता का जितनी व्याख्या की जाए कम है। वे हर एक रूप में पूर्ण दिखाई देते हैं। पुत्र, भाई, राजा, सखा, पति और शिष्य कौन सा ऐसा स्वरूप है। जिसमें भगवान पूर्णता का अहसास नहीं कराते हैं। भगवान राम सभी रूपों में अनुकरणीय नजर आते हैं। भगवान राम जिनका अगले दिन राज्याभिषेक होना है और माता कैकयी उन्हें वनगमन का आदेश देती हैं। वे इसका चित मात्र भी दुख व्यक्त नहीं करते हैं और माता के आदेश का खुशी खुशी पालन करते हुए वनगमन के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। यहां पर भगवान राम एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जो व्यक्ति की महानता को प्रदर्शित करता है। भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण के साथ वनगमन के लिए जब प्रस्थान करते हैं तो उनकी भेंट केवट से होती है। केवट का संबंध भोईवंश से था और मल्लाह का काम किया करता था। रामायण में केवट का वर्णन प्रमुखता से किया गया है। केवट ने प्रभु श्रीराम को वनवास के दौरान माता सीता और लक्ष्मण के साथ अपने नाव में बिठा कर गंगा पार करवाया था। रामायण के अयोध्याकाण्ड में इस प्रसंग का बहुत खूबसूरत ढंग से वर्णन किया गया है। गंगा को पार करने के लिए प्रभु श्रीराम केवट को पुकारते हुए कहते हैं कि निषाद राज तनिक नाव को किनारे लाएं, पार जाना है। इस बात को रामायण की इस चौपाई के माध्यम से समझाया गया है।

मागी नाव न केवटु आना। कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना॥
चरन कमल रज कहुं सबु कहई। मानुष करनि मूरि कछु अहई।।

मौके पर महाराजगज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, वरिष्ठ नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, बीडीओं कृष्ण कुमार सिंह, सीओं अंकु गुप्ता, थानाध्यक्ष महमद शोएब आलम, प्रशिक्षु दरोगा प्रवेश कुमार, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, अभिषेक कुमार सिंह उर्फ गुड्डु, अरविंद कुमार, उपाध्याय युवा नेता रंजीत सजीव चौबे, डॉ दिलीप सिह, कुमार संजीव रंजन, सरपंच नितेश सिह, आचार्य चंदन ओझा, हिमाशु मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, सुकेश त्रिवेदी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

साइकिल सवार को बाइक सवार ने ठोकर मारी

दैनिक समाज जागरण तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के आकुचक गांव में पूर्व के दुश्मनी को लेकर साइकिल सवार एक व्यक्ति को बाइक से ठोकर मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया है। जख्मी व्यक्ति को रेफरल अस्पताल तरैया में प्राथमिक उपचार के बाद उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति आकुचक गांव निवासी अमरेंद्र राम ने ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही मनीष कुमार सहनी और विवेक कुमार सहनी को नामजद अभियुक्त बनाया है। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि वह अनुसूचित जाति का बेहद ही कमजोर व्यक्ति है और मजदूरी करके अपना घर परिवार चलाता है। सरेया गांव से मजदूरी कर शाम में वह अपने घर लौट रहा था कि उसी दौरान टीकमपुर मंदिर के समीप दोनों आरोपियों ने उसके साइकिल में अपने बाइक से ठोकर मार दिया और उसे गिरा दिया। जब वह जमीन पर गिर गया तो आरोपीगन उसे जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए जान मारने की नीयत से गर्दन दबाने लगे। मारपीट के दौरान आरोपियों ने देसी कट्टा निकालकर कट्टा के बट से उसके सिर पर मार कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके पॉकेट से पांच सौ रुपये निकाल लिए। जख्मी अवस्था में उसका रेफरल अस्पताल तरैया में उसका किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सीटी स्कैन के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद जहरीली शराब पीने से मौत का तांडव जारीः रामदयाल शर्मा

ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन एवम बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा ने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब पीने से मौत की घटनाओं का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हर बार स्थान और पीड़ित परिवार के चेहरे बदल जाते हैं। इस बार छपरा में जहरीली शराब पीने से लगातार 3 दिन से मौत का तांडव जारी है, अब तक सैकड़ो लोगों की मौत हो चुकी है। कुछ माह पूर्व भी छपरा में शराब पीने से आठ लोगों की मौत हुई थी। हर बार प्रशासन की ओर से जांच का आदेश दिया जाता है, लेकिन नतीजा सिर्फ कागजों में ही दबकर रह जाती है। शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ रही है हर बार घटना के बाद कुछ गिरफ्तारी होती है लेकिन समस्या की जड़ पर चोट नहीं किया जाता है इसका जिम्मेदार शासन या प्रशासन ?

श्री शर्मा ने कहा कि बिहार में जहरीली शराब से करीब 50 से अधिक लोगों की मौत के बाद भी नीतीश कुमार सरकार शराबबंदी की अपनी नीति को लेकर जिस तरह अडिग नजर आ रही है, उससे यही स्पष्ट होता है कि वह यह बुनियादी बात समझने को तैयार नहीं की दुनिया में कहीं भी शराबबंदी सफल नहीं हुई। इस पर हैरानी नहीं की यह बिहार में भी नाकाम है। भले ही पुलिस-प्रशासन शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए पूरा जोर लगाए रहता हो, लेकिन सच यही है कि वह कहीं अधिक आसानी से उपलब्ध है। शराब की अवैध बिक्री के धंधे ने एक उद्योग का रूप ले लिया है और वह मांग पर वांछित स्थान पर पहुंचाई जा रही है। इससे न तो शासन अनभिज्ञ हो सकता है और न ही प्रशासन।

श्री शर्मा ने कहा कि शराबबंदी की नाकामी का पता अवैध तरीके से शराब बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किए जाने वाले लोगों की संख्या से भी पता चलता है और शराब पीने वालों की पकड़-धकड़ से भी। इसमें संदेह नहीं कि छपरा जिले में जहरीली शराब से हुई मौत के लिए शराब की अवैध बिक्री में लिप्त तत्व ही जिम्मेदार हैं। इस घटना ने यह भी स्पष्ट कर दिया की बिहार में शराब चोरी-छिपे बिक भी रही है और उसे अवैध तरीके से बनाया भी जा रहा है। बिहार में जहरीली शराब से मौत का यह पहला मामला नहीं। इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। छपरा में जहरीली शराब से हुई मौत पर यह कह कर पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता कि जो शराब पिएगा, वह तो मरेगा ही।

प्रदर्शन तथा पुतला दहन में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सिवान जिला प्रभारी और रणजीत कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिनारायण सिंह, महामंत्री शांतनु कुमार, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, सुपन राय, गयात्री देवी, प्रवक्ता विवेक कुमार सिंह, मंडल प्रभारी श्याम बिहारी अग्रवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष बबलू मिश्रा, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, ददन सिंह, बलवंत सिंह, मनोज पांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनू सिंह, अनिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, गामा सिंह, मदन सिंह, हेम नारायण सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह डिक, अनूप यादव, अजय साह, भारत माझी, गणेश गोकुल, अंकुर श्रीवास्तव, विक्की श्रीवास्तव, आदित्य सिंह आदि उपस्थित हुए।

पालीगंज में मद्ध निषेध बिभाग के बड़ी कार्यवाई से सहमे शराब कारोबारी

25 लीटर महुआ शराब सहित 11 हजार kg जावा महुआ किया विनष्ट, दर्जनों भट्ठियां किया ध्वस्त

पालीगंज:- संवाददाता वेद प्रकाश पालीगंज/ पालीगंज में नगर निकाय चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मद्ध निषेध बिभाग ने शनिवार को बड़ी कार्यवाई किया। जिसके दौरान पालीगंज से सटे महाराजगंज मुशहरी व खपुरा मुशहरी में छापेमारी कर 25 लीटर महुआ शराब सहित 11 हजार kg जावा महुआ विनष्ट कर दिया। वही कार्यवाई के दौरान दर्जनों छोटी बड़ी शराब निर्माण करनेवाली भट्ठियां भी ध्वस्त कर दिया। इस बड़ी कार्यवाई के बाद शराब कारोबारी श्रम चुके है।

ज्ञात हो कि पालीगंज में 18 दिसम्बर को नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदान कराई जाएगी। लेकिन इलाके में शराब कारोबार थमने का नाम नही ले रही है। पालीगंज मद्ध निषेध पुलिस प्रतिदिन दर्जनों शराबियों व शराब कारोबारियों को पकड़कर जेल भेज रही है। वही शांतिपूर्ण माहौल में मतदान कराने को लेकर मद्ध निषेध पुलिस ने शनिवार को कड़ी कार्यवाई किया। जिसके

दौरान मद्ध निषेध विभाग के पालीगंज अधीक्षक अभय कुमार मिश्रा व मद्ध निषेध के पालीगंज थानाध्यक्ष दीपक कुमार के नेतृत्व में गठित टीम पालीगंज से सटे महराजगंज मुशहरी व खपुरा मुशहरी में छापेमारी किया। इस कार्यवाई में पालीगंज पुलिस ने भी सहयोग किया। कार्यवाई के दौरान ड्रोन कैमरे व खोजी कुते का सहयोग लेकर पुलिस ने दर्जनों छोटी बड़ी शराब निर्माण करनेवाली भट्ठियां ध्वस्त कर दिया। यह कार्यवाई पालीगंज के महराजगंज मुशहरी व खपुरा मुशहरी में शराब कारोबार विकसित होने की गुप्त सूचना पाकर मद्ध निषेध पुलिस ने किया है।

वही इस मामले में मद्ध निषेध विभाग के पालीगंज अधीक्षक अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यवाई के दौरान महराजगंज मुशहरी से 9 हजार जावा महुआ व 20 लीटर देशी शराब नष्ट किया गया है। जबकि खपुरा मुशहरी से 2 हजार kg जावा महुआ व 5 लीटर देशी शराब नष्ट किया गया है। वही छोटी बड़ी दर्जनों भट्ठियां भी ध्वस्त कर दी गई है। इस दौरान खोजी कुते व ड्रोन कैमरे की सहायता ली गयी है। जबकि पालीगंज पुलिस भी सहयोग कर रही थी।

पानीटंकी के इंडो-नेपाल सीमा से ई-रिक्शा की आवाजाही पर रोक, ई-रिक्शा चालकों ने जताया खेद!

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । खोरीबाड़ी प्रखंड अंतर्गत पानीटंकी इंडो-नेपाल सीमा पर बिना किसी निर्देश के ई-रिक्शा को सरहद पर आवाजाही पर एस एस बी द्वारा रोक लगा दिया गया है। मद्देनजर जल्द से जल्द ई-रिक्शा की आवाजाही की मांग को लेकर ई-रिक्शा चालक धरने पर बैठ विरोध प्रदर्शन किया ।

जानकारी के अनुसार, आज खोरीबाड़ी प्रखंड अंतर्गत पानीटंकी में पानीटंकी ई-रिक्शा यूनियन के टोटो चालक धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। चालकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि एसएसबी द्वारा बेवजह ई-रिक्शा के आवागमन पर रोक लगा दिया गया है। ई-रिक्शा चालकों ने चेतावनी दी है कि अगर ई-रिक्शा की आवाजाही जल्द से जल्द सामान्य नहीं की गई तो वे वृहद आंदोलन करेंगे। ज्ञात हो कि रोजी-रोटी के जुगाड़ में काफी संख्या में लोग ई-रिक्शा चलकर अपनी रोजी रोटी की जुगाड़ करते हैं । साथ ही रोजी रोटी की जुगाड़ में कई महिलाएं भी ई-रिक्शा चलाने हेतु बाध्य हैं । ऐसे में अन्तराष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर सरहद पार नेपाल जाने से ई-रिक्शा चालकों को रोक देना कहाँ तक न्यायोचित है, यह

समझ के परे है । महिला ई-रिक्शा चालक इतिकोला बर्मन कहती हैं कि मैं ई-रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हूँ । ऐसे में एस एस बी 41वीं बटालियन द्वारा ई-रिक्शा लेकर नेपाल आवागमन पर प्रतिबंध लगाने पर, सोचकर चिंतित हूँ कि कैसे मेरे बाल बच्चों का लालन-पोषण होगा । उन्होंने बताया कि यदि देश सुरक्षा की बात है तो सरहद क्रॉस करते समय ई-रिक्शा को अच्छी तरह सर्च करना एस एस बी की जिम्मेवारी है । न कि सर्च करने के बजाय ई-रिक्शा आवागमन पर ही प्रतिबंध लगा दी जाय । ऐसे में कैसे गुजर बसर होगा सोच कर चिंतित हूँ ।

एसएसबी सूत्रों के अनुसार ई-रिक्शा में वैध नंबर और दस्तावेज नहीं होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह फैसला लिया गया है । यदि ई-रिक्शा को किसी भी स्तर से कोई वैध नंबर प्रदान किया जाय तो आवागमन में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई आपत्ति नहीं होगी ।

वहीं एस एस बी सिलीगुड़ी फ्रंटियर के आई जी अमित कुमार से बात करने पर ऐसी किसी जानकारी से सीधे तौर पर इंकार कर देना चिंता का विषय है कि आखिर किसके आदेश पर ऐसा निर्णय लिया गया । कौन जिम्मेवार होगा इन ई-रिक्शा चालकों के भरण पोषण का ।

शराब के साथ पियक्कड़ गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण भोरे (गोपालगंज)। भोरे पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए आठ बोतल शराब के साथ एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया। जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव के साथ एएसआई संजीत कुमार सिंह शराब बरामदगी को लेकर गश्ती में निकले हुए थे। तभी यह गुप्त सूचना मिली कि काली मोड़ पर एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने काली मोड़ पर छापेमारी की जहां एक व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगा। भाग रहे शख्स को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पॉकेट से आठ बोतल शराब बरामद की गयी। साथ ही उसके मुंह से गंध आने पर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गयी जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार पियक्कड़ की पहचान काली मोड़ के दिनेश जायसवाल के रूप में की गयी है।

खाता 846 की जांच के विरोध में बाजार बंद करेंगे व्यवसायी

दैनिक समाज जागरण

मांझागढ़ (गोपालगंज)। मांझा प्रखण्ड के नई बाजार के व्यवसायियों ने मंगलवार को बाजार बंद करने का आह्वान किया है। दुकानदारों का कहना है कि पूरा मांझा बाजार खाता 846 में बसा हुआ है । जिसका वे रजिस्ट्री कराकर व पट्टा कटाकर दाखिल खारिज होने के बाद सरकार को लगान भरते आये हैं । उक्त खाता की जांच व सरकारी बताए जाने से उनमें दहशत व्याप्त है । इसको लेकर व्यवसायियों ने मंगलवार को बन्द का आह्वान किया है । इसकी जानकारी रामनाथ प्रसाद , छोटेलाल प्रसाद , गोविंद कुमार , संदीप सोनी , राजू गुप्ता आदि ने दिया ।

ए एमयू शाखा किशनगंज को फंड रिलीज करने के लिए कई सांसदों एवं मंत्रियों से मिलकर सौपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार

दैनिक समाज जागरण किशनगंज जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम इन दिनों नई दिल्ली के दौरे पर हैं। जहां विभिन्न पार्टी के नेताओं एवं माननीय सांसदों से मिलकर एएमयू किशनगंज सेंटर के फंड रिलीज, एएमयू किशनगंज सेंटर के लिए सभी टीचिंग एवं नन पदों की यूजीसी से स्वीकृति एवं जल शक्ति मंत्रालय के अधीन नेशनल मीशन फार क्लीन गंगा,नई दिल्ली से बिहार सरकार द्वारा एएमयू किशनगंज सेंटर के लिए हस्तांतरित 224.02एकड़ जमीन पर निर्माण कार्य प्रारंभ करने की अनुमति देने के संबंध में मांग पत्र सौंपकर उचित पहल करने का आग्रह कर रहे हैं इसी कड़ी में जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने एआईयूडीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह माननीय सांसद जनाब बदरुद्दीन अजमल साहब से मिलकर मांग पत्र सौंपा। माननीय सांसद ने इस संबंध में माननीय शिक्षा मंत्री एवं माननीय जल शक्ति मंत्री से मिलकर पहल करने एवं एएमयू किशनगंज सेंटर मामले को पूरी मजबूती से लोक सभा में उठाने का भरोसा दिलाया है।इस दौरान , तौहीद एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन मौलाना मतीउर रहमान साहब,मौधो मुखिया प्रतिनिधि कारी मशकूर अहमद, समाजसेवी दानिश अनवर, जिला पार्षद प्रतिनिधि मुफ्ती अतहर जावेद एंव पत्रकार नेहाल अख्तर प्यामी मौजूद रहे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से कांग्रेस मुख्यालय अकबर रोड पर

मिलकर मांग पत्र सौंपा। इमरान प्रतापगढ़ी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे पूरी मजबूती से राज्यसभा में उठाने की बात कही है।साथ ही जल्द ही टटउक्र के डायरेक्टर श्री डीपी मथोरिया एवं शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से जल्द मिलने की बात कही है।इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के असम प्रभारी इंजिनियर असलम अलीग, दानिश अनवर, नेहाल अख्तर प्यामी एवं इंतखाब नईमी मौजूद रहे।इसी कड़ी में मानीय सांसद नालंदा श्री कौशलेंद्र कुमार जी एवं माननीय सांसद गोपालगंज श्री आलोक कुमार सुमन से मिलकर मांग पत्र सौंपा।श्री कौशलेंद्र कुमार ने इस संबंध में माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, माननीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर उचित एवं अग्रतर कारवाई की मांग की है। साथ ही आगे मिलकर एवं लोक सभा में मामले को उठाने का भरोसा दिलाया है।इस दौरान अजमल अख्तर एवं इंतखाब नईमी भी मौजूद रहे। साथ ही जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने अमृतसर से किशनगंज होकर चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस, कर्मभूमि एक्सप्रेस एवं डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेनों के किशनगंज में ठहराव की मांग की है।इस संबंध में श्री कौशलेंद्र कुमार जी ने रेल मंत्री भारत सरकार को पत्र लिखकर उचित पहल करने की मांग की है। आगे भी माननीय सांसदों एवं विभागीय मंत्रियों से मिलकर मामले के समाधान हेतु उचित पहल करने की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पीसीसीपी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश

दैनिक समाज जागरण किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार

दैनिक समाज जागरण किशनगंज श्रीकांत शास्त्री जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह-जिला पदाधिकारी और डॉ इनाम उल हक,पुलिस अधीक्षक किशनगंज ने पुलिस लाइन बाजार समिति में संयुक्त रूप से नगर परिषद अंतर्गत प्रतिनियुक्त पीसीसीपी, सेक्टर, जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित किये जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पीसीसीपी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि आवंटित किए गए कर्तव्य और दायित्वों का ससमय निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। यह निर्वाचन प्रक्रिया काफी संवेदनशील है, इसलिए सजग और सतर्क रहकर कर्तव्यों का अनुपालन करेंगे। ईवीएम प्राप्त कर सीधे अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर जाकर प्रजाइडिंग अफसर को हस्तगत करायेंगे एवं मतदान की समाप्ति के उपरान्त सीधे स्ट्रॉन्ग रूम में लाकर रिसिविंग करायेंगे इस अवधि में बीच में कहीं भी नहीं रूकेंगे ईवीएम सुबह 03:00 बजे से 05:00 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों तक पहुंचायेंगे तीन-तीन मतदान केन्द्रों पर एक पीसीसीपी बनाया गया है मतदान की प्रक्रिया सुबह 07:00 बजे पूर्वा0 से 05:00 बजे अप0 तक निर्धारित है। 07:00 बजे के पूर्व सभी प्रजाईडिंग ऑफिसर(पीठासीन पदाधिकारी) मॉकपोल अवश्य करा लेंगे। पीसीसीपी स्टैटिक्स होकर अपने बूथ के अन्दर और बाहर गहन निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता अधिक है इसलिए लागातार निगरानी करते रहेंगे। किसी मतदान केन्द्र पर ईवीएम खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित गति से उसे रिप्लेस करेंगे। ईवीएम मशीन के बज्र गृह में जमा होने के उपरान्त ही पीसीसीपी ओर सेक्टर दंडाधिकारी अपना स्थान छोड़ेंगे। उन्होंने जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या-06456 227005/06/08 सभी दंडाधिकारियों को मोबाईल में सेव करने का निर्देश दिये। सभी 102 मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। जोनल दंडाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि ससमय पहुंचकर विधि-व्यवस्था का संधारण करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान के समय अपने-अपने क्षेत्रों में गस्ती करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के अन्दर धारा 144 लागू रहेगा। कोई भी उम्मीदवार अपना तम्बू नहीं लगायेंगे और भीड़ ईकट्ठा नहीं करेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष से भी लगातार सभी मतदान केन्द्रों पर पैनी नजर रहेगी। डॉ. इनाम उल हक, पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि लगातार सक्रिय रहकर मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ और निष्पक्ष ढ़ंग से सम्पन्न करायेंगे। सभी चेक प्वाइंट पर लागातार सभी गाड़ियों को जॉच करने का निर्देश दिये। इसके अलावे क्यूआरटी, मोटरसाईकिल पुलिस एवं विशेष पुलिस दल का गठन किया गया है जो मतदान शुरू होने के पूर्व से ईवीएम मशीन के जमा होने तक लागातार सक्रिय रहेंगे। ब्रीफिंग में

निवार्ची पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी ने भी जानकारी दिया। मनन राम उप विकास आयुक्त ने जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में बहादुरगंज में पीसीसीपी, सेक्टर और जोनल दंडाधिकारियों को संबोधित किये। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी ढ़ंग से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गयी है। सभी मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा रहेगी। उन्होंने सेक्टर दंडाधिकारियों को और पीसीसीपी को निर्देश दिये कि मतदान समाप्ति के उपरान्त ईवीएम मशीन स्ट्रॉन्ग रूम/बाजार समिति किशनगंज में सीधे जाकर रिसिविंग करायेंगे। ब्रीफिंग के समय संदीप कुमार निवार्ची पदाधिकारी, सेक्टर और पीसीसीपी के दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपादन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार अपर समाहर्त्ता,अनुज कुमार ने ठाकुरगंज नगर निकाय में सभी मजिस्ट्रेट,पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग करते हुए सुरक्षित मतदान के लिए सामग्री के साथ प्रस्थान कराया गया.इस अवसर पर ठाकुरगंज नगर पंचायत में चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त सेक्टर,जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग कर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बताया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र के 12 वार्ड के 35 मतदान केंद्रों मतदान होगा। मतदान ईवीएम के माध्यम से तीन पदों (मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षद) के लिए निर्धारित है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सतत भ्रमणशील रहकर अपने संबद्ध मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहेंगे मतदान के दौरान ईवीएम में आने वाले इश्यू को लेकर वे पहुंच कर कार्रवाई करेंगे उन्होंने बताया कि रिजर्व क्लस्टर मास्टर ट्रेनर की प्रतिनियुक्ति की गई है मतदान के दौरान मतदान केंद्र के इर्द गिर्द अनावश्यक लोगों की चहलकदमी ना होने दें एवं 100 मीटर के दायरे में कोई भी दुकान खुली नहीं हो इसका ध्यान रखेंगे

ब्रीफिंग में निवार्ची पदाधिकारी प्रमोद कुमार राम बीडीओ सीओ समेत सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे

मुख्यालय किशनगंज में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान 18 दिसम्बर 2022 को सुबह 07:00 बजे से प्रारम्भ होगी जो 05:00 बजे अप0 तक होगी किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र में 34 वार्ड और नगर पंचायत बहादुरगंज में 18 वार्ड तथा नगर पंचायत ठाकुरगंज में 12 वार्ड है। मतदान ईवीएम के माध्यम से तीनों पदो के लिए अलग-अलग ईवीएम से मतदान कराया जायेगा। जिसमें मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड मेंबर(वार्ड पार्षद) का निर्वाचन होना है

गौरतलब हो कि समाहरणालय स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन में आम जनता से प्राप्त परिवाद सुझाव एवं मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की जा सकती है

नियंत्रण कक्ष/हेल्पलाइन का दूरभाष संख्या निम्न प्रकार जारी किए गए हैं (1) 06456 227005 (2) 06456 227006 (3) 06456 227008 इसके अतिरिक्त हंटिंग लाइन नंबर भी जारी किए गए है जिसका दूरभाष संख्या निम्न प्रकार है (1) 06456 227009 (2) 06456 227010 (3)06456 227101 (4) 06456 22 7102 (5)06456 227103 (6)06456 227104

जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त, किशनगंज (9431818380) रहेंगे

जिला नियंत्रण कक्ष से आम जनता के द्वारा किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है मतदान के दिन संवेदनशील बूथ पर हो रहे लाइव वेबकास्टिंग से सीधा नियंत्रण कक्ष के द्वारा नजर रखी जाएगी किशनगंज में 4,बहादुरगंज में 2 और ठाकुरगंज में 2 बूथ में अधिष्ठापित कैमरा(तीसरी आंख) से लाइव स्ट्रीमिंग के द्वारा नियंत्रण कक्ष द्वारा निगरानी की जाएगी गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्व पर पैनी नजर रहेगी

किशनगंज नगर निकाय के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में श्री मनन राम, उप विकास आयुक्त तथा जोनल मजिस्ट्रेट श्री साकेत सुमन सौरव अपर अनुमंडलाधिकारी प्रतिनियुक्ति किए गए है।इसी प्रकार बहादुरगंज नगर निकाय के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में श्री मंजूर आलम वरीय उप समाहर्त्ता तथा जोनल मजिस्ट्रेट रवि शंकर तिवारी सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई को प्रतिनियुक्त किए गए है तथा ठाकुरगंज नगर निकाय के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में श्री अनुज कुमार अपर समाहर्त्ता तथा जोनल मजिस्ट्रेट श्री आशीष कुमार पांडे जिला योजना पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है। प्रात काल से ही नगर निकाय की गतिविधियों का अनुश्रवण संबंधी मुख्यालय में उपस्थित रहकर करेंगे। शांतिपूर्ण मतदान के किए जिलांतर्गत 8 गश्ती दल दंडाधिकारी समेत 24 दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी कार्यरत रहेंगे पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेंगे। मतदान प्रक्रिया समाप्त होते ही बाजार समिति में ईवीएम रिसीविंग काउंटर सक्रिय हो जायेंगे। पीसीसीपी के माध्यम से प्राप्त ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में और अप्रयुक्त अनयूज्ड ईवीएम प्रखंड मुख्यालय में जमा होंगे।

शहर के मौनिया चौक पर भाजपा नेताओं ने सीएम का फूंका पुतला

दैनिक समाज जागरण

गोपालगंज। शहर के मौनिया चौक पर भाजपा नेताओं ने पुलिस-शराब माफियाओं के गठजोड़ व जहरीली शराब से मरने वाले लोगों के परिजनों को मुआवाजा दिलाने की मांग को लेकर सीएम का पुतला फूंका। इससे पूर्व शहर की विभिन्न सड़कों से होते हुए भाजपा नेताओं ने विशान प्रदर्शन भी किया। बिहार सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते मौनिया चौक पर पहुंचकर नेताओं ने नारेबाजी के साथ पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ता ह्यबिहार की बन गई पहचान ह्यजहरीली शराब मरता इंसान ह्यगली-गली बिक रही शराब ह्यमर रहे लोग उजड़ रहे घरबार ह्यजहरीली शराब बन गया व्यापार सोई है गठबंधन सरकार ह्यशराब माफिया प्रशासन के गठजोड़ पर लगाम लगाओ समेत अन्य नारे भी लगा रहे थे। मौके पर मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने कहा कि नीतीश सरकार शराब माफियाओं पर लगाम लगाने पर विफल हो चुकी है। पुलिस-शराब माफिया का गठजोड़ मजबूत हो चुका है। जगह-जगह शराब बिक रही है। निर्दोष लोग शराब पीकर मर रहे हैं। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व विधान पार्षद जनक राम ने नीतीश सरकार को गरीबों और कमजोर के लिए जुल्मी सरकार बताया। उन्होंने कहा कि शराबबंदी की विफलता में पुलिस प्रशासन माफिया की गठजोड़ सरकार पर हावी है।

डीएम व एसपी ने मतदान कर्मियों व पुलिस जवानों को दिए निर्देश

दैनिक समाज जागरण

गोपालगंज। नगर निकाय चुनाव में विधि व्यवस्था और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण निर्वाचन संम्पन्न कराने के लिए डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी व एसपी आनंद कुमार ने नप गोपालगंज व बरौली के मतदान कर्मियों व पुलिस जवानों को अंतिम ब्रीफिंग दी। डायट थावे के परिसर में ब्रीफिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें डीएम व एसपी ने मतदान कर्मियों व पुलिस जवानों को राज्य निर्वाचन आयोग के सभी निदेर्शों से अवगत कराया। साथ ही आदर्श आचार संहिता के अनुपालन ,निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण निर्वाचन

संम्पन्न कराने की जिम्मेवारी सौंपी। इस दौरान बताया गया कि जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर जारी किया गया है। जिसपर फोन कर किसी भी निर्वाचन संबंधी सूचना एवं सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। इससे पहले डीएम व एसपी ने नगर पंचायत कटेया में फ्लैच मार्च कर निरीक्षण किया। मौके पर हथुआ एसडीएम, कटेया बीडीओ व पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने बताया कि चारों नगर निकायों के लिए कुल छह ड्रोन कैमरों की तैनाती मतदान के दिन रहेगी। निकाय निर्वाचन क्षेत्र की बार्डर सिलिंग भी की गयी है और चेक पोस्ट बनाए गए हैं।

नगर निकाय चुनाव आज: चुनाव हेतु मतदान कर्मी मतदान केंद्र पर पहुंचे

जितेन्द्र कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण

हथुआ (गोपालगंज)। नगर निकाय चुनाव हेतु शनिवार को उप समहार्या गोपालगंज सुनिल कुमार के अध्यक्षता मे सभी मतदान कर्मी सेक्टर मजिस्ट्रेट, माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान कराने हेतु समय 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सभी चारों नगर निकाय /नगर परिषद गोपालगंज, बरौली, मीरगंज, कटेया का चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचन कराना है । जिसमें काफी सख्ती से प्रशासनिक महकमा लगा हुआ है किसी भी तरह की कोतवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी जिला प्रशासन द्वारा धारा 144 लागू किया जा चुका है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति बात नहीं कर सकते समय-समय पर मतदान का प्रतिशत कंट्रोल रूम गोपालगंज तथा हथुआ को सुपुर्द कराना सुनिश्चित किया गया है । चुनाव संपन्न होने के पश्चात सभी मतदान कर्मी ईवीएम तथा भीभी पैड के साथ

कलेक्टिं सेंटर थावे जमा करेंगे!

इस अवसर पर हथुआ अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार , हथुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह , हथुआ अंचल अधिकारी विपिन कुमार सिंह के अलावे नगर निकाय चुनाव कराने वाले सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

तीन ईंट भट्ठा मालिकों पर प्राथमिकी

दैनिक समाज जागरण गोपालगंज। विजयीपुर वित्तीय वर्ष 2020-21 का राजस्व जमा नहीं कराने पर जिला खनन विभाग के खान निरीक्षक ने विजयीपुर के तीन चिमनी मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें घाट बंधौरा के नेता यादव,जगदीशपुर के संजय यादव व जोगिंदर सिंह पर राजस्व चोरी का आरोप लगाया है।

तिरबिरवां गांव से 18 कार्टन शराब जब्त, तस्कर फरार

दैनिक समाज जागरण

गोपालगंज। नगर थाने के तिरबिरवां गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 18 कार्टन शराब जब्त कर लिया। छापेमारी के दौरान तस्कर फरार होने में सफल हो गए। बताया गया है कि नगर थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि तिरबिरवां गांव स्थित एक घर में शराब की खेप रखी गई है। इसके बाद नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घरों की जब तलाशी ली गई तो उसमें 18 कार्टन शराब मिली। मौके से तस्कर फरार हो गया। पुलिस मामले में तस्कर की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने व उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी में जुट गई है। उधर, नगर थाने के ही कररिया गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 16 पीस शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में प्रमोद भगत व सीताराम साह शामिल हैं। उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शहर के पुरानी चौक नोनिया टोली मोहल्ले में भी पुलिस ने काफी मात्रा में शराब की बरामदगी की है। लेकिन, वहां से भी तस्कर फरार हो गया। फरार तस्कर की पहचान कर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

नशे में 24 शराबी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण

कुचायकोट (गोपालगंज)। शुक्रवार की देर शाम कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर उत्पाद टीम द्वारा की गई। जांच पड़ताल में 24 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपित उत्तर प्रदेश की तरफ से शराब का सेवन कर वापस लौट रहे थे। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर उत्पाद टीम द्वारा ब्रेथ एनालाइजर मशीन के सहयोग से उत्तर प्रदेश के तरफ से आने वाले तमाम वाहन चालकों तथा अन्य लोगों की जांच पड़ताल की गई। इस जांच पड़ताल में 24 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। शराब पीने की पुष्टि होने के बाद इन सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर शनिवार को इन्हें अग्रतर कार्रवाई हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले को के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन कर माफी मांगो के नारे लगाए

पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार सीतापुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के खिलाफ भारत में गुस्से का माहौल है. इसके विरोध में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है सीतापुर में जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने हाथों में पाकिस्तान माफी मांगों के पोस्टर लेकर सड़कों पर उतर आए. कार्यकताओं ने पाकिस्तान और पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला जलाकर अपना विरोध जताया. इस दौरान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा, सांसद राजेश वर्मा, नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह महामंत्री अनीत मिश्रा, जिला संयोजक समन्वय विभाग आकाश राय, नगर उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, पूनम मिश्रा, ममता डोडेजा, संजय मिश्रा, सत्यम त्रिवेदी, मुनेन्द्र अवस्थी, संतोष शुक्ला, मुनेन्द्र अवस्थी, मनीष पाण्डेय, पिंकू गुप्ता, सागर गुप्ता, कंचन प्रभा पाण्डेय, संदीप अवस्थी, जया सिंह, विजय कुमार, अमन सिंह, प्रियंका वर्मा, शशि सिंह, उर्मिला राजवंशी, गुड़िया वर्मा, महेन्द्र बंगाली, मनोज शुक्ला,ऋषभ त्रिवेदी आदि ने उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन किया

आठ वांछित वारंटी गिरफ्तार

शेखर मिश्रा, समाज जागरण

सीतापुर (यूपी)। सीतापुर पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में वांछित वारण्टी की नियमानुसार गिरफ्तारी एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

पांच थानों के पुलिस टीम द्वारा 08 वांछित वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है

थाना रामकोट पुलिस द्वारा नन्दराम पुत्र छोटकन्नू व रामचन्द्र पुत्र लाले निवासीगण किन्हौटी थाना रामकोट

थाना बिसंवा पुलिस द्वारा शकील पुत्र नब्बन निवासी काजीटोला थाना बिसंवा व महेश पुत्र छेद्दू निवासी डिगिहा मजरा बोहरा थाना बिसंवा

थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस द्वारा माखन पुत्र हरिकिशन निवासी ग्राम गंगापुर थाना इमलिया सुल्तानपुर

थाना मानपुर पुलिस द्वारा गोकुल पुत्र नरपति निवासी महदापुर थाना मानपुर

थाना रामपुर कलां पुलिस द्वारा लालराम पुत्र विशेश्वर निवासी चौडिया कोठार थाना रामपुर कलां व विनोद पुत्र कालीचरन निवासी रामपुर खुर्द थाना रामपुर कलां सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

सांसद की मांग पर निमाणार्धीन कार्य की हुई जांच

शेखर मिश्रा, समाज जागरण

सीतापुर (यूपी)। सीतापुर रेउसा मार्ग ईरापुर सुतौली निमार्णाधीन कार्य में बरती जा रही अनियमितता को लेकर भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन देकर जांच कराए जाने की मांग की थी। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के नेशनल क्वालिटी मॉनिटर की संयुक्त टीम ने निमार्णाधीन कार्य की गहनता से जांच की। भाजपा सांसद राजेश वर्मा के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री शासन को दिए गए पत्र में पूरी सड़क पर एक साथ काम दिया गया है। पूरी सड़क पर पत्थर उखड़ा पड़ा है। जिस से आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क निर्माण कार्य में जो पत्थर डाला जा रहा है उसमें नदी की बालू और मिट्टी मिलाई जा रही है। सड़क निर्माण कार्य में मिट्टी डाली जा रही और सड़क पर पानी भरा रहा था। जिससे आम जनमानस को भी दिक्कतें होती

है। आबादी भाग में भी सड़क के किनारे तालाब की तरह गड्ढा बना दिया गया। जिससे गांव के अंदर कोई अप्रिय घटना भी घट सकती है। सड़क पर बन रही पुलिया निर्माण कार्य में पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है और जुड़ाई का कार्य में बालू का प्रयोग हो रहा है। भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच कराए जाने की मांग की। वहीं जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों अभियंताओं की मिलीभगत से निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप लगाते हुए जवाबदेही तय होने की बात लिखी थी। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग नेशनल क्वालिटी मॉनिटर की संयुक्त टीम ने जांच कर कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया।

असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा सीवीपी एचएस स्कूल में प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन कमेटी की सेंट्रल एसोसिएशन की पहली बैठक आयोजित हुई।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक सामाज जागरण : करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा चरगोला वैली पब्लिक हाईयार सेकेंडारी स्कूल के प्लौटिनाम जुबाली सेलिब्रेशन कमेटी के केंद्रीय संघ की पहली बैठक आज 17 दिसांबार (शनिवार) दोपहर एक बजे स्कूल प्रांगण में हुई. अन्य सेक्टरों को मिलाकर कुल बजट 30 (तीस) लाख रुपये निर्धारित है. बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएं जो वर्तमान में समाज में विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं, उनका पूरा सहयोग लिया जाए। 'प्लेटिनम जयंती समारोह समिति' के मुख्य संयोजक देवाशीष सिन्हा, 'प्रेस एवं प्रचार उप-समिति' समिति अध्यक्ष अंशुमान पाल, शुभेंदु दास, चंदन पाल, चंद्रकांत सिन्हा, श्यामकुमार सिन्हा, दीपन सिन्हा, कमलकांत यादव, विश्वजीत कैरी, अरुण सिन्हा, बिकी सिन्हा, विकास रंजन कालोयार, अजय सिंह, मनोज कैरी, रंजीत सिन्हा व मनोरंजन सिन्हा आदि शामिल हैं. एक प्रेस विज्ञप्ति 'प्र.एस एंड पब्लिसिटी सब-कमेटी के अध्यक्ष अंशुमन पाल ने इस खबर की जानकारी दी।

असम करीमगंज जिले के लालछड़ा ग्राम पंचायत में गाव सभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण : 17 दिसंबर (शनिवार) को दुल्लभछड़ा प्रखंड के विकास के तहत निर्देश के अनुसार लालछड़ा ग्राम पंचायत में आम सभा का आयोजन किया गया. उक्त बैठक में गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। तृतीय गाव सभा में तीन सौ से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचायत विकास योजना वर्ष 23-24, टक्क्ष्ठ फ्ट्क्ष्अ तैयारी स्वीकृति, विभागीय परियोजनाओं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा की गयी तथा निर्णय लिये गये. चर्चा में ग्राम पंचायत अध्यक्ष संजय गोस्वामी, सचिव साधन दे , जीआरएस देव प्रसाद सिन्हा, समाजसेवी उमाशंकर बानिया, सजल दास, बंशी गुप्ता, समनारायण यादव, विकास कैरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

असम के करीमगंज जिले के निभीया बाजार निवासी समाजसेवी सत्य रंजन नाथ की बेटी सुष्मिता नाथ संस्कृत में पारंगत हैं.

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण : करीमगंज जिले के निबिया बाजार स्थित ओलिवियाछड़ा के रहने वाली सुष्मिता एक साल से दीक्षागुरु सुदीप नाथजी से ऑनलाइन संस्कृत सीख रही हैं। संस्कृत व्याकरण का खूब अध्ययन किया। उनका मानना है कि गुरुजी की कृपा होने पर वे और अधिक सीख सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ सुष्मिता संस्कृत सीख रही हैं और शैव धर्म के बारे में भी अच्छी तरह से बात करती हैं। हाल ही में सुष्मिता ने सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स में एडमिशन लिया है। सुष्मिता वर्तमान में बुधन हाईयार सेकेंडारी स्कूल में एचएस द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। सुष्मिता के संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को देख करीमगंज जिला रुद्रराज ब्राह्मण एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबलू नाथ, संपादक संतोष नाथ, सह-संपादक मुन्ना देब नाथ, सामाजिक कार्यकर्ता विवास रंजन नाथ, पुजारी लिटन नाथ, पुजारी अलक नाथ, दीपज्योति नाथ सहित कई अन्य लोगों ने उनकी प्रशंसा की.

जीविका दीदी के ग्राहक सेवा केन्द्र से ग्रामीणों को मिलेगी मदद

अररिया । शनिवार को जीविका जिला परियोजना इकाई, अररिया की ओर से ग्राहक सेवा केन्द्र संचालन के लिए 11 बैंक सखी दीदियों को पॉस डिवाइस दिया गया। इसकी सहायता से अब ग्रामीण इलाकों में भी डिजिटल लेन-देन में मदद मिलेगी। यह डिवाइस आईसीआईसीआई बैंक की ओर से वितरित किया गया। आईसीआईसीआई बैंक के सीबीसी मिथिलेश कुमार झा ने जीविका दीदियों को इस डिवाइस के संचालन से संबंधित पूरी जानकारी दी। ताकि इन्हें ग्राहक सेवा केन्द्र में डिजिटल देन-देन के दौरान किसी तरह की दिक्कत नहीं आए। इसके बारे में बताते हुए डीएफएस एक्सपर्ट विमल कुमार ने बताया कि यह दूर-दराज के इलाके में पैसों के लेने-देन में काफी मददगार साबित होगा। साथ ही, अब ग्राहक सेवा केन्द्र की शुरूआत हो जाने से दीदियों को सुदूर इलाके से चलकर शहरों या बाजारों में नहीं आना होगा। दीदियो को यह सुविधा आसानी से उनके घर के आस-पास ही उपलब्ध हो पाएगी। इससे दीदियों के समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इसके अलावा समूह की दीदियों का पैसा भी आसानी से जमा हो पाएगा। यह उनके लिए बड़ी सुविधा है। शहर आने-जाने के क्रम में पैसे चोरी होने और गुम होने का खतरा भी नहीं रहेगा। वहीं, कम समय में ही पैसा जमा-निकासी का काम कर पाएंगी।

ज्ञात हो कि बैंक सखियों का चयन एक ग्राम पंचायत पर एक बैंक सखी के मॉडल पर किया जाता है। ताकि इलाके के लोगों को परेशानी ना हो। इसके चयन की प्रक्रिया ग्राम संगठन और समूह में चर्चा के बाद किया जाता है। इसके लिए जरूरी है कि वह समूह की दीदी हो, उम्र 18-40 साल के बीच हो, शैक्षणिक योग्यता कम से कम मैट्रिक हो। इन अहताओं को पूरा करने वाली दीदी ही बैंक सखी के रूप में चुनी जाती हैं। यह जीविका दीदियों के अलावा आस-पास गांव के दूसरे लोगों के लिए भी काफी मददगार होता है। इस मौके पर जीविका जिला कार्यालय के प्रबंधक रोजगार अमित सागर, ट्रेनिंग ऑफिसर प्रमोद दत्ता, ट्रेनिंग ऑफिसर नीर नीरज भी मौजूद रहे।

जेवर कोतवाल के बिगड़े बोल!

ग्रेटर नोएडा :गायब लड़की को बरामद करने के बजाए पीड़ित से कहा 'जेब में थोड़ी लड़की रखी है जो लाकर दे दूं 'लड़की को बरामद करने की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे ग्रामीणों को बताया समाज का ठेकेदार। कोतवाली परिसर से फरियादी को भगाया गया

प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पलडहर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 1 में कुल 352 परिवारों में से लगभग 150 मिट्टी के घर।

वंचित लोगों ने सरकार से गुहार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए। 1 नं वार्ड सदस्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पैसे मांगने का आरोप का खंडन किया।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण: असम करीमगंज जिले के पलडहर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 1 में कुल 352 परिवारों में से लगभग 150 मिट्टी के घर हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, इस वार्ड में कुल चार ढटअ हैं जिसे देखते हुए वार्ड सदस्य शंपू नाथ ने आरडी सचिव व कमिश्नर को आवेदन पत्र भेजा. जिसके चलते आयुक्त की ओर से विकास सचिव आरडी सचिव को वहां से जिला परिषद सीईओ दुल्लभछड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित निर्देश आया. उसके बाद दुल्लभछड़ा का वीडियो तैयार कर इस वार्ड के 352 परिवारों को भेजा गया उसके बाद केवल 44 और पीएमएवाई आए वर्तमान में निमार्णाधीन है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अन्य मलिन बस्तियों को भी शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है इस संबंध में सात अगस्त को पलडहर ग्राम पंचायत के वार्ड एक में बैठक भी हुई थी। 150 ढटअ और आवास प्लस के दावे के बावजूद 40 ही घर क्यों मिल पाए हैं. काफी तलाश करने पर भी ग्राम पंचायत अध्यक्ष व प्रतिनिधि का कुछ पता नहीं चल सका

उक्त बातें पलडहर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 1 के सदस्य सम्पू नाथ ने शनिवार को मीडिया के इस प्रतिनिधि से कही. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर कभी भी लाभार्थियों से कोई पैसा नहीं मांगा है उन पर ये झूठे आरोप लगाया गया हैं, उन्होंने यह भी कहा कि जिन्हें घर नहीं मिला है, उन्हें घर दिलाने के लिए वे अथक प्रयास कर रहे हैं हालांकि शुक्रवार को मृणालकांति नाथ, कौशिक राय, रंजीत नामशुद्र, रंजीत नाथ, अमल नाथ, कोकिला नाथ और कुसुम नाथ समेत 19 लोगों ने मुझ पर झूठे आरोप लगाया गई. उन्हें इस बात का बेहद दुख है कि पैसे मांगने का झूठा आरोप लगाकर उन्हें बदनाम किया गया है, मोहनलाल नामशुद्र ने कहा, उनके पास भी कच्चा मकान है लेकिन उन्हें अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास नहीं मिला है क्योंकि उन्हें पता है कि वार्ड सदस्य के पास लाभुकों की सूची काटने का अधिकार राज्य आयुक्त से लेकर किसी जनप्रतिनिधि के पास नहीं है. आप केवल दावा कर सकते हैं उक्त 19 लोग बिना जानकारी के झूठे आरोप लगा रहे हैं

इस दिन लाभार्थियों में केतकी नाथ, प्रतिमा नाथ, उपानंद नाथ, अजय नामशूद्र, तरिंद्र नामशूद्र, अपु नामशूद्र तीतों नामशूद्र संध्या नामशूद्र, असरानी दास, नांटू नामशूद्र, शिल्पाना नामशूद्र और विद्युत नाथ ने वार्ड सदस्यों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने मांग की कि वंचितों को जल्द से जल्द सरकारी आवास मुहैया कराया जाए इस बीच, शिकायतकताओं में वरिष्ठ महिला कोकिला नाथ और कुसुम नाथ ने अन्य लोगों से संपर्क किया

उन्होंने वार्ड सदस्य के खिलाफ पैसे मांगने से भी इनकार किया।

बड़े ही धूम धाम से युवा साथियों के साथ मनाया उपसरपंच राहुल, यशवंत, मनीष ने अपना जन्म दिवस,,,युवाओं मे दिखा उत्साह

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर । मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के युवा हृदय सम्राट राहुल सिंह ठाकुर (किरारी उपसरपंच) , यशवंत सिंह ठाकुर,मनीष सिंह, का बड़े हर्षोउलास के साथ युवा मित्रों ने उनका जन्म दिवस मस्तुरी (किरारी) के डांक बंगला स्थित रेस्ट हाउस मे केक काटकर मनाया गया सभी युवा मित्रों ने शुभकामनाऐ एवं बधाई प्रेषित की साथ ही उज्वल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना करते हुए सभी ने बड़े ही धूम धाम से फटको की गड़गड़ाहट फूल मालाओ, बुके देकर जन्म दिन मनाया । इस अवसर मे जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, अमित तिवारी, उमेश सिंह ठाकुर,योगेंद्र सिंह ठाकुर,अशीष सिंह ठाकुर,सौमित्र शुक्ला,रिंकू श्रीवास अंकित मिश्रा,बिट्टू सिंह,अवधेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बछर कैलेंडर का किया गया विमोचन छत्तीसगढ़ का पहली छत्तीसगढ़ी कलेंडर :- ठा. शैलु छत्तीसगढ़िया

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर ।ग्राम पौड़ी में बचत कैलेंडर का किया गया विमोचन साथ ही साथ ग्राम पंचायत पौड़ी के सोसाइटी का किया गया जायजा बछर कैलेंडर

का बहुत ही ज्यादा प्रशंसा हुआ क्योंकि यह कैलेंडर पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी में बना हुआ है और छत्तीसगढ़ का एकमात्र ऐसा कैलेंडर है जो छत्तीसगढ़ी तिज तिहार पुरखा की जयंती और पुन्यतिथि को दशार्ता है साथ ही साथ में को ग्रामीणों में उनका साराहना किया और सभी को वितरण किया किसानों से इनकी जानकारी भी लिया गया गांव वालों ने हर कलेंडर को बांटने को कहा, हर जगह बहोत तारिफ भी किया, किसानों ने कहा हर साल की तरह इस साल भी अधिक फसल हुआ है और किसानों में खुशी की लहर है इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संतोष यादव डाटा एंट्री ऑपरेटर शरद, शिव शंकर श्रीवास , दुर्गेश, सुभाष ,ओमकार दास, बृजेंद्र श्रीवास रामकुमार यादव मन्नू यादव , बिरेन्द्र,सत्येंद्र गांव के वरिष्ठ नागरिक रामचरण यादव मौजूद थे

पेंसनर दिवस पर 80 वर्ष से उपर के सदस्यों को किया गया सम्मानित

फारबिसगंज । बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज ने 17 दिसंबर को स्थानीय पेंसनर भवन में पेंसनर दिवस मनाया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने जबकि मंच संचालन उप सभापति शिवनारायण दास उर्फ भानू जी तथा मिडिया प्रभारी बिद्यानंद पासवान ने संयुक्त रूप से किया ।मुख्य अतिथि पूर्व सांसद शुकदेव पासवान एवं बिसिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण मेहता थे ।कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने मुख्य अतिथि को बैच लगाकर फूल माला तथा शाल से सम्मलित किया,जबकि बिशिषट अतिथि का स्वागत मिडिया प्रभारी बिद्यानंद पास्वान ने किया । मदन लाल मेहता के द्वारा लाई गई बच्चियों ने स्वागत गान गा कर सवों को भावबिभोर कर दिया ।इस अवसर पर 80 बर्ष से उपर के सदस्यों को बैच लगाकर फूल माला तथा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।सम्मानित होने वालों में रामकुमारी देवी,देवनारायण चौधरी,अब्दुल गफ्फार,जिवछलाल यादव, देवनन्दन पासवान,विभूति झा,सूर्यकांत झा,शुकदेव बैठा थे। मुख्य अतिथि श्री पासवान ने पेंसनरो के प्रति सहानभूति जताई जबकि बिशिषट अतिथि श्री मेहता ने पेंसनरों को अविभावक मानते हुए अपना विचार रखे। मौके पर उपसभापति सच्चिदानन्द मेहता,सचिव मधुसूदन मंडल, संगठन सचिव मोहन मिश्र,मनोरंजन प्रसाद,हरिनारायण रजक,मदन मोहन मेहता,दिलीप अग्रवाल, खड़ानन्द साह, बिश्वनाथ पासवान,मांगन मिश्र,लाला कला नन्द प्रसाद,शान्ति कुमारी सहित सेकड़ों लोग मौजूद थे ।

युथ प्रोग्रासिव सर्किल के द्वारा अब कंबल वितरण 31 दिसंबर को -मुजफ्फर हाशमी

नगर परिषद चुनाव को लेकर बढ़ाई गई है तिथि- मो०जाकिर हुसैन

अररिया । युथ प्रोग्रासिव सर्किल के जिला प्रधान कार्यालय आजाद नगर में एक आपात बैठक आयोजित कर प्रेस बयान जारी कर के कहा है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारी संस्था द्वारा गरीब, निर्धन, दिव्यांको के बीच पिछले 21वर्षों से मुफ्त कंबल वितरित करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी क्यों की हमारे संस्था का पहला उद्देश्य ही समाजसेवा है इस से बड़ा कोई पुन्य का कार्य नही है उक्त बातें संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी ने कहा और बताया के पूर्व से निर्धारित कंबल वितरण समारोह जो दिनांक- 17.12.2022 को स्थानीय टाउन हॉल के प्रांगण में आयोजित होनी थी लेकिन नगर पालिका चुनाव के कारण अब कंबल वितरण समारोह उसी स्थान पर दिनांक-31.12.2022 को आयोजित किया जाएगा आज के इस आपात बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी, सचिव मो०जाकिर हुसैन,महासचिव महमूद अंसारी,साहिल रहमानी फैजानअहमद,मो०आसिफ मुस्ताक, मंजर आलम,गंगा प्रसाद राय, किरण झा,नसीमा खातून, शमीम आलम,पिंटू यादव एव इश्तियाक आलम,नौशाद आलम के अलावा दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

सामाजिक संस्था ने पुनः चलाई एक कपड़ा मुहिम, हेल्पलाइन नंबर किया जारी

कड़कती ठंड को देखते को देखते हुए जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा चलाया गया एक कपड़ा अभियान झ्र अभियान के दौरान संस्था के सदस्यों ने देर रात कडकी ठंड में सर्द हवाओं के बीच सड़क किनारे अपना जीवन पालन कर रहे बेसहारा लोगो को कंबल वितरण कर राहत पहुंचाने का कार्य किया! इस दौरान दीपान्शु शर्मा (संस्थापक) ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 3वर्षों से यह अभियान चला रही है जिसमे एक कपड़ा मुहिम के अंतर्गत संस्था के सदस्य सड़क किनारे,मालिन बस्ती आदि में रह रहे जरूरतमंद लोगो को गर्म वस्त्र शोल,मोजे, स्वेटर,कंबल आदि पहुंचाकर कड़कती ठंडो के बीच राहत पहुंचाने का कार्य करते हैं!

इस दौरान संस्था प्रत्येग वर्ष अपने हेल्पलाइन नंबर(9311224040,9999258529)भी जारी जरती है जिससे कड़कती ठंडो के बीच कोई अपना जीवन न गवा दे!

इस मौके पर-: दीपांशु शर्मा(संस्थापक),अनमोल सहगल,निशु उपाध्याय,आर्यन शुक्ला,हैप्पी पंडित,लोकेश सिंह,नरेंश शर्मा,तुषार गुप्ता,मनीष राणा,मोहित कुमार,अंकित कुमार आदि उपस्थित रहे!

द्वितीय स्पॉट नामांकन 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर शनिवार तक हुआ पार्ट वन में नामांकन - डॉ. नवीन

मधेपुरा । भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय

लालूनगर, मधेपुरा
पत्रांक - एन ओ डी-177/22)-23/22
दिनांक - 10/12/22 अधिसूचना के आलोक में बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में स्नातक प्रथम खण्ड सत्र 2022-23 में चल रहे नामांकन के क्रम में अद्यतन निदेर्शानुसार नामांकन 'पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिनांक 12-12-2022 से 17-12-2022 तक लिया गया ।कॉमर्स कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.(डॉ.) नवीन कुमार सिंह नें बताया कि

जो छात्र / छात्राएं पूर्व में नामांकन किसी भी महाविद्यालय में ले चूका था वैसे छात्र/छात्राएं का द्वितीय स्पॉट नामांकन नहीं लिया गया है विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत ऑनलाइन से बंचित छात्र/छात्राओं को इन विषयों यथा भूगोल, हिन्दी, इतिहास, गृहविज्ञान, संगीत, मनोविज्ञान, बनस्पतिशास्त्र, रसायनशास्त्र तथा जन्तुविज्ञान को छोड़कर अन्य सभी विषयों में ऑनलाइन करने की स्वीकृति दिनांक 12-12-2022 से 17-12-2022 तक दी गई थी । इसी अवधि में आवेदक के विषय परिवर्तन का भी कार्य संपन्न हुआ ।

नामांकन 'पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिनांक 12-12-2022 से 17-12-2022 तक लिया गया ।अंतिम रूप से नामांकन की विधिवत सूचना के साथ दिनांक 19-12-2022 तक निश्चित रूप से अपडेट कर लिया जाएगा ।इस मौके पर डॉ के के गुप्ता,डॉ ब्रह्मानंद गोइत,डॉ शेफालिका शेखर ,कॉलेज के प्राध्यापक सहित अतिथि प्राध्यापक आदि उपस्थित थे ।

धरना का छठा दिन

विकास और नौकरी का वादा करने वाली सरकार अतिथि प्राध्यापकों की सेवा का नियमितीकरण जल्द से जल्द करें

19 तारीख को सदन में इनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा- विधायक

पटना । बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के आह्वान पर पटना के गर्दनीबाग में 6 दिवसीय धरना के छठे दिन विधायक सह पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, दरभंगा क्षेत्र से विधायक संजय सरावगी एवं मुंगेर के विधायक श्री प्रणव कुमार ने धरना स्थल पर पहुंचकर अतिथि प्राध्यापकों के मांगों का समर्थन किया और कहा कि अतिथि प्राध्यापकों के मांगों के लिए सड़क से सदन तक लड़ेंगे। सभी विश्वविद्यालय में अतिथि प्राध्यापकों के आने से गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल बना है और इनकी नियुक्ति यूजीसी के मापदंडों पर हुई है तो फिर इनकी सेवा नियमितीकरण क्यों नहीं? 19 तारीख को सदन में इनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा। बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के आह्वान पर पटना के गर्दनीबाग में 6 दिवसीय धरना में जेपी विश्वविद्यालय छपरा, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा एवं पटना विश्वविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक सैकड़ों की संख्या में जुटकर धरना को सफल बनाया।

अतिथि प्राध्यापकों ने लिया संकल्प

इस धरना में उपस्थित अतिथि प्राध्यापकों ने संकल्प लिया कि

जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक इसी तरह के धरने का कार्यक्रम पटना में आयोजित किए जाएंगे। आगे के कार्यक्रम में संघ ने तय किया है कि सरकार यदि मांगों को नहीं मानती है तो वैसी स्थिति में पटना की सड़कों पर भिक्षाटन, बूट पॉलिश कार्यक्रम, एवं सामूहिक उपवास रखा जाएगा। विधान पार्षद एवं विधायकों ने संयुक्त रूप से कहा कि अतिथि प्राध्यापकों की जायज मांगों का हम सभी समर्थन करते हैं। सरकार जल्द से जल्द इनकी मांगों को मान कर सेवा का नियमितीकरण करें। इनके समर्थन में विधायक एवं सांसद भी सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे।

विधायक एवं पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विकास और नौकरी का वादा करने वाली सरकार अतिथि प्राध्यापकों की सेवा का नियमितीकरण जल्द से जल्द करें। सरकार की संवेदना खत्म हो चुकी है। गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल बनाने वाले अतिथि प्राध्यापकों से भेदभाव क्यों? यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

मुंगेर के विधायक प्रणव कुमार ने कहा कि जब शिक्षक ही भूखा रहेगा तो ज्ञान का गंगा सुखा रहेगा। इन्हें जल्द से जल्द बकाए वेतन का भुगतान होना चाहिए एवं इनकी सेवा का नियमितीकरण होना चाहिए।

मौके पर संघ के संयोजक डॉ सतीश कुमार दास, संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा के अध्यक्ष डॉ मुकेश प्रसाद निराला, भागलपुर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ आनंद आजाद, बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर, मिथिला विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ बच्चा कुमार रजक, पटना विश्वविद्यालय पटना के अध्यक्ष डॉ विद्यानंद विधाता, जेपी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के अध्यक्ष डॉ आदित्य आनंद, एवं सैकड़ों की संख्या में अतिथि प्राध्यापकों ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक डॉ सतीश तथा संचालन संयुक्त रूप से जेपी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के अध्यक्ष डॉ आदित्य आनंद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पटना विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ विद्यानंद विधाता ने किया।

एक नजर में : नोएडा सेक्टर 110 मार्केट फिर से अतिक्रमणाकारियों के गिरफ्त में

नोएडा समाज जागरण

नोएडा सेक्टर 110 मार्केट एक बार फिर से अतिक्रमणकारियों के गिरफ्त में है और प्राधिकरण और पुलिस नींद से सो रही है। कुछ दिन पहले ही इस मार्केट को खाली कराया गया था और नयी जगह पर शिफ्ट किया गया था। लेकिन अब हालात यह है कि नयी जगह पर भी दुकाने लग रही है और पूराने जगह पर भी। कई लोग तो यह भी बताते है कि दुकानदार ही इन अतिक्रमण की असली वजह है। क्योंकि यह लोग इन ठेली पटरी वालों से पैसे वसूलते है। संभवतः यह बात भी हो क्योंकि कभी भी दुकानदारों के द्वारा इन अतिक्रमणकारियों का विरोध नही किया गया है आज तक।

बताते चले कि नोएडा एक तरफ जहाँ स्मार्ट सिटी में बेशुमार है वही दूसरी तरफ नोएडा प्राधिकरण के ढुलमूल रवैया के कारण अतिक्रमणकारियों का शहर भी कहा जाने लगा है। जहाँ मार्केट तो छोड़िये जनाब फुट-पाथ भी अतिक्रमण का शिकार है। कही फुट-पाथ पर आपको दुकान लगे मिलते है तो कही गाड़ियों के पार्किंग। कुछ नही न मिले तो यहाँ दुकान वालों का होर्डिंग बैनर लगे आपको मिल जाते है.

नोएडा सेक्टर 110 हालांकि एक सुन्दर और स्वच्छ मार्केट के तरफ विकसित किया जा सकता था लेकिन प्राधिकड्डण के सर्किल आफिसर और सुपरवाइजर के कर्मठता ने इसे काफी पीछे ढकेल दिया है। अब हालात यह है कि मार्किट में जमे अतिक्रमण के कारण लोग दुकान में जाने से भी कतराने लगे है।

बताते चले कि यहाँ कई बैंक के शाखा भी है साथ में कान्हाँभोग मिष्ठान भंडार भी है। इसके साथ ही बाहर फैला पूरा अतिक्रमण है जहाँ पर आपको खाने पीने के सामन से लेकर पहने ओढ़ने के सामान तक आपको मिल जाते है।

कानपुर देहात का बलवंत हत्याकांड : एस ओ जी प्रभारी को जेल के बाद अन्य की तलाश भी तेज

व्यापारी पुलिस कस्टडी मौत मामले में इंस्पेक्टर,एस ओ , चौकी प्रभारी और डॉक्टर समेत पांच के खिलाफ दर्ज हत्या का मुकदमा

प्रयागराज व दिल्ली में भी शरण लिए हो सकते आरोपी पुलिस वाले

सुनील बाजपेई

कानपुरकयहां देहात के शिवली थाना क्षेत्र के बहुचर्चित व्यापारी बलवंत सिंह की पुलिसकस्टडी में मौत मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के आधार पर एसओजी प्रभारी को गिरफ्तारी के बाद अन्य आरोपी अन्य पुलिस वालों की भी तलाश तेज कर दी गई। यह सभी मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे हैं। जिसके लिए ए एस पी की अगुवाई में उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों

पर छापे मार रही है।

इन नामजद पांचों फरार पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन भी बंद हैं। और वह कानपुर के साथ ही प्रयागराज व दिल्ली में भी शरण लिए हो सकते हैं।

फिलहाल एएसपी घनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में नामजद आरोपितों में शिवली कोतवाल रहे राजेश सिंह, एसओजी, दारोगा शिवप्रकाश सिंह, दारोगा ज्ञान प्रकाश पांडेय और कांस्टेबल महेश की तलाश में पुलिस की छह टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। वहीं इसी मामले में संदिग्ध

भूमिका के लिए जिला अस्पताल के एक अज्ञात डाक्टर को भी नामजद किया गया है। इनमें से अबतक एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि अन्य की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं। मामले में अब तक 11 पुलिसवालों को निलंबित किया जा चुका है।

अवगत कराते चलें कि बीते सोमवार की रात व्यापारी बलवंत सिंह की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई थी। उनकी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में 1 दर्जन से अधिक चोटें भी पाई गई थी जिस पर उनके परिजनों ने पुलिस कर्मियों पर पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस के खिलाफ जमकर बवाल भी किया था, जिसके बाद ही मामले में मृतक के चाचा अंगद सिंह ने एसओजी प्रभारी के अलावा शिवली कोतवाल राजेश कुमार सिंह, एसओ रनियां शिवप्रकाश सिंह, मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पाडेय, एसओजी टीम के महेश गुप्ता ,जिला अस्पताल के एक डॉक्टर तथा अन्य पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

कटंगी के लाल प्रशांत भाऊ को भारत गौरव सम्मान देकर किया गया सम्मानित

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(18 दिसंबर)कटंगी क्षेत्र में अपने सादगी एवं सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाले समाज सेवी इंजी.प्रशांत भाऊ को विश्व मानवाधिकार दिवस पर इनके सराहनीय कार्यो को लेकर भारत गौरव सम्मान देकर सम्मानित किया गया।इसमें नामी फिल्मी हस्तियों सहित इंजी.प्रशांत भाऊ को सम्मानित करना निश्चित ही पूरे जिले व कटंगी के लिए गौरव की बात है। विर्दभ महाराष्ट्र के नागपुर महानगर के सुरेश भट्ट सभागृह में विगत दिनों विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर जहां परिचर्चा आयोजित गई वहीं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता गगन मलिक, कटंगी विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता समाजसेवी इंजि प्रशांत भाऊ,एन के कादर,मंहत एकनाथ महाराज,नैना चौहान,फैजान ताज आयुषि लांडे डॉ रश्मि तिरपुड़े,प्रजक्ता शिंदे, आरती खण्डेलवाल, अर्चना राठौर,सैयद तलफ, ज्योति आम्गे, डाक्टर हेमंत हिरोले आदि जानी मानी हस्तियों के

अलावा गणमान्य नागरिकों ने शिरकत किया। कटंगी विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता समाजसेवी इंजि प्रशांत भाऊ के द्वारा निरंतर कई वर्षों से स्वास्थ्य,शिक्षा,समाज के उत्थान विकास के लिए निस्वार्थ भावना के साथ तनमन घन के साथ कार्य करें है उनकी बढ़ती लोकप्रियता और समाज की विचारधारा से जुड़के जो कार्य किया जा रहा है आयोजन समिति ने इंजि प्रशांत भाऊ के कार्यों की सराहना करते उन्हें विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर भारत गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया इंजि प्रशांत भाऊ को सम्मानित किये जाने पर उनके शुभचिंतकों मित्रो हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं बधाई दी। भारत गौरव से नवाजे गये इंजि प्रशांत भाऊ आयोजन समिति द्वारा जो स्नेह व सम्मान प्रदान किया गया उसके लिए आभार व्यक्त किया है। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में राजिक खान भ्रष्टाचार का सामना, जेबीटी सुरेन्द्र गजभिए, मोहन वाकोड़े आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

खाद्य सुरक्षा की टीम ने बैहर, मंडई, पल्हेरा में की विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

पल्हेरा की नूतन किराना दुकान को किया गया सील

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(18 दिसंबर)जिले वासियों को साफ सुथरा खाद्य सामग्री मिले इसके लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसमे नियम विरुद्ध पाए गए प्रतिष्ठानों के ऊपर कार्यवाही की गई।वही बिरसा के पल्हेरा की नूतन किराना दुकान का लाइसेंस अवसान होने पर कार्यवाही करते हुए दुकान को सील कर दिया गया।जानकारी अनुसार शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे एवं वाजिद मोहिब ने खाद्य सामग्री में मिलावट के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बैहर तहसील के ग्राम मंडई में आधा दर्जन खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना लेकर कार्यवाही किया।काबुली चना, डेयरी व्हाइटनर का नमूना जांच के लिए लिया गया।वहीं तहसील बिरसा के ग्राम पल्हेरा स्थित नूतन किराना दुकान का लाइसेंस एक्सपायर्ड पाए जाने पर मौके पर दुकान सील की गई एवं खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयीन कार्यवाही की जा रही है।

पटौदी के पत्रकारों को मिला राष्ट्रीय मीडिया रत्न अवार्ड

पटौदी/सुरेश कोहली : वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली में आयोजित हुए पत्रकार सम्मेलन में देश के कोने कोने से पहुंचे पत्रकारों को डब्लूजेआई द्वारा मीडिया रत्न अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है की जिला गुरुग्राम के पटौदी से शिवचरण व नरेंद्र कुमार सहगल को ये सम्मान दिया गया है। अपने सम्मान में उन्होंने कहा की इस सम्मान का सारा श्रेय वरिष्ठ पत्रकार सुरेश कोहली को जाता है।वे पत्रकारिता में राष्ट्रीय सम्मान पाकर बहुत ही खुश है। जैसे ही क्षेत्र के लोगों को उनके सम्मान के बारे में पता चला तो उन्हें फोन के माध्यम से भी बधाइयां मिल रही है।

कलेक्टर ने किया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण

अनुपस्थिति मिले कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही के निर्देश

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(18 दिसंबर)कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा।इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर उनके दस्तावेज एवं रिकॉर्ड की जांच की। कलेक्टर डॉक्टर मिश्रा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय के निरीक्षण के लिए दो अलग-अलग टीम बनाई गई थी । इन टीमों के द्वारा शिक्षकों के लंबित भुगतान, सामान्य भविष्य निधि आहरण, लंबित पेंशन प्रकरण, पुस्तक वितरण आदि की जांच की गई है। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सभी बीआरसी एवं खंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर शिक्षा संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गई और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए । बैठक में कहा गया कि सभी स्कूलों

में बच्चों एवं शिक्षकों की एम शिक्षा मित्र मोबाइल ऐप से हाजरी अनिवार्य रुप से लगाना है । स्कूलों में 6 वर्ष से अधिक की आयु के दिव्यांग बच्चों के पेंशन प्रकरण बनाने के निर्देश दिए गए । बैठक में पाया गया कि बालाघाट एवं वारासिवनी विकासखंड में शिक्षकों के पेंशन प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित हैं। जिसके कारण बालाघाट के बीआरसी एवं वारासिवनी के खंड शिक्षा अधिकारी व संबंधित लिपिक की 2 वेतन रोकने रोकने के निर्देश दिए गए । सभी बीआरसी को निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र के स्कूलों का सतत निरीक्षण करें और स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें । स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और परीक्षा परिणाम अच्छा बनाने के लिए पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

नजीबाबाद के ग्लोबल एकेडमी में संपन्न हुआ ताइक्वांडो इंटर हाउस कंपटीशन

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद के ग्लोबल एकेडमी में आज 17 दिसंबर को इंटर हाउस ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ग्लोबल एकेडमी के डायरेक्टर सुनील चंदोला रहे आज लगभग ग्लोबल एकेडमी के 100 बच्चों ने परफॉर्मेंस कर अपने अपने ग्रुप में मेडल जीते जिसमें मुफरेया खान ने गोल्ड मेडल वह अलीशा ने सिल्वर मेडल व भूमि नरवाल ने ब्रांच मेडल पर कब्जा किया बच्चों का परफॉर्मेंस देखकर पेरेंट्स भी खुश हुए वे सभी ने बच्चों का हौसला अफजाई किया लगभग 100 बच्चों ने ताइक्वांडो इंटर हाउस कंपटीशन में भाग लिया वह लगभग 12 कैटेगरी में ताइक्वांडो कंपटीशन संपन्न हुआ जिसमें हर कैटेगरी में 3 बच्चों को मेडल दिया गया गोल्ड सिल्वर ब्राउंस मेडल दिए गए कंपटीशन मैं नेशनल रेफरी नसीम अहमद निशांत वीरेंद्र विक्रम व नगमा आदि शामिल रहे

भरे बाजार से अपहरण करने वाले चार अपहरणकताओं को पुलिस ने दबोचा अपहृत युवक सकुशल बरामद

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(18 दिसंबर) दिन दहाड़े हुए अपहरण कांड से कोतवाली पुलिस सकते में आ गयी थी।आनन फानन में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम गठित कर अधिकारियों ने खोजबीन शुरू कर दिया।चारो तरफ हुई नाके बंदी से अपहृत युवक सहित चार अपहरणकताओं को पुलिस ने धर दबोचा।पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 दिसंबर को रामपायली पुलिस थानांतर्गत ग्राम थानेगांव निवासी प्रवीण नगपुरे अपनी पत्नी के साथ बाइक का किस्त जमा करने हेतु बालाघाट के सरस्वतीनगर स्थित शोरूम आया हुआ था कि अचानक चार चक्का वाहन में आये चार युवकों ने प्रवीण नगपुरे को पकड़कर हाथ पैर बांधकर अपने वाहन में बैठाकर फरार हो गए,जिसकी जानकारी 100 डायल के माध्यम से पुलिस को हुई।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने अपहृत युवक की पत्नी से पूछताछ किया तो उन्होंने बताया कि अपहरण

कताओं में दो को वह पहचानती है जिसकी पहचान बड्डा उर्फ दुर्गा शंकर साहू निवासी नेवरगांव लालबर्रा व शिव राज नायडू के रूप में हुई साथ ही दो अन्य की पहचान नही हो पाई।इतनी जानकारी मिलते ही पुलिस ने अपने मुखबिरी तंत्र को काम पर लगाकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लग गयी।पुलिस के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि अपहरणकताओं को लबादा लालबर्रा में देखा गया है।पुलिस ने घेराबंदी कर लालबर्रा से अपहृत युवक सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया,साथ ही दो नग मोबाइल व एक चार चक्का वाहन को भी जप्तकर लिया गया।चारो आरोपियों में बड्डा उर्फ दुर्गा शंकर साहू,शिवराज नायडू,दीपेश अगाशे और प्रकाश मदनकर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।वही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार यह पूरा मामला रुपये के लेनदेन का है जिसे प्रवीण नगपुरे ने आरोपियों से लिया था और वापस करने में आनाकानी कर रहा था।अब सच्चाई क्या है यह तो पुलिस के खुलासा के बाद ही सामने आएगा।

मॉडल गौठान वेद परसदा में मनाया गया गौरव दिवस।

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी। छत्तीसगढ़ शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद स्तरीय गौरव दिवस मनाने का आयोजन का रूपरेखा तैयार किया गया है जिसमें मस्तूरी जनपद क्षेत्र के 4 ग्राम पंचायत वेद परसदा, बनियाडीह, बेलटूकरी और सोन ग्राम पंचायत में अलग-अलग दिनांकों में गौरव दिवस मनाया जाएगा जिसमें मस्तूरी क्षेत्र के सभी अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं को ग्रामीणों को अवगत कराते हुए योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को कैसे मिले यह सब बताते हुए गौरव दिवस को मनाया जाएगा। इसी तारतम्य में वेद परसदा के मॉडल गौठान में शनिवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा जनता को संबोधित भाषण को सुनते हुए गौरव

दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य रुप से पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, प्रदेश कांग्रेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद्र जायसी, आ.जा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल, जिला पंचायत सभापती राजेश्वर भार्गव,जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, सभापति दामोदर कांत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पटेल उपाध्यक्ष देवेंद्र कृष्णन सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। गौरव दिवस कार्यक्रम में मस्तूरी एसडीएम महेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार लहरें, तहसीलदार अभिषेक राठौर, कार्यक्रम अधिकारी रुचि विश्वकर्मा सहित मस्तूरी ब्लॉक के सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

एसडीएम की अध्यक्षता में लगा समाधान दिवस

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना। नगीना में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में कुल 19 शिकायतें आई जिसमें से किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि शासन की मंशा अनुसार समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत एवं प्रार्थना पत्रों का पूर्ण रूप से समाधान किया जाएगा एवं सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक तथा निर्धारित समय में ही किया जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार नगीना अवनीश कुमार, सीओ नगीना एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

"बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के"

छत्तीसगढ़ गौरव दिवस किसान भूमिहीन मजदूर महिला अउ युवा मन ला समर्पित- डॉ.प्रेमचंद जायसी

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तूरी। 17 दिसंबर 2018 में छत्तीसगढ़िया सरकार माननीय भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में तीन कैबिनेट मंत्रीयों के साथ शपथ लिया एवं 2 घंटे के अंदर में कैबिनेट की मीटिंग बुलाकर, छत्तीसगढ़ की तकदीर किसानों का कर्ज माफ कर इतिहास रच दियाऔर कैबिनेट में यह फैसला भी लिया गया की 10 दिवस के अंदर किसानों का धान25 सौ रुपए प्रति क्विंटल के दर से लेने का निर्णय लिया, शनिवार को भूपेश बघेल की सरकार का कार्यकाल4 वर्ष पूरा हुआ, इस अवसर में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पूरे छत्तीसगढ़ में मनाया जा रहा है, यहां मस्तूरी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम वेद परसदा के आदर्श गौठान एवं टिकारी धान खरीदी केंद्र में प्रशासनिक रूप से छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया, भारी संख्या में लोग छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न योजनाओं के बारे में अतिथियों के द्वारा अवगत कराया गया जिसमें कर्ज माफी,2640 में धान खरीदी,मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत बड़े बीमारी में 2000000 रुपए तक मुफ्त इलाज,सिंचाई कर माफी,बिहान योजना से जुड़े हुए

महिला समूह के ढाई लाख रुपए तक के कर्ज माफी, ग्रामीण बच्चों के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना के साथ छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा गरवा घुरवा बारी के बारे में अवगत कराया, मुख्य रूप से पूर्व विधायक दिलीप लहरिया सभापति जिला पंचायत राजेश्वर भार्गव अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर जनपद पंचायत सभापति दामोदर कांत ने अपना विचार रखे। अपने उद्बोधन में डॉ प्रेमचंद जायसी प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा की "बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के" छत्तीसगढ़ सरकार का 4 वर्ष पूरा होने के अवसर में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस किसान, भूमिहीन मजदूर, महिला एवं युवा को समर्पित है कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सुनील पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र कृष्णन अमृत राठौर उदय भार्गव राजू तिवारी पुत्तन दुबे सुभाष टंडन निखिल जायसवाल ऋतुराज भार्गव सुकृता बादल खुटे विक्रम तिवारी परमेश्वर रात्रे अलग-अलग कार्यक्रमों में दोनों क्षेत्रों के किसान एवं महिला समूह एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

बीआरसी पुरैनी पर टी एल एम आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीनाः बीआरसी पुरैनी पर टी एल एम आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें परिषदीय विद्यालय के बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए टीएलएम निर्माण की प्रक्रिया के बारे में मास्टर ट्रेनर्स ने शिक्षकों को टिप्स दिए और प्रयोगात्मक रूप से टीएलएम. निर्माण की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया। बीआरसी पुरैनी पर शनिवार को टी एल एम प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्रभारी विनोद शर्मा के निर्देशन में संपन्न हो गया जिसमें परिषदीय विद्यालय के बच्चों को शिक्षण में रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए शिक्षण सहायक सामग्री के निर्माण और अनुप्रयोग के बारे में मास्टर ट्रेनर केडी आर्य सिराजुद्दीन, हिमांशु राजपूत, उमेश राजपूत, ओंकार सिंह राणा ने शिक्षकों को टी एल एम निर्माण

लोगोग्राफी,स्टोरी बोर्ड, पपेट व अभिनय मुखोटे बनाने के बारे में प्रयोगात्मक रूप से टिप्स दिए और शिक्षक अजय शर्मा द्वारा बनाए गए इलेक्ट्रॉनिक टीएलएम की सभी ने सराहना की। आठ आठ ग्रुपो के माध्यम से बने विभिन्न टीएलएम निर्माण प्रशिक्षण में निशाकर, संजीव गुप्ता, मनीष राणा, सबीहा शहनाज, समीना फखर, हिना परवीन, नरगिस परवीन, सलीम जावेद, अमित कौशिक, गोल्डी गौतम समेत दो सौ से अधिक शिक्षकों शिक्षिकाओं ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बढ़चढ़कर भाग लिया।

भाजपाइयों ने की विवादित बयान की निंदा

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना। पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा भारत के प्रधानमंत्री के ऊपर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में नगीना मझलेटा बाजार बड़ा मंदिर नगीना पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। सड़क पर एकत्रित होकर कार्यकताओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद, बिलावल भुट्टो मुदार्बाद के नारे लगाए एवं भारी संख्या में नगीना से भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मुख्य प्रदर्शन स्थल नुमाइश ग्राउंड बिजनौर के लिए रवाना हुए। प्रदर्शनकारियों में मुख्यतः पूर्व विधायक सतीश गौतम, लवि मित्तल, युवा नेता रोहित रवि, नवनीत मित्तल, अतुल अंदाज, मनी वर्मा, विक्की शर्मा, शुभम मित्तल, अमित गुप्ता, अमन सिंह, गोलू कुमार आदि उपस्थित रहे।

नगर निकाय के चुनाव को देखते हुए एसपी राम अर्ज के नेतृत्व में किया फ्लैग मार्च

नगीना नगर निकाय के चुनाव को लेकर लोकप्रिय एसपी देहात राम अर्ज व थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर में पैदल मार्च किया किया देर शाम एसपी देहात राम अर्ज सिंह थाना प्रभारी ने नगर में पैदल मार्च किया उन्होंने पुलिस फोर्स के उन्होंने कहा है कि मतदान केंद्र पर पानी बिजली की व्यवस्था ठीक-ठाक होनी चाहिए वही केंद्रों पर खास कर साफ सफाई का ध्यान रखा जाए किसी भी तरह की कोई परेशानी कोई दिक्कत ना हो नगर निकाय चुनाव में कोई भी गड़बड़ी ना करें गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं

जाएगा नगर की जनता नगर निकाय के चुनाव कराने में पुलिस का सहयोग करें और पुलिस भी जनता का सहयोग करें अपराधिक किस्म के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने का काम करें नगर निकाय के चुनाव शांति पूर्वक कराने में जनता पुलिस प्रशासन सहयोग करें इस मौके एसपी ग्रामीण राम अर्ज थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा व उप निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा उप निरीक्षक कुलदीप राणा चित्तौड़गढ़ चौकी इंचार्ज संजय त्यागी लाल सराय चौकी इंचार्ज अशोक कुमार सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा

चुनाव के मद्देनजर शाहनवाज खलील ने बुजुर्गों और नौजवान साथियों से मुलाकात की

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना शाहनवाज खलील ने कहा मेरे वालिद साबिक चैयरमैन मरहूम शेख खलीलुर्रहमान साहब के इंतकाल के बाद नगर पालिका परिषद नगीना का ये पहला चुनाव होने जा रहा है. वालिद के जाने के बाद कई मुश्किलें देखी हैं. लेकिन अल्लाह के बाद आप लोग हैं जो हर मुश्किल वक़्त में मेरे साथ खड़े हैं. आज नगीना के मौहल्ला लुहारी सराय काजी सराय तार वाला बाग,अकबराबाद चोक,काजी सराय द्वित्तीय में अपने बुजुर्गों और नौजवान साथियों से मुलाकात की. जहाँ भी जाता हूँ बुजुर्ग मेरे वालिद के किस्से मुझे सुनाने लगते हैं, दुआएँ देते हैं, सलाह मशविरा देते हैं. इतनी दुआएँ मिलती हैं कि गदगद

होकर घर आता हूँ. दुनिया की कोई शह बाप की जगह तो नहीं ले सकती लेकिन इतनी बुजुर्गों का साया और उनकी दुआएँ हर मुश्किल से आसानी से बाहर निकाल लेती हैं. इंशाल्लाह अपने वालिद की तरह ही आपके सुख दुःख और परेशानियों में हमेशा आपके साथ पहले की तरह खड़ा रहूँगा. आपके प्यार और मौहब्बत का कर्जदार था, हूँ और रहूँगा.

दयालवाला मे चला संदिग्ध वाहनों का चेकिंग अभियान

दैनिक समाज जागरण- जसवीर सिंह

थाना मंडावर क्षेत्र के दयालवाला मे आज शाम को मैन मार्किट के बीचो-बीच चलाया वाहन चेकिंग अभियान आपको बताते चले की सम्पूर्ण जनपद मे संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, उसी अभियान मे दयालवाला मे भी हल्का इंचार्ज नरेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मैन मार्किट मे सड़क किनारे खडे होकर वाहन रोककर चेकिंग करने लगे और बिना हेलमेट वाले दो पहिया वाहन चालकों के स्वामियों को हिदायत दी की गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करे, और चार पहिया वाहन चालक भी सीट बेल्ट लगाकर ही गाड़ी चलाये, और गाड़ी मे गैर कानूनी सामान रखकर ना चले नहीं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि मार्किट मे चेकिंग के दौरान लोगो को सामान लाने ले जाने मे बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, की अगर घर से सामान लेने दयालवाला आये तो क्या गाड़ी के कागज हेलमेट लेकर आना पड़ेगा, मार्किट वाले दुकानदारों का भी यही कहना है, की पुलिस को अगर वाहन चेकिंग करनी है तो मार्किट दयालवाला से बाहर ही करे जिससे की दुकानदारों पर भी इसका प्रभाव ना पड़े नहीं तो होता क्या है, मार्किट के सामने चेकिंग होने के डर से ग्राहक नहीं आते जिससे सभी दुकानदारों का भारी नुकसान होता हैं

बिजनौर पहुंच कर भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी के साथ हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लगाए पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनौर में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी विदेश मन्त्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए विवादित बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि के नेतृत्व में जिले भर के भाजपा कार्यकताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। वही नजीबाबाद से भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी के साथ पहुँचे सैकड़ों के संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग बिजनोर पहुँचे और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध करने के लिए सड़कों पर उतरे। भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी व मुस्लिम समाज के लोगो ने लगाए पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे। भाजपा कार्यकताओं ने बिजनौर नुमाइश मैदान से कलक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च।

लक्ष्य के अनुरूप करे प्रदर्शन, योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजी उपायुक्त

लंबित आवेदनों का त्वरित करें निष्पादनः उपायुक्त.

छात्रवृति योजना, सावित्री देवी फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत फसल योजना की प्रगति में तेजी लाने का दिया निर्देश.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट
पंकज भगत

पाकुड़ जिला समन्वय समिति की बैठक की कार्यवाही का उपायुक्त ने विभागवार अनुपालन की समीक्षा बैठक की बैठक में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री फसल राहत योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, प्री मैट्रिक झ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना, छात्र झ छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,पंचायती राज विभाग के तहत 15 वें. वित्त आयोग के तहत संचालित योजना, आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उर्जा विभाग, शिक्षा विभाग, गव्य एवं पशुपालन विभाग आदि से संबंधित योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रगति पर तेजी लाने को संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। वहीं, प्रगति में अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर भी संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समीक्षा करते हुए समस्या के निदान को लेकर अविलंब कार्रवाई करने एवं दिसंबर माह में सभी योजनाओं की प्रगति लक्ष्य अनुरूप शत प्रतिशत करने को कहा। उपायुक्त ने पिछले दिनों दो चरणों में आयोजित आपकी सरकार, आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त विभागवार

आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित आवेदन की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी विभागों को योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन त्वरित करने को कहा। कहा कि इसकी प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने निष्पादन लंबित होने के कारणों के संबंध में भी बीडीओ/सीओ एवं विभाग के पदाधिकारियों से पूछा और जरूरी दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने समन्वय बनाते हुए आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लक्ष्य के अनुरूप प्रखंड स्तरीय समिति से अनुशंसा कर जिला को समर्पित करने को कहा। वहीं, जिला पशुपालन पदाधिकारी को जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को रखने का निर्देश दिया। वहीं, कक्षा 09 से 12 एवं प्राथमिक विद्यालय के छात्र झ छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लक्ष्य को पूरा करने को कहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को योजनाबद्ध कार्य करने का दिशा निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, अपर समाहर्ता मती मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित व सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं बीडीओ, सीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

ई-रिक्शा बने पाकुड़ शहर के लिए मुसीबत, लग रहा घंटो जाम.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट
पंकज भगत

पाकुड़ शहर में बढ़ती ई-रिक्शों की संख्या अव्यवस्था फैला रही है। अवैध रूप से संचालित हो रहे अवैध ई-रिक्शों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। शहर के किसी भी हिस्से में ई-रिक्शों की काफी संख्या नजर आ जाएगी। इनकी बढ़ती संख्या जाम के हालात पैदा कर रही है। प्रशासन की अदेखी नगरवासियों को और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब है। जबकि प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है यदि ऐसे ही हालात रहे तो शहर ई-रिक्शों से भर जाएगा। जहां पैदल निकलना भी मुश्किल होगा। नगर वासियों में प्रशासन की इस उदासीनता से रोष है। इन ई-रिक्शों के संचालन के लिए मानक तय होने चाहिए। जिससे शहर की व्यवस्था बनी रहे शनिवार को शहर में जगह-जगह जाम के हालात नजर आए। मुख्य चौराहों पर भी यही हालात रहे। गांधी चौक पर दोपहर के समय कई बार जाम के हालात बने और सुधरे। इस जाम के जिम्मेदार वह ई-रिक्शा थे जो चौराहे पर चारों दिशाओं को जाने के लिए खड़े थे। साथ ही कुछ चल भी रहे

थे। जबकि चौराहे पर यातायात पुलिस तैनात नहीं थी । बार बार जाम के हालत होने के बाद भी यातायात पुलिस कहीं नजर नहीं आई यही हाल रेलवे फाटक तजिया चौक वृंदावन मार्केट हॉट पाड़ा कोर्ट परिसर के सामने जबकि नगर वासियों और राहगीरों को इन ई रिक्शों से परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल से घर लौटने वाले बच्चों को होती है।
जगह-जगह स्कूल वाहन जाम में फंसे दिखाई देते हैं। नगरवासियों का कहना है कि इन ई-रिक्शों का मानक तय होना चाहिए। संबंधित क्षेत्र के लिए नगर पालिका को भी अपनी परमिशन देनी चाहिए। लेकिन इस सब से पहले सहायक संभागीय विभाग में रजिस्ट्रर होना अनिवाय है। रजिस्टर हो भी रहे हैं तो कुछ ऐसे ही चल रहे हैं लेकिन सहायक संभागीय विभाग की मेहरबानी इस कदर है कि अवैध ई-रिक्शों के संचालन पर कोई कार्रवाई नहीं हैं। जबकि नगर में प्रतिदिन एक दर्जन ई-रिक्शों की खरीदारी हो रही है। जो बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। यदि यही हाल रहा तो नगर ई-रिक्शों से भर जाएगा।

संवेदक संघ ने शनिवार को भी बहिष्कार जारी रखा।

(आर एन चौरसिया)
धनबाद, आज पुनः संवेदक संघ ने बहिष्कार जारी रखा । साथ ही विशेष बोर्ड की बैठक में संवेदको की एक बात छोड़कर सारी बातों को मान लिया गया। अध्यक्ष द्वारा यह आश्वस्त क्या कि आप जिला परिषद का एक अभिन्न अंग है ।आपका सम्मान और साथ मिलने से जिला परिषद की उन्नति में नई गति आएगी। वहीं कुछ समर्थकों ने आक्रोश

जताया था कि कल निविदा बिक्री करने के समय खत्म होने के बाद भी निविदा बेचा गया है मनमानी ढंग से । जोकि सरासर गलत है, और आज नहीं होना चाहिए।
इसीलिए हमारे आंखों के सामने इसे बंद कराया जाए। आज एक ग्रुप में सिंगल पेपर बिका और सभी संवेदको ने मिलकर के अपनी आंखों के सामने इसे बंद करवाने का काम किया। वही संघ के अध्यक्ष अकाश रवानी ने सभी संवेदको से अपील की कि निविदा संख्या 3 में जिला परिषद के निर्बंधित सभी संवेदक भाग लेंगे और इसे सफल बनाएंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से निताई चंद्र गोराई, निर्मल उपाध्याय, पप्पू चौरसिया ,राजेश सिंह, शंकर भगत, नागेंद्र सिंह ,सपन मंडल ,शंकर सिंह, नौशाद खान ,कुणाल गुप्ता ,फिरोज अंसारी, राज नारायण पाठक, संदीप मंडल, कृष्णा महतो, समीर रवानी ,रशाद खान, आशीष पासवान, उपेंद्र यादव,सहित सैकड़ों संवेदक मौजूद थे।

धनबाद में कोयला सचिव से अग्नि प्रभावित लोगों ने की सुरक्षित जगह पर बसाने की मांग

(आर एन चौरसिया)
धनबाद, धनबाद दौरे के दूसरे दिन शनिवार 17 दिसंबर की दोपहर लगभग 12 बजे कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने अग्निप्रभावित क्षेत्र पहुंचे।
उन्होंने लिलोरिपथरा व बालुगढ़ा का दौरा किया व भू-धसान व जहरीली गैस के साये में रहने वाले लोगों से मुलाकात की। कोयला सचिव ने झरिया मास्टर प्लान के तहत पुनर्वास योजना से संबंधित परेशानियों की जानकारी ली।
कोयला सचिव ने स्थानीय लोगों से जाना कि आखिर क्या वजह है, जो अंदर से खोखली हो चुकी जमीन व भूमिगत आग के मुहाने से हटकर सुरक्षित जगहों पर यहां के लोग जाना नहीं चाहते हैं, इसपर स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार जिस जगह उन्हें बसाया जा रहा है, वहां सुविधाओं की कमी है। सरकार अगर 2014 का कट ऑफ डेट लागू करती है ,तो सभी इस जगह को छोड़ देंगे।जमीन के बदले एकमुश्त पैसों की मांग भी स्थानीयों लोगों ने कोयला सचिव के समक्ष रखी। सचिव ने विचार विमर्श करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सर्वे रिपोर्ट के अनुसार कुल 27 जगहों पर आग लगी है। कोयला

निकाल लेने के बाद भूमिगत आग पर काबू पाया जा सकता है, क्योंकि जमीन के अंदर जैसे ही ऑक्सीजन और एयर मिलती है, तुरंत ही आग पकड़ लेती है। बीसीसीएल योजनाबद्ध तरीके से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है।
कोयला सचिव के कार्यक्रम को देखते हुए बीसीसीएल के अधिकारियों ने आनन फानन अग्निप्रभावित व भूधंसान वाले क्षेत्रों की फेंसिंग कराई सुबह से ही बीसीसीएल अधिकारी कर्मचारियों के साथ इस काम में मुस्तैदी से जुटे रहे। बालुगढ़ा के लोगों ने कहा कि महीने मे एक आध बार कई पशु भूमिगत आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस जाते है। कई बार तो बच्चे भी इसकी चपेट में आ जाते है, परंतु बीसीसीएल अधिकारी कभी गंभीर नहीं दिखते।कोयला सचिव के आने से इन खतरनाक इलाकों की फेंसिंग कराने का मतलब सोचने लायक है। दौरे में कोयला सचिव अमृत लाल मीणा के साथ कोल इंडिया चैयरमेन प्रमोद अग्रवाल, आनंद जी प्रसाद, एम के सिंह, धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार, सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, झरिया अंचल अधिकारी प्रमेश कुशवाहा, दिलीप भगत, केके सिंह, सपन मंडल समेत बीसीसीएल के कई अधिकारी मौजूद थे।

अपर समाहर्ता ने दिया अभियान चलाकर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश

आउटसोर्सिंग कंपनियों के पास स्थित वे - ब्रिज की जांच करने का निर्देश

(आर एन चौरसिया)
धनबाद, अपर समाहर्ता , नंदकिशोर गुप्ता ने आज राजस्व संग्रहण को लेकर समाहरणालय के सभागार में विभिन्न विभागों के साथ बैठक की।

विभिन्न विभागों की समीक्षा करने के बाद उन्होंने सभी विभागों से अभियान चलाकर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।
अपर समाहर्ता ने माप तौल विभाग को आउटसोर्सिंग कंपनियों के पास स्थित वे - ब्रिज ,वजन कांटा की जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा आउटसोर्सिंग कंपनियों से कोयला निकलने के बाद वजन में भारी अनियमितता देखने को मिलती है। उन्होंने नाप तौल विभाग को आउटसोर्सिंग कंपनियों के पास स्थित कम से कम 10 वे - ब्रिज की जांच कर अपना प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।
बैठक में वाणिज्य कर, उत्पाद, निबंधन, राष्ट्रीय बचत, मत्स्य, नाप तौल, विद्युत, परिवहन, नीलाम पत्र, पेयजल, नगर निगम, कृषि सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई।
बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, राजेश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

धनबाद पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीन विकास में अग्रसर , प्रो0 अरविन्द कुमार मिश्रा, (सिम्फर निदेशक)

(आर एन चौरसिया)
धनबाद, धनबाद पब्लिक स्कूल मुख्य शाखा के 33 वें वार्षिक समारोह के दूसरे दिन शनिवार को मुख्य अतिथि सिंफर के निदेशक प्रो, अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक छटा के बीच अवस्थित डीपीएस विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर रहा है। यह विद्यालय विद्यार्थियों को हर विधाओं में पारंगत बना रहा है। ढांगी पहाड़ी की तलहटी अवस्थित यह विद्यालय सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है। विशिष्ट अतिथि एसएनएमएमसीएच के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ, डीपी भूषण ने कहा कि हर वर्ष यहां के विद्यार्थी मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षा में चयनित हो रहे हैं और कई सरकारी बड़े पदों में भी यहां के विद्यार्थियों का सेलेक्शन हुआ है। शिक्षा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से ही विद्यालय शिखर तक पहुंचा है। अध्यक्ष शंभूनाथ अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही विद्यालय का लक्ष्य है । सचिव सीए अनिल मुकीम ने कहा कि संस्थापक स्वर्गीय डॉ, पीएन गुटगुटिया के सपनों को साकार करता हुआ यह विद्यालय नित्य प्रगति पथ

पर अग्रसर है। छात्राओं , बालिकाओं समेत दैनिक विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना प्रबंध समिति का उद्देश्य है। प्राचार्य शारदा महाजन ने कहा कि शिक्षा के अलावा खेलकूद में भी यहां के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है । इस अवसर पर वर्गों में प्रथम स्थान लाने वाले एवं विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान किया गया। मौके पर शिक्षा विकास ट्रस्ट के सचिव ,अनिल डालमिया, डीपीएस हीरक ब्रांच के अध्यक्ष रामप्रसाद कटेसरिया, विवेकानंद विद्यालय झरिया के अध्यक्षा ओमप्रकाश कासट, डीपीएस के कोषाध्यक्ष किशन अग्रवाल, उर्मिला गुटगुटिया, इंद्रमोहन मेनन, एमपी बंसल, राजेंद्र बंसल, पदम गुटगुटिया, फादर एलेक्स, शैलेश अग्रवाल, गगन दुदानी, समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दुर्गा स्तुति, रामायण, नेपाली नृत्य, पर्यावरण गीत , ऐलो दुर्गा मां, बाल मजदूरी, दिल है छोटा सा, सूरज ढलता जाए , मुझे जीने दो आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की ।

बीमा पेंशनर्स संघ हजारीबाग मंडल का 9वाँ सम्मेलन एल आई सी धनबाद शाखा 1 में सम्पन्न ।

(आर एन चौरसिया)
धनबाद, बीमा पेंशनर्स संघ हजारीबाग मंडल का 9वाँ सम्मेलन एल आई सी धनबाद शाखा 1 परिसर में सम्पन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता , सुदीप कुमार चटर्जी ने की। इस सभा में बीमा पेंशनर्स संघ की कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के माध्यम भारत सरकार से पेंशन में सुधार तथा फैमिली पेंशन में सुधार की मांग की गई। विभिन्न वक्ताओं ने भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थिति, हमारे समाज की स्थिति तथा भारत सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों पर चर्चा में हिस्सा लिया। संघ के महासचिव , नरेश प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि फैमिली पेंशन को 30 प्रतिशत करने की अनुशंसा एल आई सी बोर्ड था ।जिप्सा ने 3 वर्ष पूर्व भारत सरकार को भेज दिया है। परंतु भारत सरकार ने अभी तक इसकी अधिसूचना नहीं जारी की है। यह बहुत दुःखद है। सम्मेलन ने प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार से फैमिली पेंशन की अधिसूचना अविलंब जारी

करने की मांग की। आज के सम्मेलन में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, चिरकुंडा , बेरमो तथा सिंदरी के लगभग एक सौ लोगों ने हिस्सा लिया। आज के सम्मेलन में सुदीप कुमार चटर्जी, जियाउर रहमान, अभय नारायण सिंह, एस के राम, मनोज मिश्रा,अमरेंद्र आनंद, हेमंत मिश्रा सहित अनेक साथियों ने परिचर्चा में हिस्सा लिया। सम्मेलन ने अगली अवधि के लिए साथी सुदीप कुमार चटर्जी, नरेश प्रसाद श्रीवास्तव एवम चंद्रशेखर प्रसाद को क्रमशः अध्यक्ष, महासचिव एवम कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। सम्मेलन को सफल बनाने में साथी रवि प्रसाद मिश्रा, अलगू प्रसाद, सिद्धेश्वर मोदी, कृष्णा कुमार, सुभम राज, रिशु गुप्ता, राहुल प्रसाद,सुरेश कुमार, राजेन्द्र राम, तुलसी महतो, चंदन मोइत्रा, राजीव साधु सहित अनेक साथियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रविंद्र वर्मा के आवासीय कार्यालय परिसर में जरूरतमंदों को 180 कंबल का किया वितरण

(आर एन चौरसिया) धनबाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रविंदर वर्मा के आवासीय कार्यालय के परिसर में रविंदर वर्मा, धनबाद जिला 20 सूत्री के सदस्य से धनबाद जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोगिंदर सिंह जोगी एवं कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष लालबाबू कुशवाहा के द्वारा जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों को 180 कम्ब्लों का वितरण किया गया। कंबल पाकर महिलाओं ने

कहा किस बढ़ती ठंड में इसकी बहुत जरूरत थी ।उन्होंने झारखंड सरकार और रविंदर वर्मा को धन्यवाद दिया।कंबल वितरण कार्यक्रम में रविंद्र वर्मा ने कहा झारखंड सरकार द्वारा गरीबों को ठंड से बचाने के लिए उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण किया गया है ।इसके लिए हमारी टीम ने जरूरतमंदों को चिन्हित कर प्रथम चरण का कंबल बांटा है अभी और भी जरूरतमंद लोगों की सूची तैयार कर कंबल का वितरण किया जाएगा । ताकि वे लोग ठंड से ना ठीठूरे। कंबल वितरण कार्यक्रम में धनबाद नगर कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, संदीप कुमार कुकू, अमर प्रसाद, भास्कर झा सहित सैकड़ों कंबल लाभार्थी मौजूद थे।

धनबाद में दो दिवसीय 'हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' का शुभारम्भ

हिन्दू समाज को स्वयं का अस्तित्व टिकाये रखने के लिए हिन्दू राष्ट्र के आंदोलन को प्रखर बनाना आवश्यक

(आर एन चौरसिया)
धनबाद , भारत को संवैधानिक पद्धति से 'हिन्दू राष्ट्र' बनाने की योजना निर्धारित करने के लिए आज हीरापुर धनबाद, स्थित अग्रसेन भवन में हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित 'दो दिवसीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' प्रारंभ हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन पूजनीय संत, स्वामी प्रज्ञात्मानंद जी महाराज, स्वामी श्री वृंदावन दास जी, डॉक्टर नील माधव दास, डॉक्टर कौशिक मौलिक एवं हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता , रमेश शिंदे के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।तत्पश्चात पूजनीय संतों का सम्मान किया गया । उद्घाटन के समय नाम प्रेम प्रभु जी की वंदनीय उपस्थिति थी।
भारत अनादि काल से हिंदू राष्ट्र था ,परंतु धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था के दुष्चक्र में फंसने के कारण यहां के हिंदुओं का दमन हो रहा है । इस स्थिति में परिवर्तन लाने हेतु पुनः हिंदू राष्ट्र की स्थापना करना अनिवार्य हो गया है। गत दस वर्षों से हिंदू जनजागृति समिति द्वारा प्रतिवर्ष गोवा में अखिल भारतीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन तथा विभिन्न राज्यों में प्रांतीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन के आयोजन किए जाने के फलस्वरूप पूरे देश में हिंदू राष्ट्र की चर्चा प्रारंभ हुई । समिति द्वारा हिंदू राष्ट्र का कार्य सामने रखकर विविध क्षेत्रों में बहुआयामी कार्य भी प्रारंभ किए गए हैं ' हिंदू राष्ट्र स्थापना के कार्य को गति और बल देने के उदेश्य से इस वर्ष भी १७ व १८ दिसंबर '२२ की अवधि में यह प्रांतीय

अधिवेशन आयोजित किया गया है समिति के प्रवक्ता , रमेश शिंदे ने अपने वक्तव्य में परिलक्षित किया कि अनुच्छेद 370 के हटने के उपरांत भी कश्मीर में हिंदुओं की हत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं ' आज भी कश्मीर से हिन्दू पलायन कर रहे हैं ' कश्मीर के उपरांत अब उत्तर प्रदेश दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों के हिन्दुओं के घरों पर 'घर बिकाऊ है। ऐसा लिखा हुआ दिखाई दे रहा है ' ऐसी स्थिति में हिन्दू समाज को स्वयं का अस्तित्व टिकाए रखने के लिए हिन्दू राष्ट्र के आंदोलन को प्रखर बनाना अत्यावश्यक हो गया है ' अधिवेशन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए रमेश शिंदे ने कहा कि, आज वायु, ध्वनि आदि प्रदूषण की बात हो रही है, परन्तु राष्ट्र एवं धर्म विरोधी वैचारिक प्रदूषण की ओर हम कब ध्यान देंगे ? हिन्दू राष्ट्र की स्थापना, धर्म का अधर्म के विरुद्ध युद्ध है । हिन्दुओं को यह ध्यान में लेना चाहिए। सरकार किसी भी विचारधारा की हो, परन्तु देश की राज्यव्यवस्था देश के बहुसंख्यक अर्थात हिन्दू समाज के लिए प्रधानता से अनुकूल होनी चाहिए । इसलिए हमें हिन्दू राष्ट्र स्थापना करनी होगी।
इस अधिवेशन में झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं ओडिशा के राज्य से ५० से ज्यादा हिन्दूत्वनिष्ट संगठनों के १०० से अधिक पदाधिकारी, मंदिर विश्वस्त, अधिवक्ता व विचारक सहभागी हुए हैं ' सभी ने एकजुट होकर 'ज्ञानव्यापी क्षेत्र की मुक्ति के लिए चल रहे कानूनी संघर्ष का समर्थन करने तथा भारत को संवैधानिक पद्धति से हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

भाजयुमो ने रणधीर वर्मा चौक पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका

धनबाद, शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री , नरेंद्र मोदी ऊपर की गयी अभद्र टिप्पणी के विरोध में पाकिस्तान का और बिलावल भुट्टो का पूतला दहन किया गया।
उक्त कार्यक्रम भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा भारत देश के सचिव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कसाई बुलाया जाना और निंदनीय अपराध की श्रेणी में देखा जाना चाहिए। एक ओर जहां भारत जी 20 जैसे महत्वपूर्ण सम्मेलनों की अध्यक्षता कर रहा है ,वहीं पाकिस्तान अपनी ओछी मानसिकता का प्रदर्शन करते हुए उल जलूल बयानबाजी करके अपने मानसिक दिवालियापन को प्रदर्शित कर रहा है।पाकिस्तान को चाहिए कि जल्द से जल्द बयान जारी करके वैश्विक मंच पर भारत से माफी मांगे। भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि भाजपा भारत देश के स्वाभिमान हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर कोई भी अभद्र टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।पाकिस्तान को यह भूलना नहीं चाहिए की युद्ध के भूमि में हमारे सामने टिक नहीं पाते हैं ।शायद यही वजह है कि वह मौखिक बयानबाजी करके अपने मन की भड़ास को बाहर निकालती है। पाकिस्तान को

चाहिए कि जिस प्रकार उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर अभद्र टिप्पणी की उसी प्रकार सामने आकर क्षमा याचना करें।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि आज भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक एक सिपाही आक्रोशित है। उसका कारण है पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर किए जाने वाले अभद्र टिप्पणियां, भारतीय जनता युवा मोर्चा पाकिस्तान और पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला दहन कर इस बात पर कड़ा प्रतिरोध जताती है। पाकिस्तान अगर आर्थिक रूप से कमजोर पड़ रहा है अगर उसकी कमर टूट रही है तो उसे चाहिए कि वह उस दिशा में काम करें ना ही हमारा देश जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में प्रकाश की गति से आगे बढ़ रहा है। उससे द्वेष रखकर माथा पटकने से पाकिस्तान को कुछ नहीं मिलने वाला। पाकिस्तान अपने इस दुस्साहस के लिए भारत के प्रधानमंत्री से, भारत की 130 करोड़ जनता से करबद्ध होकर माफी मांगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नितिन भट्ट, संजय झा, तमाल राय, मानस प्रसुन, मिल्टन पार्थ सारथी, चन्द्र शेखर मुन्ना, मुकेश पांडे,जयंत सिंह चौधरी,अवधेश साव, रवि मिश्र, नितिन शर्मा,सोनू रवानी, नित्यानन्द मण्डल,निर्मल प्रधान, मौसम सिंह, शिवेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह जिला परिषद सदस्य, आनंद खंडेलवाल, रामजी मिश्रा, जीत सोनी, तरुण शर्मा, मिथिलेश राम, उमेश सिंह, उमेश सिंह, सचीन पासवान, अरुण सिंह, रवि मिश्रा, उपेन्द्र कुमार,सूरज चौहान,दिलीप सिंह,सचिन सिंह सगर रवानी,राहुल, सोनी,यश झा, बेबी यादव सहित युवा मोर्चा के अनेक सदस्य मौजूद थे।

बी एन एम यू के समाज शास्त्र विभाग में सात दिवसीय वर्कशॉप की तैयारी तेज

विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वानों को बनाया गया है सदस्य

23 से 29 दिसंबर तक सात दिनों तक चलेगा वर्कशॉप

मधेपुरा ।बीएनएमयू के समाजशास्त्र विभाग में न्यू ट्रेंड्स इन रिसर्च मेथोडोलॉजी पर सात दिवसीय वर्कशॉप के आयोजन के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। वर्कशॉप को लेकर शिक्षकों की एक बैठक एचओडी डॉ कुलदीप यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में न्यू ट्रेंड्स इन रिसर्च मेथोडोलॉजी पर सात दिवसीय वर्कशॉप के आयोजन को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ कुलदीप यादव ने बताया कि इसके लिए कुलपति डॉ आरकेपी रमण को संरक्षक, डॉ सदय कुमार को आयोजन सचिव और डॉ विवेक प्रकाश सिंह को संयुक्त सचिव बनाया गया है। डॉ यादव ने बताया कि वर्कशॉप आयोजन के लिए सीएम साइंस डिग्री कॉलेज मधेपुरा के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार उर्फ संजय परमार को मीडिया इंचार्ज बनाया गया है। जबकि आगेर्नाइजिंग कमेटी में डॉ चंद्रमणि, राजकुमार, डॉ सुजा जाहिद अनवर, मनीष कुमार, शिल्पी शुभम, नमिता कुमारी, उपासना कुमारी, कृष्ण देव यादव, सूरज कुमार, धीरेंद्र कुमार, शुभम कुमार, बृजेश कुमार सिंह, विकास कुमार, पूनम कुमारी, प्रज्ञा गौतम, पूजा कुमारी, रूमा कुमारी को बनाया गया है। जबकि एडवाइजरी कमिटी में पटना यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर डॉ जेपी सिंह, पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रति कुलपति डॉ आरके मल्लिक, डीएसडब्ल्यू राजकुमार सिंह, डीन डॉ उषा सिन्हा, डॉ नवीन कुमार, डॉ अशोक कुमार, विश्वनाथ झा, प्रभात कुमार सिंह, रश्मि, आरके राणा, डॉ मिहिर कुमार ठाकुर, डॉ सीपी सिंह और आइक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ नरेश कुमार को मेंबर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह का माहौल है। प्रतिभागी पंजीयन करा रहे हैं।वर्कशॉप में रिसर्च पर सैद्धांतिक और न्यू ट्रेंड्स लिटलेचर का रिव्यू,एंटी प्लैग्रिज्म, केस एनालिसिस, रिसर्च डिजाइन, रिसर्च पेपर का प्रकाशन सहित अन्य जानकारी दी जाएगी। वर्कशॉप में रिपोर्ट तैयार करने की विभिन्न विधि, शोध संकलन और निष्कर्ष प्रस्तुत करनाऔर ऐसे सभी कार्यों के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोगकी जानकारी देने राष्ट्रीय स्तर के विद्वान अपनी बात रखेंगे।

अपना दल एस के जॉन प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड-वोकेट के नेतृत्व में चौपाल का आयोजन किया गया

शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण

बिजनौर नगीना लोक सभा के ग्राम महावतपुर गामडी निकट सिहोरा मे साईं राम स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सोनिया देवी के घर पर शैलेंद्र चौधरी एड-वोकेट जोन प्रभारी के नेतृत्व में एक चौपाल बैठक का आयोजन किया गया। महिलाओं के उत्थान के लिए माननीया बहन अनुप्रिया पटेल जी की नीतियों और कार्यशैली को शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट जन जन तक पहुंचा रहे हैं। महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं के बारे में और बहन

अनुप्रिया पटेल जी की विचारों को गांव गांव जाकर पहुंचा रहे हैं। सभी वर्गों को लेकर साथ में चल रहे अपना दल (एस) की नीतियों को जनपद बिजनौर में घर-घर तक पहुंचा रहे है इस चौपाल में उपस्थित हुई मिथलेश देवी, कुसुम देवी, रेखा देवी, निर्वेश कुमारी, मीरा, बबीता, पल्लवी, सुकेश, साधना, सूर्य प्रताप सिंह , गुड्डू सिंह, अखलेंदर सिंह एवम कार्यकर्ता

लाखों की धान आग लगने से राख हो गई।

शर्तकता ही आपका सुरक्षा है ।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता फतेहपुर विपुल गोस्वामी

फतेहपुर थाना क्षेत्र के जामजोड़ी पंचायत के अंतर्गत पुराना जामजोड़ी में आग लगने से लाखों की धाम राख में परिवर्तित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रात के 10:00 बजे किसी असामाजिक तत्वों द्वारा दयामय दास के खलिहान में रखे हुए धान की पालोय में आग लगा देने से धान जलकर राख हो गया। ग्रामीण क्षेत्र में 10:00 बजे रात लोग गहरी नींद में सो जाते हैं ,उसी समय ड्राइवर को पहुंचाने के क्रम में गोविंद चौकीदार ने ग्रामीणों को सूचना देकर सबको उठाया और बोला धान मे आग लग गई है।आनन-फानन में थाना को भी इसकी जानकारी दी गई थानाप्रभारी अलोक कुमार दलबल के साथ पुराना जामजोड़ी पहुंचकर खुद भी आग बुझाने के लिए लग गए ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा बड़ा बाबू मिलना मुश्किल है दयामय दास ने बताया कि उक्त धान की खेती करने के लिए गोविंद हेम्ब्रम चिनिश्वर सोरेन तथा विनिश्चय हेम्ब्रम को दिए

थे बताते चलें कि ग्रामीणों के अनुसार उक्त तीनों किसानों ने दयामय दास के खेत मे खेती किया था । उक्त जमीन से उपजे धान को किसान तथा दयामय दास के बीच आधा-आधा बटवारा होना तय था लेकिन धान झडाई के पूर्व ही आग से राख हो गया ।भाग हो सका उससे पहले धान जलकर राख हो गई दयामय दास के एक पुत्र पुत्र वधू तथा दो नाती है। जीविका का मुख्य संसाधन धान ही था। वह भी राख हो गया उन्होंने यह भी बताया कि काल की खाना के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया कि जामजोड़ी पंचायत के मुखिया प्रमिला मुर्मू ने कहा कि व्यवस्था हम करेंगे साथ ही सरकार द्वारा कुछ व्यवस्था किया जाएगा उसका भी पहल करेंगे।मौके पर सुवल दास ,संतोष दास ,श्यामल दास मनतोष दास,परिमल दास आदि ने बताया कि आग्निशामक की व्यवस्था प्रखण्ड स्तर मे होना चाहिए। तभी आग्निशामक काम आ सकगें।

संकुल स्तरीय बालक बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट प्रशांत मंडल

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लिट्टीपाड़ा के प्रांगण में शनिवार को विद्या भारती द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय बालक बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया। इस वर्ग में पाकुड़ संकुल के ऊषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर पाकुड़िया, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा व पाकुड़ के प्रथम से अष्टम वर्ग के बालक व बालिकाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी थाना प्रभारी मिथुन कुमार, मुखिया शिव टुडु ,विद्यालय के सचिव गणेश ठाकुर एवं विभाग सह निरीक्षक रमेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में उषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर पाकुड़िया, सरस्वती शिशु मंदिर हिरणपुर, सरस्वती शिशु मंदिर लिट्टीपाड़ा, एवं सरस्वती शिशु मंदिर पाकुड़ के भैया

बहनों ने कबड्डी,सामूहिक नृत्य, भाषण, अल्पना ,चित्रांकन, 100मीटर दौड़ आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम पाकुड़िया विद्यालय की रिंकी घोष, दूसरा स्थान लिट्टीपाड़ा की राधिका झा,रंगोली में लिट्टीपाड़ा विद्यालय व दूसरा स्थान पाकुड़, 100 मीटर की दौड़ में प्रथम मिथुन सोरेन लिट्टीपाड़ा, दूसरा स्थान रमेश सोरेन पाकुड़िया, भाषण प्रतियोगिता में आशीष कुमार लिट्टीपाड़ा, दूसरा स्थान सावन दास पाकुड़िया, बालिका की कब्बडी में प्रथम लिट्टीपाड़ा, दूसरा स्थान पाकुड़,जबकि बालक कब्बडी में प्रथम पाकुड़िया व दूसरा स्थान लिट्टीपाड़ा ने प्राप्त किया।सभी विजय टीम व प्रति भागियो को कमिटी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य नागेन्द्र झा, नीरज तिवारी, बापिन दास,आचार्य मुकेश कुमार, प्रशांत मंडल, नन्द किशोर मंडल,सोना हेम्ब्रम,भरत पाल, एवं दीदी जी ने सहयोग प्रदान किया।

पारा लुढ़का, सीतलहरी ने बढ़ाई ठंड का प्रकोप.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ में बढ़ रहे शीतलहरी व गिरते पारा ने लोगों को ठंड का एहसास करा दिया है। हालांकि दोपहर में स्थिति सामान्य होती है किंतु जैसे-जैसे शाम होती है पारा गिरने के साथ ही ठंड का प्रकोप बढ़ता जाता है। शनिवार को पारा 12 तक पहुंचने का अनुमान है। लोग गर्म वस्त्र का प्रयोग करने लगे हैं तथा ठंड से बचने का पूरा प्रयास कर रहे हैं । बड़े बुजुर्ग ठंड में बाहर निकलना कम कर दिए हैं तथा उन्नत गर्म कपड़े का प्रयोग कर रहे हैं। ठंड गरीबों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा दिन होता है। जिनका आशियाना नहीं होते सभी को पता है उनका भगवान ही मालिक होते हैं। कई स्थानों पर रेलवे स्टेशन चौक चौराहे बस स्टैंड आदि पर ठिठुरते लोग मिल जाएंगे। उसके साथ साथ पशुओं को भी इसकी सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर ठंड के

प्रकोप को देखते हुए अलाव का व्यवस्था होना चाहिए तथा गरीबों को ठंड से बचाव हेतु कंबल का वितरण करना चाहिए। कई संस्थान एवं समाजसेवी पूर्व में कंबल का वितरण किया है । इसकी आवश्यकता शहरी क्षेत्र में भी महसूस की जा रही है। बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए चौक चौराहों एवं रास्ते के किनारे गर्म कपड़े की दुकानें सज गई है। लोग गर्म कपड़े स्वेटर कंबल आदि क्रय कर रहे हैं। यदि दुकानदार की माने तो उनके अनुसार गर्म कपड़े की बिक्री पिछले वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष कम है । जिससे उन्हें निराशा हाथ लगी है। आवश्यकता इस बात की है कि नगर परिषद क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए ,साथ साथ गरीबों को गर्म वस्त्र प्रदान करना चाहिए।

सीएचसी पाकुड़िया में 17 महिलाओं का किया गया सफल बंध्याकरण.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में सरकार की महत्वाकांक्षी परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत शनिवार को 17 महिलाओं का निःशुल्क बंध्याकरण ऑपरेशन निश्चेतक डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह की अगुवाई में सर्जन डॉ पंकज कुमार विराजी के द्वारा शनिवार को किया गया। इस दौरान प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवो से पहुंची महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। इसके तुरंत बाद ही महिलाओं को सभी जरूरी दवा एवं अन्य सामग्री का भी मुफ्त बितरण किया गया। मौके पर ही सभी लाभार्थियों को उनके खाते में दो हजार रुपये और उत्प्रेरकों को तीन तीन सौ रुपया करके सभी के

संबंधित खातों में हस्तांतरित किया गया, मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अभय कुमार, डॉ गंगा शंकर शाह,` डॉ ए एच मंजर सहित ए एन एम बसंती टुडू ,धने देहरी,अनुपम रोनडा, मंजू लता हेमरोम, पिंकी शीला टुडू,बबीता कुमारी,ज्योत्स्ना मुर्मू, कल्पना कुमारी, शीला कुमारी, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। चिकित्सक प्रभारी डॉ अभय कुमार यादव ने बताया कि यहां नियमित रूप से बंध्याकरण किया जाता है। एवं जरूरतमंदों को इसका लाभ उठाने की अपील की है।

युवाओं के जिंदगी की नई रोशनी बन कर आई है डीडीयू -जीकेवाई

कुंडहित प्रखंड से दैनिक समाज जागरण संवाददाता सेख समीम की रिपोर्ट

शनिवार को कुंडहित प्रखंड मुख्यालय स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के सौजन्य में पांच युवतियों को कौशल प्रशिक्षण हेतु बांकुड़ा रवाना हुए।बताते चले कि उक्त सभी युवतियों को बाँकुड़ा में सिलाई मशीन ऑपरेटर का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाएगा।मौके पर बीपीएम विशेश्वर माझी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना से युवक-युवतियों के हौसले को नई उड़ान मिल रही है।आज हमारे समाज के जो युवा ताश के पन्नो के साथ अपने दिन गुजार रहे थे वे अब रोजगार करते हुए नजर आ रहे हैं।जो नौकरी के लिए दर दर भटक रहे थे,मानो आज उनके घर में रोजगार की नई पतंग खुद उड़ कर आई है।वही मौके पर जेआरपी अब्दुल रज्जाक ने कहा कि डीडीयू -जीकेवाई के तहत सभी युवक -युवतियों को रोजगार के मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि डीडीयू -जीकेवाई के तहत क्षेत्र के युवक- युवती को बांकुड़ा , रांची तथा हजारीबाग में सिलाई मशीन ऑपरेटर का नि शुल्क प्रशिक्षण के उपरांत शत प्रतिशत रोजगार मुहैया कराया जा रहा है।मौके सीसी संतोष मोहाली के अलावे युवक युवतियां उपस्थित थे।

एसडीपीओ ने अभिलेखों का गहन अवलोकन किया.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन शाह

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड के एसडीपीओ नवनीत हेम्ब्रम ने शनिवार को पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीपीओ ने अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। आवश्यकता अनुरूप अभिलेखों के विधिवत संधारण व अद्यतन से संबंधित कई

दिशा निर्देश दिए। साथ ही महेशपुर, पाकुड़िया व रदीपुर ओपी थानों के लंबित कांडों की गहन समीक्षा की एवं लंबित रहने के कारणों की जानकारी पुलिस निरीक्षक शंभु सहाय एक्का से ली।

खरमास में एक महीना नहीं होंगे मांगलिक कार्य, शादी विवाह मुंडन संस्कार रहेंगे बाधित

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़/ हिंदू मान्यता है कि खरमास महीने में कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं । बाकी सब अपने अपने मन और विचार भिन्न हो सकते हैं। अगर पंजिका की माने तो 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ हो चुका है जो 13 जनवरी तक जारी रहेगा इस 1 महीने में कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। इस महीने में सूर्य की चाल धीमी हो जाती है। खरमास में शुभ कार्य से बचना चाहिए। धार्मिक मान्यता है कि हिंदू धर्म में कोई भी शुभ कार्य शुभ मुहूर्त में ही किया जाता है।

क्या होता है खरमास

जब सूर्य मीन राशि में गोचर करता है तब सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं। इस अवस्था में खरमास लगता है । इसे मलमास के भी नाम से जाना जाता है ।इस दौरान सारे मांगलिक कार्य बंद रहते हैं ।इस वर्ष 16 दिसंबर से ही खरमास लग चुका है।

मकर संक्रांति के दिन खरमास होगा समापन

खरमास पूरे 1 महीने का होता है। नए वर्ष में14 जनवरी 2023 को मकर संक्रांति के दिन जब सूर्य मकर

राशि में प्रवेश करेंगे तो खरमास का प्रभाव स्वता समाप्त होगा। सारे शुभ कार्य पुनः प्रारंभ हो जाएंगे।

खरमास में क्या करें क्या नहीं

हिंदू धर्म के मान्यता के अनुसार खरमास महीने को अशुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दौरान कोई भी नए कार्य का शुभारंभ नहीं करना चाहिए, ना नए कार्य के लिए निवेश करना चाहिए। शादी विवाह , सगाई ,मुंडन, गृह प्रवेश, उपनयन संस्कार , आदि नहीं करना चाहिए। इस दौरान घर में आई बहू या बेटी की विदाई भी नहीं करनी चाहिए। जमीन जायदाद वाहन नहीं खरीदना चाहिए।इसके फल अशुभ होते हैं। खरमास के दौरान घर के किसी बड़े बुजुर्ग की अपमान करने से सूर्य और गुरु ग्रह के बुरे प्रभाव पड़ सकते हैं। अतः इस महीने में बड़े बुजुर्गों की पूरी मान सम्मान करें। सूर्य को सभी ग्रहों का राजा माना जाता है और इसका प्रभाव जातकों पर पड़ता है। इस दौरान जप तप करने एवं भगवान हरि की कीर्तन करने से तथा दान पुण्य करना लाभदायक माना गया है।

रास्ता रोककर मारपीट कर हाथ पैर तोड़ने को लेकर थाना में किया शिकायत.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा

पाकुड़ जिला के महेशपुर थाना अंतर्गत रद्दीपुर ओपी क्षेत्र के बांकुड़ा गांव में बीते शुक्रवार को एक व्यक्ति को जान मारने के नियत से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। सैफोर शेख पिता स्वर्गीय गुलजार शेख ने रद्दीपुर ओपी में लिखित शिकायत किया है। वही सैफुर शेख ने जानकारी देते हुए बताया की मेरा बेटा सेलीम शेख शुक्रवार को समय करीब 5 बजे पहाड़ से काम कर बांकुड़ा के रास्ते चोंडीपुर माठ के होते हुए अपने घर लौट रहे थे उसी क्रम में पश्चिम बंगाल के नयनी गंगाड़ा गांव निवासी (1)रफीक शेख पिता रेकैद शेख (2)जाकिर अली उर्फ सोनू शेख पिता ताजेल अली (3)टोटोन प्रमाणिक पिता कटा प्रमाणिक (4)मुज्जाकिर शेख पिता अमीरूल शेख एवं (5)राजू शेख

पिता डोपू शेख (6)परवेज शेख पिता बोदू शेख (7) नाजू शेख पिता डोपू शेख (8) श्यामल भूईमली पिता कार्तिक भूईमाली का थाना मुरारई जिला बीरभूम ने मेरा बेटा का रास्ता रोका एवं रफीक शेख ने पिस्टल से सिर पर जोर से मारा साथ ही टोटन प्रमाणिक के द्वारा मेरे बेटा के जेब में रखे 5 हजार रुपए निकाल लिए एवं लाल रंग का सुपर स्पेल्डर बाइक जिसका नंबर 04 ड 7559 को परवेज शेख के द्वारा छीन लिया गया। साथ ही मेरे बेटे को लोहे के रॉड से बेहिसाब पिटाई किया साथ ही सभी मिलकर जान मारने के नियत से चाकू छोरी से सिर में चोट पहुंचाई गई एवं हाथ पैर को तोड़ दिया गया।

अं मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग की अध्यक्ष को मुंबई में मिला सम्मान

समाज में जागरूक कर रही है जागरूक प्रतिमा पांडेय

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ /हौसले अगर बुलंद हो और दिल में जज्बा हो तो फिर उसे कोई रोक नहीं सकता है। यह कर दिखाया है प्रतिमा पांडे ने जिन्होंने तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए पिछले 1 वर्ष से लोगों को मानवीय अधिकारों के प्रति जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। शहर के छोटी राजबाड़ी की रहने वाली प्रतिमा पांडेय अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग के जरिए समाज को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति निस्वार्थ भाव से दायित्व बोध कराते हुए जागरूक करने का काम किया है। आयोग की पाकुड़ अध्यक्ष प्रतिमा में बदले में कुछ पाने की लालसा बिल्कुल भी नहीं है। इनके इन उत्कृष्ट कार्यो एवं जज्बा को देखते हुए के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर 10 दिसंबर को मुंबई में आयोजित एक समारोह में प्रतिमा पांडेय अवार्ड से सम्मानित किया गया, आयोग ने प्रतिमा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए अवार्ड, गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया है। जो पाकुर जिले के लिए गौरव की बात है।आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष बजाज ने अपने हाथों से प्रतिमा को सम्मानित किया। यह पल प्रतिमा के लिए वाकई में भावुक कर देने वाला था। आयोग की पाकुड़ अध्यक्ष प्रतिमा पांडेय ने बताया कि अक्टूबर 2021 से आयोग से जुड़ी हूं। तब से निस्वार्थ और समर्पण भाव से समाज में जागरूकता लाने के लिए काम कर रही हूं। ताकि लोग अपने अधिकारों को जानें। अपने अधिकारों को हासिल कर सकें। प्रतिमा ने बताया कि बचपन से ही सामाजिक

गतिविधियों से लगाव था। लोगों की सेवा और हक दिलाने की जज्बा थी। लोगों के बीच जाती हूं तो एक अजब सी खुशी महसूस होती है। मुझे उनसे प्यार और मान सम्मान भी मिलता है। उनके भोलेपन, मासूमियत मुझे खींचती है। आज भी लोग अपने अधिकारों से अनजान है। इस बात से मन दुखी भी होता है। उनके दुख दर्द को बांटने की कोशिश करती हूं। अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करती हूं। मुझे पूरी उम्मीद है कि लोग जागरूक होंगे और एक दिन उन्हें उनका हक मिलकर रहेगा। आयोग ने मुझे सम्मान दिया, मैं इसके लिए आभारी हूं। यह निश्चित रूप से मेरे अंदर ऊर्जा का संचार करेगा।

जिदातो इंटर कॉलेज में लेक्चरर भी है प्रतिमा, दान कर देती है सैलरी

प्रतिमा पांडेय शहर के जिदातो इंटर कॉलेज में लेक्चरर भी हैं। साल 2017 में उन्होंने कॉलेज में योगदान दिया। प्रतिमा के मुताबिक कॉलेज से सैलरी के रूप में जो भी राशि मिलती है, वह उसे कॉलेज के विकास और बच्चों के लिए डोनेट कर देती है। पति पिनाकी पांडेय का मिला भरपूर सहयोग

आयोग की अध्यक्ष प्रतिमा पांडेय को अपने नेक काम में पति का भरपूर सहयोग मिला। प्रतिमा ने बताया कि आयोग से जुड़ने और समाज के लिए काम करने में पति पिनाकी पांडेय का हमेशा साथ मिला। मुझे हमेशा प्रेरित करते रहें। मैं जब कभी भी किसी बात से निराशा होती, मेरे पति मुझे निराशा से बाहर निकालते। कॉलेज में मिलने वाली सैलरी डोनेट में भी पति का प्रेरणा रहा है। अनाथ या असहाय बच्चों को मदद पहुंचाने में भी साथ रहते हैं।

जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल 2022-23 प्रतियोगिता का हुआ समापन.

उपायुक्त ने विजेता एवं उप विजेता टीम को मेडल, ट्रॉफी एंव जर्सी देकर सम्मानित किया बालक में पाकुड़, बालिका में पाकुड़ की टीम बनी विजेता.

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ जिला स्टेडियम में पर्यटन, कला -सांस्कृतिक, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड , रांची द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 का समापन हुआ। इस दौरान समापन प्रतियोगिता में उपायुक्त वरूण रंजन, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को मेडल, ट्रॉफी एवं जर्सी देकर सम्मानित किया गया, तथा साथ में रेफरी एवं आयोजन समिति के सदस्य को टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे फाइनल मुकाबला में खेल रही बालक वर्ग में पाकुड़ एवं पाकुड़िया टीम के खिलाड़ियों से सभी मुख्य अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू किया गया। इसके अलावे फाइनल प्रतियोगिता में (बालक वर्ग) पाकुड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुवे पाकुड़िया की टीम

को 5 -3 से पराजित किया। वही महिला वर्ग में पाकुड़ एवं हिरणपुर की टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें पाकुड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुवे हिरणपुर की टीम को 2-0 से पराजित किया।उक्त प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता दोनो टीम दुमका में आयोजित जोनलस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में आयोजित 20 से 23 दिसम्बर को प्रतियोगिता में भाग लेंगी।जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीम को नगद पुरस्कार के रूप में 50000 रुपये एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार के रूप में 25000 दिया जायेगा। साथ ही प्रतियोगिता का सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ए.के. गांगुली, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव श्री रणवीर सिंह, राज कुमार भगत, पंकज अग्रवाल, अशोक कुमार सिन्हा, नारायण चंद्र राय, एम.डी शकील हक, प्रवीण कुमार, कमल मुर्मू, राजा मुर्मू , मृणाल चौरसिया, बम भोला उपाध्याय, जिला खेलकूद के प्रधान सहायिका रूबी झा, मनीष कुमार आदि का अहम योगदान रहा।

महारास मेला में बच्चे के साथ महिलाए भी जमकर मजे ले रहे हैं ।

दैनिक समाज जागरण संवाद दाता फतेहुपर विपुल गोस्वामी

(जामताड़ा) :- फतेहपुर में आयोजित15 दिवसीय महारास मेला का आनंद बच्चे, बच्चियों महिलाए के साथ सभी जनमानस जमकर लुत्फ उठा रहे हैं!

मालूम हो कि महारास मेला में सजी रंग-बिरंगे दुकानों के मन को आकृष्ट करने साथ विभिन्न प्रकार के झूले जैसे मिकी माउस, इलेक्ट्रिक झूला, जंपिंग झूला,ब्रेक डांस, नौका आदि मे बच्चों को काफी लुत्फ उठाते देखे गए! वहीं मेले में आए मौत का कुआं भी युवाओं का आकर्षण का केंद्र बना रहा! साथ ही मेले में लगे चार्ट, चाउमिन, गुपचुप, छोले भटूरे की दुकानों में लोगों की लंबी कतारें भी देखने को मिली एवं सौंदर्य प्रसाधन के दुकानों में महिलाओं को खरीदारी करते देखे गए! कुल मिलाकर कह सकते हैं कि सभी कोई अपने बच्चों एवं परिजनों के संग आकर मेले का भरपूर आनंद ले रहे थे! वहीं मेले से जाने के क्रम में लोग मालपुए की खरीदारी करना नहीं भूल रहे थे!

खतियानी जोहार यात्रा झारखंडी जनताओं के आंखों में धूल झोंकने मात्र है :- माधव चंद्र महतो

फतेहपुर, (जामताड़ा) :- आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव माधव चंद्र महतो ने प्रेस वार्ता कर कहा की वर्तमान झारखंड सरकार के द्वारा सभी प्रमंडल के कई जिलों में प्रस्तावित और कुछ जिलों में संपन्न हुए खतियानी जोहार यात्रा सिर्फ झारखंडी जनताओं के आंखों में धूल झोंकने जैसा है। उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान और २-२३ के रिजर्वेशन में 2% का इजाफा और पिछड़ों को 27% आरक्षण जो फ्लैक्स प्रचार के लिए उन्होंने लगाया है! यह सिर्फ दिखावा है! साथ ही उन्होंने कहा कि चुनावी मेनिफेस्टो में उन्होंने जिन-जिन बिंदुओं को लेकर चुनाव लड़ी थी, उसमें से एक भी पूरी नहीं हो सकी है, कहा कि आने वाले समय में जनता जनार्दन इसका जरूर अनुकूल जवाब देगी!

बिरसा मुंडा क्लब चटकम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का समापन किया गया.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट प्रशांत मंडल

पाकुड़/ लिट्टीपाड़ा प्रखंड बिरसा मुंडा क्लब चटकम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का समापन शुक्रवार को जोरडीहा पंचायत के

मुखिया जोसेफ मालतो व क्लब के अध्यक्ष गोलू पहड़िया के द्वारा किया गया. टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला टुडू स्टार क्लब हरिपुर व बैदा पहड़िया टीम चटकम के बीच खेला गया. जिसमे टुडू स्टार क्लब ने बैदा पहड़िया टीम को प्लेंटी में तीन गोल से पराजित किया गया. विजेता एवं उपविजेता टीम को मुखिया जोसेफ मलतो के द्वारा बीस हजार एवं 15 हजार देकर पुरुस्कृत किया गया. उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा खेल के माध्यम से मासिक व शारीरिक विकास होता है. कहा हेमंत सरकार राज्य में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है. साथ ही सरकार द्वारा स्पोर्ट कोटा से नोकरी भी दे रही है. मौके पर उप मुखिया सुरेश पहड़िया , मुखिया प्रीतिनिधि प्रयादी मुर्मू, भरत बेसरा, रावते पहड़िया, नंदलाल सोरेन सहित अन्य उपस्थिते थे।

झारखंड जनता पार्टी के अध्यक्ष जयंतो बनर्जी के आवासी कार्यालय में नाला विधानसभा क्षेत्र के लगभग 30 मंदिरों के कमेटियों को कंबल दिया गया

नाला प्रखंड से दैनिक समाज जागरण संवाददाता सेख समीम

आज दिनांक 17 दिसंबर 2022 को झारखंड जनता पार्टी के अध्यक्ष जयंतो बनर्जी के आवासी कार्यालय में नाला विधानसभा क्षेत्र के लगभग ३० मंदिरों

के कमेटियों को कंबल दिया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्टी के कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे जिसमें खास करके देवसर मंदिर कमेटी के श्री मागाराम झा महेशमुंडा शिव मंदिर कमेटी के श शमा पदो मांजी साथ में देवली मंदिर, कालीपथर गोर मंदिर, डेमोरिया लक्ष्मी मंदिर, जोर कुड़ी काली मंदिर, अमलाजुरी दुर्गा मंदिर, नोवडिया गोर मंदिर,सियारकेटिया दुर्गा मंदिर, निलजुरिया काली मंदिर, सरजोड़ियां रास मंदिर, नाटूलताला गोर मंदिर साथ में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता श्री दिवाकर मांजी, सागर मांजी, प्रदीप दास, भीम मंडल, रंजीत दास आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

कालाजार खोज अभियान को लेकर सहिया व सेविकाओं को प्रशिक्षण दी गई.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के सभागार में

शनिवार को कालाजार खोज अभियान को लेकर सहिया व सेविकाओं को प्रशिक्षण दी गई. वही प्रशिक्षक किशोर कुमार मंडल ने कालाजार खोज अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सहिया व सेविकाओं को कालाजार उन्मूलन को लेकर आम लोगों को जागरूक करने को लेकर भी कई जानकारी दी गयी।

ड्राइवर यूनियन अपनी मांगों को लेकर डीबीएल कॉल प्रबंधक को दिया आवेदन.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ ड्राइवर यूनियन द्वारा अपनी मांगों को लेकर डीबीएल कॉल प्रबंधक को आवेदन दिया और कहां डीबीएल कोल कंपनी अमडापाड़ा कोयला परिवहन हेतु व्यवहत हाईवा चालकों को श्रम कानून एवं प्राकृतिक नियम के तहत सुविधा मुहैया कराई जाए मांगे इस प्रकार है 1 कंपनी के अंदर चल रहे वाहनों मैं स्थानीय लोगों को रोजगार 2 ड्राइवरों को पीएफ से जोड़ा जाए 3 कोल कंपनी के तरफ से ड्राइवरों को सुरक्षा मुहैया कराया जाए 4 दुर्घटना बीमा पॉलिसी भी कराया जाए की उल्लेखित मांग के संबंध में डीबीएल कंपनी एवं ड्राइवर यूनियन के बीच वार्ता हेतु समय निर्धारित करने का टाइम दिया जाए यदि वार्ता असफल होता है तो हम आगे आंदोलन कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे अगर डीबीएल कोल कंपनी ड्राइवर यूनियन की मांगों को पूरा करने में विफल रहती है तो ड्राइवर यूनियन अनिश्चितकालीन चक्का जाम करेगी